सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 28.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-267 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 07 मार्च 2024
25 शाबान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की सजा


**अपहरण मामला**

- नहीं लड़ पाएंगे लोकसभा चुनाव
- मुठभेड़ में मार गिराने का भी हुआ था दावा

**जौनपुर।** नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल का करीब तीन साल दस महीने पहले अपहरण कराने, रंगदारी मांगने और गालीगलौज कर धमकाने के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह और सहयोगी संतोष विक्रम सिंह को बुधवार को एडीजे चतुर्थ / विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत ने सात-सात साल की सजा के अलावा दोनों अभियुक्तों पर डेढ़-डेढ़ लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि इस मामले में अभियुक्तगण द्वारा जेल में बिताई गई अवधि सजा की अवधि में समायोजित की जाएगी।

### धनंजय पर 43 केस, 22 में दोषमुक्त

जौनपुर के पूर्व सांसद बाहुबली धनंजय सिंह का आपराधिक इतिहास तीन दशक से ज्यादा समय का है। पुलिस डोजियर के अनुसार धनंजय सिंह के खिलाफ वर्ष 1991 से 2023 के बीच जौनपुर, लखनऊ और दिल्ली में 43 आपराधिक मुकदमे दर्ज किए गए। इनमें से 22 मामलों में अदालत ने धनंजय को दोषमुक्त कर दिया है। तीन मुकदमे शासन ने वापस ले लिए हैं। हत्या के एक मामले में धनंजय की नामजदगी गलत पाई गई और धमकाने से संबंधित एक प्रकरण में पुलिस की ओर से अदालत में फाइनल रिपोर्ट दाखिल की गई।



## आगरा में मेट्रो की हुई शुरुआत, पीएम मोदी ने वर्चुअली किया उद्घाटन

# पीएम मोदी के विज़न को पूरा करके दिखाया

**सौगात**

- मुख्यमंत्री ने आगरा मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया
- सीएम योगी ने अतिथियों के साथ मेट्रो का सफ़र किया
- आगरा मेट्रो यूपी की छठवीं मेट्रो है
- सुरक्षा में तैनात रहेंगे 150 जवान



**आगरा।** बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर आगरा में मेट्रो रेल सेवा की शुरुआत की। आगरा मेट्रो देश की पहली मेट्रो बन गई है, जो तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी है।

इस मौके पर ताज महल मेट्रो स्टेशन पर मुख्यमंत्री योगी ने आगरा मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मेट्रो स्टेशन के अंदर एआई से निगरानी की जाएगी। आगरा मेट्रो उत्तर प्रदेश की छठवीं मेट्रो है। सीएम ने कहा प्रधानमंत्री के विज़न को सार्थक रूप से इस कार्य के माध्यम से उत्तर प्रदेश मेट्रो कॉर्पोरेशन ने करके दिखाया है। अब कानपुर, लखनऊ, गाजियाबाद, नोयडा और ग्रेटर नोयडा के साथ आगरा से मेट्रो सेवाएं मिलने लगी है। शुभारंभ के बाद मुख्यमंत्री ने अतिथियों के साथ मेट्रो का सफ़र किया। गुरुवार से आम जनता के लिए आगरा मेट्रो की यात्री सेवा शुरु हो जाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दिसंबर 2021 में आगरा मेट्रो कार्य का शुभारंभ हुआ था और दो वर्ष के अंदर ही प्रायोरिटी सेक्शन के 6 किमी का पहला काम पूरा कर लिया गया। जिसमें तीन एलिवेटेड और तीन भूमिगत मेट्रो स्टेशन है।

### 27 शहरों में चल रहे मेट्रो प्रोजेक्ट

आगरा मेट्रो प्रोजेक्ट के डायरेक्टर अरविंद राय ने बताया कि देश के 27 शहरों में मेट्रो प्रोजेक्ट निर्माणाधीन हैं। इनमें आगरा एक मात्र ऐसा शहर है जहां 23 महीने में मेट्रो सेवा शुरू हो गयी। बाकी शहरों में प्राथमिक सेक्शन में मेट्रो संचालन में तीन से चार साल का समय लगा है।



# सीबीआई की हिरासत में शाहजहां शेख

**कोलकाता।** संदेशखाली मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस से निलंबित नेता शाहजहां शेख को हिरासत में ले लिया। इससे पहले शाहजहां पश्चिम बंगाल पुलिस की सीआईडी की हिरासत में था। 5 जनवरी को राशन घोटाला केस में ईडी शाहजहां के ठिकानों पर छापेमारी करने गई थी। इस दौरान शाहजहां के समर्थकों ने अधिकारियों की टीम पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद से ही वह फरार हो गया था। इस बीच संदेशखाली की महिलाओं ने भी शाहजहां के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इन महिलाओं ने शाहजहां और उसके समर्थकों पर शोषण और जबरन जमीन कब्जाने जैसे कई गंभीर आरोप लगाए। वहीं कई दिनों तक गिरफ्तारी न होने के कारण न्यायालय ने बंगाल पुलिस को कठघरे में खड़ा किया। आखिरकार 55 दिन बाद आरोपी बंगाल पुलिस की गिरफ्त में आया। 5 जनवरी को ईडी की टीम पश्चिम बंगाल के राशन घोटाले में शाहजहां शेख के आवासों पर छापेमारी करने गई थी। इस दौरान ईडी के अधिकारियों की गाड़ियों पर पत्थरबाजी की गई।



# 31 मार्च तक खाली करना होगा अकबरनगर: हाईकोर्ट

**ध्वस्तीकरण मामला**

- हाईकोर्ट ने याचिकाओं पर दिया आदेश
- विस्थापितों को मिलेगा पुनर्वास का लाभ



**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने बुधवार को अकबरनगर में ध्वस्तीकरण के खिलाफ गरीब तबके के सैकड़ों कब्जेदारों की दाखिल 74 याचिकाओं व अर्जियों को निर्देशों के साथ निस्तारित कर दिया। कोर्ट ने आदेश दिया कि अकबरनगर एक व दो के सभी निवासी वहां के विवादित परिसरों को 31 मार्च की मध्यरात्रि से पहले खाली कर दें। इसके बाद पक्षकार अफसर इन परिसरों को खाली करवा सकेंगे। कोर्ट ने कहा, अकबरनगर के ईडब्ल्यूएस वर्ग के पुनर्वासित किए जा रहे सभी आवेदकों को आवास मुहैया कराए जाएंगे। कोर्ट ने पाया कि ये आवेदक आर्थिक तंगी का सामना कर सकते हैं। लिहाजा इनके लिए पंजीकरण धनराशि 5 हजार के बजाय एक हजार रुपये की जाए। ईडब्ल्यूएस वर्ग का फ्लैट मिलने के बाद अगर निर्धारित किस्तों का भुगतान 10 वर्ष में करने में आर्थिक समस्या हो, तो भुगतान की अवधि अधिकतम 5 साल के लिए और बढ़ा दी जाएगी।

# ईडी केजरीवाल के खिलाफ पहुंची कोर्ट

- सीएम केजरीवाल के खिलाफ ईडी ने दाखिल की नई शिकायत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट का रूख किया है। ईडी ने एक और शिकायत दी है। इस मामले पर सात मार्च को सुनवाई है। प्रवर्तन निदेशालय ने पहले भी सीएम केजरीवाल के खिलाफ समन के का पालन न करने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। शिकायत भी दर्ज हुई थी। उस मामले में सुनवाई 16 मार्च को है। प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में बार-बार समन का पालन न करने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक नई शिकायत दिल्ली कोर्ट में दी है। ईडी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने चार से आठ समन का पालन नहीं किया है। जिसके बाद एसीएमएम दिव्या मल्होत्रा ने ईडी की शिकायत को सूचीबद्ध कर लिया है और सात मार्च को सुनवाई के लिए तारीख निर्धारित की है। जानकारी के लिए बता दें कि दिल्ली शराब नीति मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के संबंध में अरविंद केजरीवाल को ईडी ने आठ समन जारी किए हैं।



# शासकीय योजनायें:'लोक हितकारी कार्य लयबद्ध विकास' पर गोष्ठी का किया गया आयोजन

अवधनामा, संवाददाता।




**लखीमपुर खीरी।** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन 'शासकीय योजनायें-लोक हितकारी कार्य लयबद्ध विकास' पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नरेन्द्र कुमार अपर जिला सूचना अधिकारी, विशिष्ट अतिथि राजेश बर्नवाल फ़ील्ड पब्लिसिटी ऑफिसर, केंद्रीय संचार ब्यूरो एवं एन एस एस प्रभारी प्रो0 सुभाष चन्द्रा व प्रधानाध्यापिका शहनाज बेगम ने दीप प्रज्वल कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। गोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते हुए प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा ने राज्य का दायित्व एंव लोक कल्याणकारी योजनाओं के महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि अपर जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र कुमार ने केन्द्र एंव राज्य सरकार द्वारा जनहित में चलायी जा रही गरीब कल्याण योजना, किसानों की प्रगति, बालिका शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा ट्रेनिग, हर घर, नल का का जल, आयुष्मान भारत, कन्या सुमंगला तथा स्पांसरशिप योजना,प्रधानमंत्री एवं मुख्य मंत्री आवास योजना, सड़क, मुद्रा,विश्वकर्मा,योजना तथा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' की पहल आदि के बारे में विस्तार से बताया तथा संबधित योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्रता एव डोक्यूमेंटेशन के बारे में भी जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने टैगोर इकाई के स्वंयसेवकों द्वारा किये जा रहे सामुदायिक सेवा संबंधी कार्यो की प्रसंशा की तथा स्वयंसेवकों से आग्रह किया वे जनहित में सरकारी योजनाओं की जानकारी जरूरतमंद लोंगों तक पहुचायें जिससे कि वे अधिक से अधिक संख्या में इनका लाभ उठा सकें। विशिष्ट अतिथि भूतपूर्व फील्ड पब्लिसिटी ऑफीसर, केन्द्रीय संचार ब्यूरो राजेश बनवाल ने एन0 एस0एस0 कोलेन्टियर्स को वैज्ञानिक दुष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथ किताबों का नियमित अध्यन, डिजिटल लाइबदेरी, सरकारी एप व साइटों का उपयोग कर जानकारी हासिल करने की सलाह दी। कार्यक्रम में दूरदर्शन संवाददाता शकील अहमद ने भी स्वयंसेवकों को सम्बोधित किया। गोष्ठी के पश्चात स्वयंसेवकों ने ग्राम बाजपेई में घर-घर जाकर सरकारी योजनाओं से सम्बधित पेम्पलेट, ब्रोशर एवं पोस्टर वितरित कर ग्रामवासियों को विविध योजनाओं की जानकारी दी।

सात दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में विशेष शिविर के दूसरे दिन' स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छता ही ही सेवा' विषय पर गोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रो. सुभाष सुभाष चन्द्रा ने इस अवसर पर स्वयंसेवकों को सप्ताह में 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय के असिस्टंट प्रोफेसर डा0 मानवेन्द्र यादव एवं डॉ रचित कुमार ने स्वंयसेवकों को स्वच्छता के महत्व को विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से बताया तथा न गन्दगी करेंगे और न गंदगी करने देंगे का पाठ पढ़ाया। गोष्ठी के पश्चात 'स्वच्छता ही सेवा' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में लक्ष्मी प्रथम, तृप्ति द्वतीय तथा विवेक निषाद तृतीप स्थान पर रहे। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मानवेद्र यादव एवं डा0 रचित कुमार ने निर्णायक मण्डल के सदस्य के रूप में सक्रिय योगदान दिया।

इसी क्रम में प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने स्वंयसेवकों तथा विद्यालयी बच्चों को स्वच्छता शपथ दिलाई। द्वतीय सत्र में एन एस एस स्वयंसेवकों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय परिसर का सौन्दयीकरण किया।कार्यक्रम में बाजपई विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र छत्रायें उपस्थित रही।

## युवा अपने कर्तव्यों व राष्ट्रीय सरोकारों के प्रति जागरुक रहें: वीरेन्द्र आज़म

*सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में 'जागृति' का विमोचन*

**सहारनपुर, संवाददाता।** केवल पुलों, सड़कों और अट्टालिकाओं को ऊंचा करने से देश विश्व गुरु नहीं हो सकता। देश को विश्व गुरु बनाने के लिए हमें, विशेषकर युवाओं को अपनी संस्कृति और संस्कारों के प्रति, अपने कर्तव्यों व राष्ट्रीय सरोकारों के प्रति जागरुक रहना होगा। हमें उन शक्तियों के प्रति चिन्तनशील और चौतन्य भी रहना होगा, जो हमारी संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास कर रही है। साहित्यकार डॉ. वीरेन्द्र आज़म ने यह बात शहर की प्रसिद्ध शिक्षण संस्था स्टार पेपर मिल्स सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज व कमला देवी बाजोरिया सरस्वती शिशु मन्दिर की संयुक्त वार्षिक पत्रिका 'जागृति' के विमोचन कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रुप में सम्बोधित करते हुए कही।

# 148.29 लाख की लागत वाली चार विकास परियोजनाओं का किया वर्चुअल लोकार्पण

अवधनामा, संवाददाता।



**लखीमपुर खीरी।** लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष विभाग की ₹238 करोड़ की 271 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसी क्रम में सीएम ने खीरी जिले में आयुष विभाग की 148.29 लाख की लागत से निर्मित 04 विकास परियोजनाओं को वर्चुअल लोकार्पित किया।

इस लोकार्पण कार्यक्रम में खीरी जिले में कलेक्ट्रेट में भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसमें लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सीएम योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन को सुना गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ हरवंश कुमार ने किया।जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने क्षेत्रीय यूनानी आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ हरवंश, प्रभारी जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ अर्चना वर्मा एवं उनकी पूरी टीम की मौजूदगी में विकास परियोजनाओं का पर भौतिक रूप से लोकार्पण किया।

### इन परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण

113.30 लाख की लागत से निर्मित जिला होम्योपैथिक अधिकारी कार्यालय और 29.01 लाख से निर्मित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय सलेमपुर, 2.99-2.99 लाख की लागत से निर्मित आयुष मिशन के तहत आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर (राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय फरधान) और आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर (राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय पिपरागूम)।

इस कार्यक्रम में डॉ मुनीद्र प्रताप, फार्मासिस्ट प्रतीक्षा वर्मा, खालिद उल्ला खान सहित कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल से अवर अभियंता विवेक बाजपेई, कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस सहायक अभियंता अनुराग कुमार, अवर अभियंता सुशील वर्मा मौजूद रहे।

## 02 नफर वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी– थाना खीरी पुलिस द्वारा 02 नफर वारंटी अभियुक्तों रामस्वरुप पुत्र बदलू नि0 शंकरपुर थाना व जिला खीरी सम्बन्धित केस न0 3268/15 धारा 279/304 भादवि 2.अभि0 सुशील पुत्र गया प्रसाद निवासी ग्राम कदिया पुर थाना व जिला खीरी सम्बन्धित वाद संख्या 2235/21 ,अ0स0 99/97 धारा 25 आर्मस एक्ट थाना खीरी जिला खीरी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# जनपद स्तरीय सन्दर्भदाताओं ने ब्लाक स्तरीय सन्दर्भदाताओं को किया प्रशिक्षित



अवधनामा, संवाददाता।

**गोंडा!** बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दर्जीकुआं गोण्डा में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण चार मार्च से छः मार्च तक तीन दिवसीय आउट ऑफ स्कूल बच्चों के विशेष प्रशिक्षण हेतु ब्लॉक स्तरीय संदर्भ दाताओं का प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गोंडा मे संपन्न हुआद्य ब्लॉक स्तरीय संदर्भ दाताओं का यह प्रशिक्षण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव के निर्देशन एवं प्राचार्य जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान, अतुल कुमार तिवारी के संरक्षण और प्रेम शंकर मिश्रा जिला समन्वयक सामुदायिक शिक्षा के देखरेख में आयोजित किया गया द्य जनपद स्तरीय सन्दर्भदाता जयप्रकाश यादव (एआरपी ) पंडरी कृपाल गोंडा, प्रिया चतुर्वेदी, राघवेंद्र प्रताप, अर्चना शुक्ला ने संदर्भ दाता की भूमिका का निर्वहन किया। प्रशिक्षण में ब्लॉक स्तरीय संदर्भ दाताओं से 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को जो कभी भी विद्यालय में नहीं आए हैं या विद्यालय आने के बाद अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी किए बिना विद्यालय से बाहर चले गए हैं । उन बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के धारा 4 के अनुसार विशेष रूप से विभिन्न विषयों के संघनित पाठ्यक्रम के माध्यम से शिक्षित करने की बात की गई। प्रशिक्षण में तोताराम पांडेय, भोला प्रसाद, सुरजीत मौर्य,बलजीत सिंह कनौजिया, सुनील कुमार वर्मा,संदीप यादव बबिता शुक्ला, अनिल कुमार चौरसिया, अजय कुमार साहू,गोपाल जी श्रीवास्तव सहित अस्सी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

**○ शारदा स्कूल हर दिन आएं से संबंधित प्रशिक्षण डायट दर्जीकुआं पर हुआ सम्पन्न**

## सामूहिक विवाह लाभार्थी कन्याओं के खातों में पहुंची धनराशि

**लखीमपुर खीरी।** 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' के तहत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में दिसंबर माह में 14, 16 एवं 20 दिसंबर को आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 1003 जोड़ों और जनवरी माह में 1029 जोड़ों का उनके धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न कराया गया। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत इस वित्तीय वर्ष में कुल 2032 सामूहिक विवाह योजना के लाभार्थी कन्याओं के खाते में भुगतान धनराशि रू. 35 हजार की दर से उनके आनलाईन अंकित बैंक खातों में स्थानान्तरित कर दी गई। वर्तमान में इस योजना के तहत लाभान्वित किसी भी पात्र लाभार्थी कन्या का भुगतान अवशेष नहीं है। बताते चलें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से जिले में जनप्रतिनिधियों एवं अफसर की मौजूदगी में सामूहिक शादी समारोह का पूरी भव्यता केसाथ आयोजन किया गया।

# मण्डल में नहीं है कोई भी आवेदन पत्र लम्बित

**समयबद्धता एवं गुणवत्ता के आधार पर किया जा रहा आवेदन पत्रों का निस्तारण**

**सहारनपुर, संवाददाता।** मण्डलायुक्त डा.हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में एमएसएमई नीति-2017 के अन्तर्गत निवेश आधारित अनुमन्य सुविधाएं प्रदान कराये जाने हेतु बैठक आहूत की गयी। मण्डलायुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में पूर्व में लेटर ऑफ कम्फर्ट प्राप्त इकाई मै.लियो आर्ट इण्डिया प्रालि को 49,05,112 रूपये को प्रतिपूर्ति हेतु वित्तीय स्वीकृति का निर्णय समिति द्वारा लिया गया। इसी प्रकार पूर्व में एमएसएमई नीति-2017 के अन्तर्गत आवेदित सभी इकाईयों के आवेदन पत्र निस्तारित कर दिये गये है। अब सहारनपुर मण्डल में कोई आवेदन पत्र लम्बित नहीं है। मण्डलायुक्त ने बताया कि शासन द्वारा एमएसएमई के तहत निर्धारित अनुमन्य सभी सुविधाओं का लाभ निवेशकों को दिया जा रहा है। निवेशकों की समस्याओं का निस्तारण समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है जिससे मण्डल में निवेश को प्रोत्साहन मिल सके और अधिक से अधिक रोजगार सृजन कर मण्डलवासियों को लाभान्वित किया जा सके। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग श्रीमती अंजू रानी, ज्वाईट कमिश्नर प्रशासन व्यापार कर नवीन कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, एलडीएम प्रवीण जमुआर, उपायुक्त उद्योग वीरेन्द्र कुमार कौशल, यूपीकॉन, लखनऊ से नामित सीए आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कस्बा मोहम्मदी का बेटा दिल्ली यूनिवर्सिटी के जाकिर हुसैन कॉलेज में बना स्थाई प्रोफेसर

अवधनामा, संवाददाता।



**मोहम्मदी-खीरी।** इस कॉलेज का अपना एक लंबा इतिहास रहा है। जाकिर हुसैन कॉलेज ने 300 सालों से अधिक अपने इतिहास में कई दौर की जिंदगी जी है। इसमें मुगल शासन, कंपनी राज, 1857 का विद्रोह, ब्रिटिश साम्राज्य, विभाजन और स्वतंत्रता शामिल है। दिल्ली कॉलेज को 1857 के विद्रोह के दौरान लूटा भी गया था। 1975 में यह कॉलेज डॉ. जाकिर हुसैन के नाम पर जाना गया। आगे चलकर 2010 में यह कॉलेज जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज हो गया। इस ऐतिहासिक कॉजेल में डॉ. आशीष त्रिपाठी का इतिहास विभाग में सहायक प्रोफ़ेसर के पद पर स्थायी चयन होना गर्व का विषय है । डॉ. आशीष त्रिपाठी अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरूजनो को दिया ।दिल्ली विश्वविद्यालय में डॉ. आशीष त्रिपाठी की स्थाई नियुक्ति जाकिर हुसैन कॉजेल में होने से घर परिवार एवं कस्बे में हर्ष का विषय है ।

डॉ. आशीष ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला (खीरी) से प्रारंभिक पढ़ाई के बाद में एमए, एमफिल और पीएचडी की डिग्री भी दिल्ली विश्वविद्यालय से ही प्राप्त की है । सहायक प्रोफ़ेसर के पद पर स्थाई नियुक्ति होने पर डॉ.आशीष के पिता राकेश त्रिपाठी व माता सुषमा त्रिपाठी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा यह सब परिश्रम का ही परिणाम है और इस परिश्रम के पीछे गुरुजनों का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है।

# 'अबकी बार 400 पार' के लिए बीजेपी ने कसी कमर

अवधनामा, संवाददाता।




**नवाबगंज गोंडा।** भारतीय जनता पार्टी अबकी बार 400 पार के मोदी के सपनो को साकार करने के लिए कमर कस चुकी है आप महिलाओ का योगदान भरपूर चाहिए प बंगाल मे महिलाओ का जो उत्पीडन हुआ है ऐसी कोई भी घटना ना हो इसके लिए पार्टी हाथो का मजबूत करे प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल से वर्चुअल महिलाओ को संबोधन प्रसारण बाद भाजपा महिला मोर्चा मंत्री ममता पांडेय ने बुधवार को ब्लाक सभागार मे महिलाओ को संबोधित कर कहा।

जैसा कि मालूम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल से महिलाओं को एक वर्चुअल मीटिंग कर महिला सशक्तिकरण के बारे बताया इस लाइव प्रसारण को ब्लाक सभागार मे महिला नेत्री ममता पांडेय जनार्दन प्रसाद तिवारी व अनुपम मिश्र की मौजूदगी मे आशाबहूसखी समूह आंगनबाड़ी सहित सैकड़ों महिलाओ की मौजूदगी मे लाइव प्रसारण महिलाओ ने देखा वही बीच बीच मे उपस्थित महिलाओ ने मोदी मोदी के नारे लगाया प्रसारण बाद महिला मोर्चा मंत्री ममता पांडेय ने उपस्थित महिलाओं को मोदी सरकार के 400 पार के लक्ष्य के सपने को पुरा करने के लिए जुट जाने की अपील किया इस दौरान उन्होंने बताया कि मोदी सरकार जब से आयी है महिलाओं की राजनीति सहित हर विभाग मे भागीदारी बढी है जो कि महिलाओ के लिए गर्व का विषय है इस बैठक मे मौजूद महिलाओं ने भाजपा नेत्री साथ शेल्फी ली वही मोदी सरकार 400 पार के लक्ष्य को पुरा करने का संकल्प भी लिया तथा भाजपा नेत्री ने महिलाओ को माला पहनाकर स्वागत किया है ।

इस मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद तिवारी अनुपम मिश्र कीर्तीवर्धन पांडेय, प्रधान लालजी सिंह दुर्गा सिंह रज्जन पांडेय रामबहादुर चौहान संतोष कुमार उर्फ थुल्लुर शुक्ला अखिलेश कुमार अमित पांडेय सुमित मिश्रा सहित तमाम महिलाएं व लोग मौजूद रहे।

## कॉलोनी में टावर हटवाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

सहारनपुर। गोपाल नगर शनिदेव मंदिरवाली गली में टावर को हटवाने की मांग को लेकर कॉलोनीवासियों ने नगर मजिस्ट्रेट को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। गोपाल नगर शनि देव मंदिर वाली गली के कॉलोनी वासियों ने आज नगर मजिस्ट्रेट को पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी गली में टावर को बिना अनुमति के छत पर लगाया जा रहा है, जिससे समस्त कॉलोनी वासीयो में रोष है। कॉलोनी वासियों ने नगर मजिस्ट्रेट को दिए पत्र में गली में बिना अनुमति के लगाए जाने वाले टावर को हटवाने की मांग की। मांग पत्र देने वालों में बाला, गीता, अनिल कुमार, सोहनलाल, किरण, उषा, बबली, रेखा रानी, काजल, ज्योति, सुमन, नीलम, शालू समेत कई कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

## बरसात व ओलावृष्टि में बर्बाद हुयी फसलों का किसानों को मिले उचित मुआवजा

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील सदर पर प्रदर्शन किया**

**सहारनपुर।** बरसात व ओलावृष्टि से नष्ट हुयी फसलों का उचित मुआवजा दिये जाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज तहसील सदर पर प्रदर्शन किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। आज महानगर कांग्रेस अध्यक्ष वरुण शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता तहसील सदर पहुंचे और बरसात व ओलावृष्टि के कारण फसलों को हुए भारी नुक्सान का आंकलन कर उचित मुआवजा दिये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। वरुण शर्मा ने कहा कि आज भारी वर्षा और ओलावृष्टि के चलते किसने की फैसले बर्बाद हो गई और देश का अन्नदाता किसान आज भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। हम किसानों को हुए भारी नुकसान के लिए शासन से उचित मुआवजे की मांग करते हैं। कांग्रेसजनों में प्रदेश सचिव अशोक सैनी, पूर्व मंत्री शायान मसूद, मनीष त्यागी, नरेंद्र शर्मा, धर्मपाल जोशी, चंद्रजीत सिंह निक्कू, अक्षय चौधरी, गौरव वर्मा, अमरदीप जैन, इरशाद प्रधान, प्रभजीत सिंह, अनिरुद्ध गुरुग आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जयंत चौधरी ने सभी वर्ग को हमेशा बराबर का सम्मान दिया: चौ.नीरपाल



हकीकत नगर स्थित कार्यालय पर बैठक को संबोधित करते चौ.नीरपाल सिंह

अवधनामा, संवाददाता।

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि पार्टी नेता जयंत चौधरी ने परिवारवाद राजनीति से बहुत ऊपर उठकर देश के करोड़ों युवाओं, किसानों के भविष्य के लिए जो सपना भारत रत्न किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने देखा था उसे पूरा करने का काम जयंत चौधरी कर रहे है। जयंत चौधरी चाहते तो बागपत से स्वयं चुनाव लड़ सकते थे या फिर चारु चौधरी को चुनाव लड़वा सकते थे। लेकिन उन्होंने सिद्ध कर दिया कि रालोद का एक एक कार्यकर्ता जयंत चौधरी का परिवार हैं। हकीकत नगर स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि पार्टी नेता जयंत चौधरी ने सभी वर्ग को हमेशा बराबर का सम्मान दिया है। इसी कड़ी में पुरकाजी से रालोद के दलित विधायक अनिल कुमार को उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया है और गुर्जर समाज के लोकप्रिय कद्दावर नेता मीरापुर विधानसभा से विधायक चंदन सिंह चौहान को बिजनौर से लोकसभा प्रत्याशी बनाया गया है, और डा राजकुमार सांगवान को बागपत से लोकसभा प्रत्याशी बनाकर जयंत चौधरी ने सभी पार्टियों को आईना दिखाने का काम किया है। जयंत चौधरी ने अपनी लोकसभा की 50 सालो से परंपरागत सीट बागपत को भी त्याग कर रालोद के वफादार सेवक राजकुमार सांगवान को बागपत से लोकसभा चुनाव लड़ाने का फैसला करके सभी को चौकाने का काम किया है। चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत से लोकसभा चुनाव में लग जाए। अबकी बारी रालोद भाजपा गठबंधन 400 के पार का लक्ष्य लेकर चलना है। खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर व महानगर अध्यक्ष चौ.अरविन्द मलिक ने मुख्यमंत्री योगी से मांग करते हुए कहा की भारी बारिश व ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा मिलना चाहिए। बैठक में कमल सोनकर, विशाल मलिक, अनुज कुमार, मुकुल, चौ.आशीष, गौरव, जैम्स, रवि पंवार आदि मौजूद रहे।

# थाना नकुड़ पुलिस ने कार से बरामद की 38.35 लाख की नगदी

अवधनामा, संवाददाता।

**कैश व कार के संबंध में संतोषजनक जवाब न देने पर पुलिस ने की कार्रवाई**



कार से बरामद लाखों की धनराशि को गिनती पुलिस

**सहारनपुर।** थाना नकुड पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत की जा रही सघन चैकिंग के दौरान संदिग्ध कार से 38 लाख 35 हजार रुपये की धनराशि बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में अपराध नियंत्रण एवं संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की सघन चैकिंग की जा रही है। इसी क्रम में थाना नकुड़ प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे थाना नकुड़ पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान आज कस्बा नकुड़ जनक बाजार में एक गाडी को गैर प्रान्त की होने के कारण संदिग्ध लगने पर रोककर चैक किया गया, तो गाड़ी में पाँच व्यक्ति सवार मिले, जिनके कब्जे से तलाशी के दौरान 38 लाख 35 हजार रूपये बरामद किए। जिनसे कैश तथा कार के सम्बन्ध में प्रपत्र मांगे गये तो कोई प्रपत्र नहीं दिखा सकें और न ही सन्तोषजनक जवाब दे पाये। उपजिलाधिकारी नकुड़ को अवगत कराते हुए नायाब तहसीलदार की मौजूदगी में संदिग्ध 38,35,000 रूपये को थाना नकुड़ पुलिस द्वारा कब्जे में लिया गया।

गाडी को धारा 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया तथा रूपयों की बरामदगी के संबंध में अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु एसडीएम एवं पुलिस उपाधीक्षक की कमेटी बना जांच की जायेगी और आयकर विभाग को भी सूचित किया जायेगा। पूछताछ के दौरान सभी व्यक्तियों ने बताया कि वह लोग राजपुरा पटियाला पंजाब जा रहे थे, जहाँ पर यह कैश हमे किसी व्यक्ति को देना था। इस सम्बन्ध में अग्रिम जांच की जा रही है।

कार में जाहिद पुत्र अशफाक निवासी म.नं. सेवक इन्कलेव कालोनी थाना राजपुरा सिटी जिला पटियाला पंजाब, मौहम्मद इस्तिकार पुत्र भूरा निवासी ग्राम बसी कलां थाना शहापुर जिला मुजफ्फरनगर, नूर आलम पुत्र इरशाद कुरैशी निवासी म.नं. 72 गुलाब गढ रोड थाना डेरा बसी जिला मोहाली पंजाब, राकिब पुत्र अफजाल कुरैशी नि0 मिर्च मण्डी राजपुरा थाना सिटी कोतवाली जिला पटियाला पंजाबा, अरशद पुत्र इस्लाम कुरैशी निवासी मिर्च मण्डी राजपुरा थाना सिटी कोतवाली जिला पटियाला पंजाब सवार थे। नकदी बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा, उपनिरीक्षक मौ.जहांगीर, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, हैड कांस्टेबल हरेन्द्र कुमार, कपिल कर्दम व कांस्टेबल सुनील कुमार शामिल रहे।

# महिलाओं ने सुना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन

अवधनामा, संवाददाता।



**सहारनपुर।** नुमाइश कैम्प स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री गौ देवी मन्दिर परिसर में आज नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव संबोधन सुना, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को देश के लिए शर्मसार करने वाला मुद्दा बताते हुए कहा कि नारी का सम्मान देश में सर्वोपरि था और रहेगा। लेकिन टीएमसी सरकार नारी के सम्मान को बचा पाने में आगे नहीं आ रही है। नुमाइश कैम्प स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री गौ देवी मन्दिर परिसर में आज विजयकांत चौहान के नेतृत्व में प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन का आयोजन किया गया, जिसमें महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी के साथ कई भाजपा कार्यकर्ता व महिलाएं मौजूद रही और प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि टीएमसी की सरकार में नारी शक्ति पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है संदेश खाली में जो हुआ उसे किसी का भी सिर शर्म से झुक जाएगा और यहां की टीएमसी सरकार को महिलाओं के दुख से कोई फर्क नहीं पड़ता। ममता बनर्जी की सरकार संदेश खली के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी शक्ति लग रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दूसरी ओर भाजपा की केंद्र सरकार है। बलात्कार, रेप जैसे संगीन अपराध के लिए फांसी की व्यवस्था की। लेकिन टीएमसी सरकार इसे पश्चिम बंगाल में लागू नहीं होने दे रही है। महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने कहा कि पिछले 10 वर्षो में भाजपा की सरकार ने हर क्षेत्र में सहारणीय कार्य किए हैं अन्य विकास कार्यो को देखते हुए सहारनपुर की जनता इस बार भाजपा का सांसद बनने का पूरा मन बना रखा है। इस मौके पर मुख्य रूप से महानगर महामंत्री एवं अभियान संयोजक योग चुघ, राकेश जैन, हेमंत अरोड़ा, संजीव वालिया, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, अमित चौधरी, नीरज गुप्ता, नीरज महेश्वरी, आरती शर्मा, सारिका गुप्ता, विजयकांत चौहान आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अवधनामा

लखनऊ, गुरुवार, 07 मार्च, 2024



# सि-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों का 100 मिनट में हो निस्तारण

अवधनामा संवाददाता





**देवरिया।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण समिति से संबंधित टीमों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज विकास भवन स्थित गांधी सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में एडीएम प्रशासन ने सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के संबन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबन्धी दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील होते हैं, इसमें लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है।

एडीएम प्रशासन ने बताया कि आगामी चुनाव में सि-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि इस एप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रीयल टाइम तस्वीर अथवा वीडियो अपलोड करेगा जिसका 100 मिनट की समयसीमा में निस्तारण अनिवार्य होगा। सि-विजिल एप पर पुराने वीडियो या तस्वीर अपलोड करने की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। फ्लाइंग स्क्वायड टीम अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहेगी और सि-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करेगी। जनपद में विधानसभावार तीन-तीन एफएसटी टीमों का गठन किया गया है, जो शिफ्टवार सक्रिय रहेगी। स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) जनपद की सीमा एवं चेकिंग पॉइंट पर विशेष सतर्कता बरते और संदेहास्पद वाहनों की गहनता से जांच कर शराब, ड्रग्स, शस्त्र, बड़ी मात्रा में कैश, गिफ्ट आइटम, जेवरात आदि की आवाजाही की निगरानी करे। उन्होंने सभी टीमों को हिदायत भी दी कि शादी-विवाह के सीजन में वैध धन की आवाजाही पर किसी प्रकार की रोक नहीं रहेगी, किंतु धन के स्त्रोत एवं गंतव्य का प्रमाण होना चाहिए। वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल कुमार पांडेय ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने इस बार चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली (ईएसएमएस) एप जारी किया है, जिसे गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से मतदाताओं को लुभाने के अनुचित साधनों पर निगरानी की जाएगी तथा एफएसटी तथा एसएसटी द्वारा जब्त की जाने वाले कैश, शराब, ड्रग्स, शस्त्र व अन्य गिफ्ट आइटम आदि का ऑनलाइन रिकॉर्ड रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव कराने तथा प्रत्याशियों को एकसमान प्रतिस्पर्धी वातावरण उपलब्ध कराने के लिए उड़न दस्ता, स्थैतिक निगरानी टीम, व्यय परीक्षक व वीडियो निगरानी टीम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत एफएसटी, एसएसटी, व्यय परीक्षक एवं वीडियो निगरानी टीम का हुआ प्रशिक्षण**

## स्नातक स्तर के 138 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन

**बांसी सिद्धार्थनगर।** स्थानीय सिद्धार्थ महाविद्यालय कम्हरिया खूर्द के परिसर में स्नातक स्तर के तृतीय व पंचम सेमेस्टर में अध्ययनरत 138 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक पाल नें उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर स्तर पर ग्रामीण परिवेश के छात्र-छात्राओं की दशा एवं दिशा सुधारने के लिए कृत संकल्पित है। साथ ही महात्मा बुद्ध की जन्म स्थली की ऐतिहासिकता एवं पौराणिक उद्धरणों को जोड़ते हुए छात्र छात्राओं को राष्ट्र के साथ-साथ अपने माता-पिता के नाम को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं नें सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए सूर्य बक्श पाल पोस्ट ग्रेजुएट कालेज के प्राचार्य डॉ. अजीत प्रताप सिंह नें स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में पधारे हुए आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# कुशीनगर एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू होने की जगी उम्मीद

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट कुशीनगर का डीवीओआर (वेरी हाई फ्रीक्वेंसी ओमनी रेंज डॉप्लर) सिस्टम स्थापित होने के बाद कैलिब्रेशन हो गया है। इसकी कमीशनिंग की प्रकिया भी शुरू हो गई है। इसी महीने अनुमति मिलने की उम्मीद है। वहीं, इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) स्थापित करने के लिए निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इंस्ट्रूमेंट रूस से दिल्ली पहुंच गया है। ट्रायल प्रक्रिया पूरी होने के बाद कुशीनगर एयरपोर्ट लाया जाएगा। आधुनिक तकनीक से लैश होने के बाद एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू होने की उम्मीद बढ़ गई है।

अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अब तक डीवीओआर सिस्टम नहीं होने से एयरक्राफ्ट फ्रीक्वेंसी नेविगेशन एड्स विमान को रास्ता नहीं दिख रहा था। इसके लिए गोरखपुर के एयरपोर्ट की मदद ली जा रही थी। आईएलएस के लग जाने के बाद कोहरा, बारिश और रात में रनवे पर विमान की लैंडिंग और टेकऑफ में कोई दिक्कत नहीं होगी। एयरपोर्ट का लोकार्पण 20 अक्टूबर 2021 को पीएम नरेंद्र मोदी ने किया था। इसके बाद यहां से प्रमुख महानगरों के लिए उड़ान की योजना बनी थी। लेकिन, वह सफल नहीं हो सकी और सिर्फ दिल्ली तक की उड़ान सीमित रह गई। वह भी उड़ान फिलहाल बंद है। इसका पूरा नाम इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम है।

यह हवाई अड्डे पर विमानों के लैंडिंग और टेकऑफ में सहायक होता है। यह हवाई अड्डे पर विमानों के लैंडिंग और टेकऑफ में सहायक होता है। आईएलएस एक रनवे पर लगे उपकरणों का एक समूह होता है, जिसमें माध्यम से एटीसी और पायलट को सटीक सूचना दी जाती है।

### यह है डीवीओआर की खासियत

डीवीओआर के रडार के जरिए एटीसी कंट्रोलर के कंप्यूटर पर एयर ट्रैफिक के साथ ही टर्मिनल क्षेत्र में विमान की स्थिति दिखती है। डीवीओआर अंतरराष्ट्रीय मानक नेविगेशनल सुविधा है, जो हवाई अड्डों और रन-वे पर स्थित ग्राउंड रेडियो बीकन से सर्वदिशात्मक संकेत भेजकर विमान को उनके दृष्टिकोण में सहायता करता है। डीवीओआर के जरिये हर मौसम में विमान की लैंडिंग हो सकती है। डीवीओआर विश्व की आधुनिकतम तकनीक पर आधारित है। जिसका इस्तेमाल दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद जैसे एयरपोर्ट पर हो रहा है।

एयरपोर्ट पर डिवीओआर का इंस्टालेशन होने के बाद कैलिब्रेशन हो गया है अब कमीशनिंग प्रकिया शुरू हो गई है जो इसी महीने पूरी कर ली जाएगी। आईएलएस का सिविल वर्क पूरा हो गया है। इसमें लगने वाले इंस्ट्रूमेंट दिल्ली आ गए हैं और उसकी टेस्टिंग भी हो गई है। वहां से कुशीनगर के लिए चल दिया है।

**राजेंद्र प्रसाद लंका, एयरपोर्ट डायरेक्टर कुशीनगर**

# घमंडिया गठबंधन सिर्फ अपने परिवार के लिए है : अमित शाह

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को महाराष्ट्र के जलगाँव में युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि नए भारत का निर्माण करने वाले मोदी जी के खिलाफ जो घमंडिया गठबंधन एकजुट होने का नाटक कर रही है, उनकी सच्चाई यह है कि जिस गठबंधन के अंदर खुद लोकतंत्र नहीं है वो देश में लोकतंत्र क्या स्थापित करेगी।

मोदी जी के विरुद्ध घमंडिया गठबंधन का एक ही लक्ष्य है कि सोनिया गांधी को राहुल को पीएम बनाना है, शरद पवार को बेटी को मुख्यमंत्री बनाना है, उद्धव ठाकरे को आदित्य ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाना है, ममता दीदी को भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना है और स्टालिन को अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है। अब यहाँ फर्क साफ है कि देश की जनता के लिए कुछ नहीं बचा। ऐसे में यह भी स्पष्ट है कि युवाओं के भविष्य और विकसित देश के लिए नरेन्द्र मोदी हैं। शाह का मानना है कि आने वाला लोकसभा चुनाव युवाओं के उज्जवल भविष्य और महान भारत की रचना के लिए है। भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता शाह का मानना है कि भाजपा को वोट देने का मतलब है युवाओं का उज्वल भविष्य, महान भारत की रचना और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना। यदि बीते 10 वर्षों पर एक सरसरी निगाह दौड़ाई जाए तो इस बात में कोई दो मत नहीं कि मोदी सरकार ने युवाओं के लिए स्पेस से लेकर सेमीकंडक्टर, डिजिटल से लेकर ड्रोन तक एआई से लेकर वैक्सीन तक और 5जी से लेकर फिनटेक तक के दरवाजे खोलने का अभूतपूर्व काम किया है। देश को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने से लेकर साल 2035 तक अंतरिक्ष में स्टेशन स्थापित करने और साल 2036 में ऑलंपिक आयोजन से लेकर साल 2040 में चांद पर भारतीय एस्ट्रोनॉट भेजने तक का सफर इसलिए पूरा होगा।

**देश के 130 करोड़ देशवासियों के लिए मोदी जी हैं : अमित शाह**

# मतदाता जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत जनपद गाजीपुर के रायफल क्लब सभागार/जिला निर्वाचन कार्यालय से मतदाता जागरूता वैन को मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इस दौरान सीडीओ के नेतृत्व में जिला निर्वाचन कार्यालय से महुआबाग स्थित राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज तक वैन के साथ रैली भी निकाली गई। जहां पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान में एसडीएम प्रखर उत्तम, डीआईओएस कैस्तुभ सिंह, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी अरबिंद शर्मा, सविता सिंह समेत तमाम अधिकारी कर्मचारी और शिक्षक व स्कूली छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने कहा कि चुनाव आयोग से एक वैन मिला है। ये वैन जिले के कम प्रतिशत मतदान वाले विधानसभा मे मतदाताओं जागरूकता करने के लिए आज रवाना किया गया है। जो जमानिया, मोहम्मदाबाद और जहूराबाद विधानसभा में जाएगी। इसके माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया जाएगा, हमलोगों का प्रयास है कि लोग ज्यादा से ज्यादा अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इस बार मतदान 75 प्रतिशत के पार हो जिससे जनपद गाजीपुर का नाम रोशन हो सके।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने बसखारी थानाध्यक्ष के विरुद्ध खोला मोर्चा

**अंबेडकरनगर।** जिले में वहीं थानेदार अपने थाने पर टिक सकता है जो मज़बूत हो, वरना लंदन से फोन पर लाइन हाजिर और जिला अध्यक्ष के पहुंचते ही तबादला हो जाएगा। पुलिस मजबूर बन गई है। क्या मज़बूरी आ गई। अधिशासी अधिकारी ने अध्यक्ष से कहा यह कौन सी नौटंकी है,,थाने पर बैठकर इज़्ज़त की भजिया बना रहे हैं। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अध्यक्ष बसखारी थाने पर धरने पर बैठे। संविदा कर्मचारी आउटसोर्सिंग के सैकड़ो कर्मचारियों को लेकर अपनी ताक़त का एहसास दिलाने के लिए थाने का घेराव किया। काफी दिनों से थानाध्यक्ष को हटाए जाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। सरकार में रहकर सरकार के ख़िलाफ़, एक बात तो काबिले तारीफ़ है। धरना देना कोई सीखे तो भाजपाइयों से,, काबिले तारीफ़ खाकी वर्दी ने घुटने टेक दिए, पुलिस कप्तान की ईमानदारी में कोई शक नहीं, लेकिन आज जो कुछ हुआ पुलिस विभाग के लिए शर्मसार का विषय बना।

## धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर क्षेत्र के वार्ड नं 11 इन्दिरानगर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा के आयोजन से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बुधवार को इंदिरा नगर से राप्ती नदी तट तक कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं व युवतियां कलश लेकर मन्दिर चौराहा, खीरा मंडी होते हुए राप्ती नदी घाट पर जल भरने निकली। वहां से जल लेकर आने के बाद कलश को कथा स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्थापित किया गया। कलश यात्रा में शामिल कन्याएं व महिलाएं सिर पर कलश लिए हुए चल रही थीं, तो आगे गाजे-बाजे की धुन पर अबीर गुलाल उड़ाते युवा थिरक रहे थे। यात्रा जब राप्ती नदी के घाट पर पहुंची तो कथावाचक आलोकानंद महाराज ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर जल भरवाया। इस दौरान कथावाचक आलोकानंद महाराज ने इंदिरानगर वार्ड में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा अमृत वर्षा में सभी श्रद्धालुओं से सम्मिलित होकर कथा का रसपान करने का आवाहन किया हैं। कलश यात्रा में शिवकुमार, सभासद उमाशंकर गौड़, जमुना प्रसाद प्रजापति, घनश्याम पांडेय, राम बहादुर जायसवाल, लखानी गुप्ता, बाबा पान वाले, गन्नू लाल कनौजिया, लक्की चौरसिया, धर्मपाल जायसवाल, गुड़िया श्रीवास्तव, गोरखनाथ, शिवम सोनी आदि शामिल रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने थाने का किया निरीक्षण



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने बुधवार को थाना लोटन का अचानक निरीक्षण करने पहुंचे। सबसे से पहले उन्होंने थाने मे बने बैरक का और साफ सफाई एवं महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया और थाने में रखे अभिलेखों का बारी बारी निरीक्षण किया जो सब सही पाया गया साथ ही साफ सफाई पर ध्यान रखने को कहा। ग्राम प्रहरीयो से मीटिंग में बैठाकर उन्होंने कहा अपने अपने गांव का भ्रमण करते रहे चुनाव करीब है कोई भी घटना हो तो उसकी सूचना थाने पर जरूर पहुंचाये। आप लोगों की सतर्कता से घटना को रोका जा सकता है कोई भी व्यक्ति संदिग्ध दिखाई दे तो उसकी सूचना फौरन थाने पर दे। इस दौरान विजय शंकर सिंह चौकी प्रभारी हरिवंशपुर मनोज कुमार सिंह,उप निरीक्षक दुर्गा प्रसाद, उप निरीक्षक अजीत कुमार यादव, उप निरीक्षक रामा प्रसाद यादव, उप निरीक्षक रवि प्रताप उपाध्याय, उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार यादव उप निरीक्षक अविनाश चन्द, विनय कुमार यादव मृत्युंजय गुप्ता, देवपाल दुबे, कलामुद्दीन व महिला कांस्टेबल मौजूद रहे।

## अभिभावकों ने एसडीएम को सौंपा शिकायती पत्र

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र पचपेड़वा गांव निवासी अविभावको ने एसडीएम बांसी कुणाल को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके बच्चे जिस परीक्षा केंद्र पर हाई स्कूल की परीक्षा दे रहे है। वहां जबरन धन उगाही कर रहे है।रुपया न देने पर बच्चों को परेशान किया जा रहा है तथा कापी काटने की धमकी दिया जा रहा है। एसडीएम बांसी को पचपेड़वा गांव निवासी शिवकुमार कन्नौजिया पुत्र गौरी ,सुनील कुमार पुत्र ओरी व अभिषेक पुत्र सुरेश मणि ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके बच्चे तपानाथ सरस्वती इंटर कालेज धमौरा के हाईस्कूल के संस्थागत छात्र है। इनके बच्चों का परीक्षा केंद्र पास के गांव के एक स्कूल में गया है।इनके बच्चों पर 3500 रुपया जमा करने का दबाव बनाया जा रहा।अविभावको का कहना है कि परीक्षा केंद्र के जिम्मेदारों द्वारा यह कहा जा रहा है कि नकल करो या न करो यह धनराशि सबको देना पड़ेगा।हमने काफी रुपया खर्च कर अपने स्कूल को परीक्षा केंद्र बनवाया है। साथ ही अविभावको ने यह भी आरोप लगाया कि उनके बच्चों को रुपया न देने पर काफी परेशान किया जा रहा है।

# फूड प्वाइजनिंग से परिवार के 15 लोगों की हालत गंभीर

अवधनामा संवाददाता

**कायमगंज /फर्रुखाबाद।** एक ही परिवार के 15 लोगो ने घर में तैयार हुए मट्ठा को पीने के बाद सभी की हालत बिगड़ गई। एक सदस्य ने मठ्ठा का सेवन नहीं किया था।फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के सभी लोगों की हालत बिगड़ने का मामला कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव सलेमपुर टिलियां का है। जहां मकान की छत पर दूध उनके मकान की छत पर रखी बरोसी में गर्म किया जाता है।

यह दूध उपलों की आग में धीरे-धीरे पकने के बाद शाम को ठंडा करके दही बनाने को जमा दिया जाता है। दही का मट्ठा तैयार किया जिसे पूरे परिवार के लोगों ने नाश्ते के रूप में पिया था। इस मट्ठा को पीने के बाद सभी की हालत बिगड़ गई । परिवार के मुखिया राम प्रकाश बर्मा (58) नित्या (5 ) निधी (6 ) पूनम (15) अजय (14) रतनावती (20) उदयवीर (22)बालकराम (25) पूनम (12) राजकुमारी (50) नैनशी (3 ) भीमसेन (13) गुड्डीदेवी (60) व धर्मवीर सहित सभी लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। फूड प्वाइजन का शिकार होकर यह लोग घर के अंदर ही तीन दिन तक वदहवास हालत में पड़े रहे गांव के किसी आदमी ने भी नहीं जाना। बुधवार को इनका कोई रिश्तेदार अचानक घर आ गया और परिवार के लोगों की हालात देख परेशान हो गए द्य एक किशोर जिसने मट्ठा नहीं पिया था । वह ठीक था और परिवार के लोग बेहाल थे । घटना देखकर रिश्तेदार ने इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी । सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉक्टर अनुराग कुशवाहा, अनूप कुमार ऋतिक गंगवार सीएचओ, रत्नेश कुमार सभी पीड़ित के गांव पहुंचे। स्वास्थ्य टीम ने सभी पीड़ितों का परीक्षण किया और तुरंत प्राथमिक उपचार दिया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया 17 किमी लंबे आरआरटीएस सेक्शन का वर्चुवल उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ के बीच के 17 किमी लंबे आरआरटीएस सेक्शन का माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री हरदीप पुरी, माननीय केन्द्रीय मंत्री डॉ.जनरल (से.नि.) विजय कुमार सिंह, सांसद मेरठ श्री राजेन्द्र अग्रवाल, सांसद बागपत श्री सत्यपाल सिंह, माननीय सांसद राज्यसभा श्री लक्ष्मीकांत वाजपेयी, विधायक मुरादनगर श्री अजीतपाल त्यागी, विधायक मोदीनगर डॉ.मंजू सिवाच, मण्डलायुक्त महोदया मेरठ श्रीमती सेल्वा कुमारी जे., जिलाधिकारी महोदय गाजियाबाद श्री इन्द्र विक्रम सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में वर्चुवल उद्घाटन किया।

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआर टीएस कॉरिडोर पर प्रायोरिटी सेक्शन से आगे दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ तक का 17 किमी लंबा अतिरिक्त सेक्शन नमो भारत ट्रेनों का परिचालन के लिए तैयार हुआ है और इस सेक्शन में मुरादनगर, मोदी नगर साउथ और मोदी नगर नॉर्थ तीन स्टेशन शामिल हैं। इस सेक्शन के उद्घाटन से नमो भारत सेवाएं दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर 34 किमी के सेक्शन पर निर्बाध रूप से उपलब्ध हो गयी हैं, जिसमें साहिबाबाद से मोदीनगर नॉर्थ तक कुल आठ स्टेशन हो गये हैं। दिल्ली को मेरठ से जोड़ने वाले भारत के प्रथम आरआरटीएस कॉरिडोर की आधारशिला मार्च 2019 में प्रधान मंत्री द्वारा रखी गई थी। इसके 17 किमी लंबे प्रायोरिटी सेक्शन को 20 अक्टूबर 2023 में माननीय प्रधान मंत्री द्वारा यात्री परिचालन के लिए हरी झंडी दिखाई गई थी, उसके कुछ ही महीनों बाद आज 06 मार्च 2024 को द्वितीय सेक्शन में नमो भारत ट्रेन को हरी झण्ड़ी दिखाते हुए रवाना किया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम माननीय केन्द्रीय मंत्री डॉ.जनरल (से.नि.) विजय कुमार सिंह गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए सलामी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान आरआरटीएस के प्रबंधक श्री विनय कुमार सिंह द्वारा सभी मुख्य? अतिथियों, वशिष्ठ अतिथियों, अतिथियों को पटका पहनाकर सम्मानित करते हुए पौधा भेंट किया गया। केन्द्रीय मंत्री डॉ.जनरल (से.नि.) विजय कुमार सिंह ने कहा कि नमो भारत ट्रेन जल्द ही मेरठ तक शुरू हो जायेगी। अभी साहिबाबाद से मोदीनगर तक कि यात्रा सुखद, आरामदायक और समयापयोगी हो गयी है और जल्द ही यह सेवा दिल्ली से मेरठ तक शुरू हो जायेगी। केन्द्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं में गति से प्रगति का जीता जागता उदाहरण है आरआरटीएस की यह सेवाएं। 2014 से मोदी सरकार के नेतृत्व में देश प्रगति की राह पर लगातार आगे बढ़ता जा रहा है और आगे भी बढ़ता रहेगा।

# तालीम सच्चाई से हासिल करने वालों को मिलती है कामयाबी : अमीनुल कादरी

अवधनामा संवाददाता



**कोंच जालौन।** तालीमसच्चाई से हासिल करने पर कामयाबी हासिल की जा सकती है। तालीम के बिना इंसान की जिंदगी बेकार है। आज इल्म की सबसे ज्यादा अहमियत है। दुनियावी इल्म के साथ दीनी इल्म भी जरूरी है। इल्म की रोशनी से ही घर समाज को रोशन किया जा सकता है।

मंगलवार को देर रात कोंच में ईदगाह ग्राउंड पर आयोजित दस्तारबंदी कार्यक्रम में शिरकत करने और हाफिज मुफ्ती आलिम का कोर्स पूरा करने वाले धर्मगुरूओं को डिग्री बांटने माले गांव महाराष्ट्र से आए सैय्यद मौलाना अमीनुल कादरी साहब तहफूजे सुन्नीयत कान्फ्रेंस में तकरीर करते हुए कई दर्द से रूला देने वाली तकरीर बंया की।उन्होंने कहा कि इल्म जितना हासिल करो, उतना ही कम है। इसकी कोई हद नहीं होती। लेकिन अफसोस की बात है कि आज मुसलमान दीनी तालीम से दूर होते जा रहे हैं। यही नहीं अपने बच्चों को भी इससे दूर कर रहे हैं। जबकि आज के दौर में दीनी तालीम की खास अहमियत है। उन्होंने कहा कि इस्लाम ने लड़कियों को भी बराबर इल्म देने की इजाजत दी है। उन्होंने कहा कि सच्चाई ऐसी ताकत है जिसके सामने दुनिया की कोई ताकत नहीं टिक पाती। इसलिए हर वक्त सच बोलें और खुदा की राह पर चलते हुए इस्लाम की खिदमत करें। इस दौरान स्थानीय लोगों में इस आयोजन को सफल बनाने में काजी जहीर उद्दीन, काजी डाक्टर सिराज, सद्दाम भाई, सभासद आजाद उद्दीन, सभासद शकील अंसारी, नजराना बेगम, राशिद मंसूरी, राजू कुरैशी के अलावा कमेटी के लोगों ने अहम किरदार निभाया। देर रात तक चले इस जलसे मे खुशूसी मेहमानों में मुफ्ती शब्बीर अहमद अल्वी बहराइच, हजरत मुफ्ती कारी इसराइल अख्तर मसूदी कानपुर, हजरत अनवारुल मुस्तफा नूरी बहराइच, हजरत मसूद अहमद रहमानी कारी नफीस बहराइच, अशरफ हुसैन कानपुर, इदरीश रजा कालपी के अलावा सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

### इन लोगों को दस्तारबंदी में मिलीं डिग्री

**कोंच।** ईदगाह ग्राउंड पर आयोजित दस्तारबंदी कार्यक्रम में माले गांव महाराष्ट्र से आए हजरत मौलाना सैय्यद अमीनुल कादरी के द्वारा जिन हाफिज, मुफ्ती, आलिम का कोर्स पूरा करने वाले लोगों को डिग्री मिली उनमें शामिल ये पांच लोग है। मुफ्ती सैयद नाजिम अली कोंच, मुफ्ती अजहरुद्दीन जलालपुर हरियाणा, मौलाना सैयद शोएब अली कोंच, हाफिज जीशान अली कोरबा कानपुर देहात, हाफिज फैजान खान कोंच हाफिज रमजान अली बहराइच

## डीएम व एसपी ने किया औचक निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा बुधवार को स्वास्थ्य उपकेन्द्र महुलानी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने टीकाकरण कराने हेतु आये लाभार्थियों से वार्ता किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोग अपने बच्चों का नियमित टीकाकरण अवश्य कराये तथा अपने बच्चों को रोगो से बचाये।

## जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारु प्रधान ने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का केंद्र बने केंद्र संख्या 1069 रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षा शांत पूर्ण माहौल में संपन्न होती पाई गई। डीआईओएस ने बताया कि उन्होंने स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया जहां व्यवस्था सुचारु पाई गई। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य व केंद्र व्यवस्थापक राम केवल शर्मा समेत स्टेटिक मजिस्ट्रेट अजीत कुमार वर्मा, सहायक केंद्र व्यवस्थापक सत्येन्द्र शुक्ला एवं परीक्षा व्यवस्था में लगे लोग मौजूद रहे।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती मधु आयु लगभग 55 वर्ष पत्नी स्व. राजेन्द्र कुमार निवासिनी-डिप्टीगंज, हरिहरपुर नगराम रोड, लखनऊ की हूं। मैं अपने पुत्र कवीश बनौधा पुत्र स्व. राजेन्द्र कुमार बनौधा व अपनी पुत्र वधु सुरभि वर्मा पत्नी कवीश बनौधा के गलत चाल-चलन व गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं।

**निवासिनी-डिप्टीगंज, हरिहरपुर नगराम रोड, लखनऊ**

## बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो पुत्र ओमप्रकाश दुबे बड़ा एवं लक्ष्मण दुबे छोटा पुत्र है और दोनों की शादी हो चुकी है बड़ा पुत्र ओमप्रकाश दुबे अपनी पत्नी के साथ मेरे पास रहकर मेरी सेवा करता है छोटा पुत्र लक्ष्मण दुबे राजस्थान में रहकर काम करता है वही उसकी पत्नी ज्योति दुबे अपने मायके गढ़वा झारखंड में रहती है जब यहां रहती है तो टट्टी कमरे में करने के साथ ही प्लास्टिक में पैक कर पड़ोसियों घर पर फेंक देती है और नशीले पदार्थों का सेवन करती है जिस कारण बराबर उलाहना मिलता है इसकी शिकायत करने पर पुत्र लक्ष्मण दुबे की पत्नी को समझने के बजाय हम परिवार जनों से लड़ता झगड़ता है कई बार समझाने बुझाने के बाद भी पुत्र वधू ज्योति दुबे एवं लक्ष्मण दुबे की आदत में कोई सुधार नहीं हो रहा है जिससे मजबूर होकर मैं पुत्र लक्ष्मण एवं उसकी पत्नी ज्योति दुबे को अपने समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं अब भविष्य में मेरा अथवा मेरे परिवार के अन्य सदस्य का किसी प्रकार का लेना-देना नहीं है अगर कोई शख्स इनसे किसी प्रकार का लेना देना या अन्य कोई काम करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा मनभावती दुबे पत्नी राजनाथ दुबे मन भावती दुबे पत्नी राजनाथ दुबे निवासी मौजा जय मोहनी थाना व तहसील नौगढ़ जिला चंदौली व आवास न0-5 सी0टी0-21 ओबरा कॉलोनी सेक्टर 5 पशोई सोनभद्र।

अवधनामा



# भाजपा सरकार गरीबों किसानों नौजवानों पर जुल्म कर रही है: अवधेश प्रसाद

**कार्यकर्ता सम्मेलन एवं स्वागत समारोह मे इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी के साथ बैठक की**

अवधनामा, संवाददाता

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर महानगर कमेटी ने कार्यकर्ता सम्मेलन एवं स्वागत समारोह किया जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महानगर महासचिव हामिद जद्दफर मीसम ने किया बैठक में मुख्य अतिथ इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सपा विधायक अवधेश प्रसाद रहे एवं विशिष्ट अतीथ पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी मौजूद रहे इस मौके पर महानगर कमेटी एवं पूर्व मंत्री ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी का माला पहनद्यकर स्वागत किया बैठक को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने कहा आज की भाजपा सरकार गरीबों किसानों नौजवानों पर जुल्म कर रही है सभी नौजवानों से पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं को कहा अब समय आ गया है केंद्र मे भाजपा की सरकार को हटाकर इंडिया गठबंधन की सरकार को बनाने का काम करें उन्होंने कहा आने वाले 2024 के चुनाव में भाजपा का सफाया होगा पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने कहा समाजवादी पार्टी सभी धर्म को मानने वाली पार्टी है आज अयोध्या में बहुत सारे




गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद का स्वागत करते लोग

किसानो गरीबों की जमीन जा रही है जिसको बचाने के लिए समाजवादी पार्टी ही उनकी लड़ाई के लिए आगे लड़ती है आज महंगाई चरम सीमा पर है उन्होंने कहा आज भारतीय जनता पार्टी की जो भी गारंटी है वह जुमले बाज की गारंटी है आज संविधान को बचाने की लड़ाईहै समाजवादी पार्टी कभी धर्म की राजनीति नहीं करती है उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं नेताओं और पदाधिकारी से लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने को कहा पूर्व विधायक अब्बास अली नें कहा समाजवादी पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो भारतीय जनता पार्टी का सामना करने में सक्षम है समाजवादी पार्टी पिछड़ों गरीबों नवजवानों के हक़ की बात करती है महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सपा के द्वारा किए गए कार्यों को बताएं और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीतने का काम करें इस मौके पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मधुमक्खी के हमले में चार लोग घायल

सूरतगंज बाराबंकी। खेत में काम करते समय एक परिवार के चार लोग पर मधुमक्खियों ने हमला बोला दिया। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मोहम्मदपुर खाला थानांतर्गत सूरतगंज कस्बा निवासी साठ वर्षीय रामप्रसाद अपनी पत्नी पचास वर्षीय शिवदेवी व बेटी गीता देवी व बेटे सर्वजीत के साथ खेत में काम कर रहे थे। तभी मधुमक्खियों के झुंड ने हमला बोल दिया। हमलें से चारों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरतगंज पहुंचाया गया। जहां सभी का उपचार किया जा रहा है।

# अयोध्या के 2,67,382 घरों तक पहुंचा शुद्ध पेयजल कनेक्शन

## जून माह तक जिले के 3,26,489 घरों को हर घर नल योजना से संतृप्त करने का है लक्ष्य

अवधनामा, संवाददाता

**अयोध्या।** केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार हर घर नल योजना के माध्यम से हर परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के मिशन में जुटी हुई है। योजना को संचालित करने के पीछे यह उद्देश्य भी है कि लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा तो उनका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। अयोध्या जनपद में हर घर नल योजना से सभी परिवारों को जोड़ने के लिए जनपद के 1,144 राजस्व गांवों में 535 स्थानों पर टंकी बनाकर, पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। कार्यदायी संस्था जल निगम ने अबतक अयोध्या जनपद के 2,67,382 घरों तक शुद्ध पेयजल का कनेक्शन पहुंचाया है। सरकार ने वर्ष 2024 में हर घर नल योजना के माध्यम से प्रत्येक घर तक पीने के पानी का कनेक्शन उपलब्ध करवाने की योजना तैयार की है। अब जनपद के किसी भी नागरिक को पीने के पानी के लिए कहीं भी दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जनपद अयोध्या की बात करें तो हर घर जल योजना के अंतर्गत अब तक 2,67,382 घरों को नल का कनेक्शन दिया जा चुका है। अयोध्या जनपद में 3,26,489 घरों तक नल लगाकर शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य बनाया गया है। इस योजना को पूरा करने के लिए शासन की ओर से 2013.83 करोड़ का बजट कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराया गया है।

**3,26,489 घरों तक पेयजल पहुंचाने का है लक्ष्य**

अब तक जनपद में लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। 3 लाख 26 हजार से अधिक घरों तक हर घर नल योजना पहुंचाने का लक्ष्य है, जिसे 2024 के जून माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। यह जानकारी जल निगम के अधिशासी अभियंता अरविंद यादव ने दी है। इस योजना के माध्यम से सरकार न केवल घरों तक यह पानी पहुँचाना चाहती है, बल्कि सरकारी संस्थानों, आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज, स्वास्थ्य केंद्र तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी पहुँचाने का कार्य करेगी।

सरकार द्वारा 2024 तक देश के ग्रामीण घरों में पानी पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के घरों में जल उपलब्ध करने के लिए ज्यादा से ज्यादा कनेक्शन प्रदान किये जा रहे हैं।

**अटल बिहारी वाजपेई सभागार में हुई जिला पंचायत बोर्ड की बैठक**

# प्रभु श्रीरामजी की धरती है और यहां कार्य करने का अवसर मेरा सौभाग्य:रोली सिंह

अवधनामा, संवाददाता

**अयोध्या ।** जिला पंचायत अयोध्या के अटल बिहारी बाजपेई सभागार में जिला पंचायत की बैठक आहूत की गई। अध्यक्ष रोली सिंह के अनुमति के साथ अपर मुख्य अधिकारी द्वारा कार्यवाही का संचालन आरम्भ किया गया जिसमें एजेण्डा के प्रथम बिन्दु पर गत कार्यवाहियों पर विमर्श के साथ सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। प्रस्ताव के दूसरे विन्दु पर अयोध्या में श्रीराम की भव्य मन्दिर यो निर्माण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा आरम्भ करते हुए अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि, हमारे राष्ट्र और इसकी अक्षुण्य संस्कृति के गौरव तत्य प्रभु श्री राम के भव्य मन्दिर के निर्माण से हमारे क्षेत्र और हमारे क्षेत्र की जनता की समृद्धि और विकास के नए खुलने वाले अवसरों के लिए में उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ और उनकी सरकार तथा देश के यशस्वी प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र की सरकार को क्षेत्र की जनता और यह सम्मानित सदन धन्यवाद ज्ञापित करता है।

धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा में को सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसके पश्चात सदन में वित्तीय वर्ष 2023-24 का पुनरीक्षित बजट् एवं वर्ष 2024-25 के मूल बजट् का भी अनुमोदन किया गया। आगामी वित्तीय वर्ष 2024-



जिला पंचायत की बैठक में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह व अन्य अधिकारी गण

25 में आय के रूपये मदों में सरकारी अनुदान से 35 करोड़ रूपये सम्पति एवं विभवकर से 27.5 लाख रूपये लाईसेन्स शुल्क से 30.00 लाख रूपये सम्पत्तियों के किराये से 23.00 लाख रूपये आदि के साथ 37. 80 करोड़ रूपये में प्रारम्भक शेष 29.6 करोड रूपये को शामिल करते हुए 67.37 करोड़ रूपये का कुल आय पक्ष तथा व्यय पक्ष में मरम्मत एवं मूल निर्माण कार्य के साथ वेतन, पेंशन आदि व्यय को शामिल करते हुए 71.06 करोड़ रूपये के व्यय पक्ष को सदन द्वारा अनुमोदन प्राप्त हुआ। एजेण्डा के तीसरे विन्दु से नन्सा बाजार से 23 रिक्त दुकानों की नीलामी प्रकिया के लिए प्रीमियम दर, किराया दर और शर्तो के निर्धारण पर चर्चा की जिला पंचायत अध्यक्षा रोली सिंह ने कहा कि यह प्रभु श्रीराम जी की धरती है और यहां कार्य करने का अवसर मेरा सौभाग्य है, आप सब का सौभाग्य है तो हम सब मिलकर विश्वास और सहयोग से आगे बढ़ रहे हैं। यदि किसी भी मुद्दे पर आप में से किसी को भी कोई समस्या हो तो मुझे अवश्य बतायें, आपका सदैव स्वागत है। इसी के साथ धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके द्वारा कार्यवाही की समाप्ति की घोषणा की गई। बैठक पर्यवेक्षक के लिए नामित अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन के प्रतिनिधि के रूप में प्रवीण यादव उपजिलाधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक में ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट सुश्री पूजा साहू जिला विकास अधिकारी उपेन्द्र पाल जिला समाज कल्याण अधिकारी जयनाथ गुप्ता,, बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष राय जिला कृषि अधिकारी, ओ.पी. मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 जगदीश सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पूरा देश प्रधानमंत्री का परिवार-सतीश शर्मा

- अंतरराष्टीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा का नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम
- सभी ब्लॉक सहित 25 मंडलों में सुना गया पीएम का लाइव प्रसारण

अवधनामा, संवाददाता



**बाराबंकी।** भाजपा सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला मोर्चा द्वारा चलाए गए नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। जिले में सभी 25 सांगठनिक मंडलों में इस कार्यक्रम को स्वयं सहायता समूह एनजीओ एवम भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सुना। प्रधानमंत्री ने लाइव प्रसारण में महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर बीते दस वर्षों में किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।दरियाबाद ब्लॉक सभागार में लाइव प्रसारण से पूर्व अपने संबोधन में खाद्य एवम रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी का परिवार है। विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता से बौखलाया विपक्ष प्रधानमंत्री पर अनर्गल आरोप लगा रहा है मगर देश की जनता लोकसभा चुनाव में विपक्ष को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार ने अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए है। कहा कि देश में बनाए गए चार करोड़ से अधिक पीएम आवास में लगभग तीन करोड़ आवास महिलाओं को आवंटित हुए है। सदन में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण कानून बना कर प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के सम्मान को बढ़ाया है। उन्होंने शौचालय, उज्वला योजना, मातृ शक्ति वंदन योजना सहित अनेकों योजनाओं पर चर्चा की।जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने नगर पालिका सभागार में, विधायक सकेंद्र प्रताप वर्मा ने ब्लॉक सभा गार फतेहपुर में चेयरमैन जगदीश गुप्ता एवम ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह ने पूरे डलई ब्लॉक सभागार में नारी संवाद कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर डॉक्टर रामकुमारी मौर्य, गुरुशरण लोधी, रामेश्वरी त्रिवेदी मौजूद रहे।

**किसान मोर्चा का गांव परिक्रमा कार्यक्रम**

भाजपा किसान मोर्चा के तत्वाधान में गांव परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी किसानों की आय दोगुनी करने के प्रयास में निरंतर जुटे हुए है। बीते दस वर्षो में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी की गई है। पीएम सम्मान निधि ने दस करोड़ से अधिक किसान परिवारों को राहत दी है। उन्होंने गांव में घर घर संपर्क किया। ट्रैक्टर एवम गौ पूजा की। मंदिर में प्रार्थना करके आशीर्वाद भी लिया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष आशुतोष अवस्थी, राजेश वर्मा, रामचंद्र वर्मा मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने विकसित किए जा रहे साकेत सदन व विकास कार्यो के प्रगति की समीक्षा

अवधनामा, संवाददाता

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने अयोध्या धाम में 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के किनारे धारा रोड के समीप पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जा रहे साकेत सदन के विकास कार्यो के प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर कार्यदायी संस्था उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0, निर्माण इकाई-11 ने बताया कि साकेत सदन के पर्यटन विकास का 58 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि साकेत सदन परिसर में टिकट काउन्टर का कार्य स्लैब स्तर तक पूर्ण एवं शोविनियर शॉप (बी-2) का कार्य पूर्ण है। मुख्य भवन के स्लैब का कार्य प्रगति पर है, टाइलेट के स्लैब का भी कार्य पूर्ण है। इंट्रेंस प्लाजा का कार्य प्रगति पर है। इण्टरपीटेशन वाल के सुपर स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यो को संरक्षण तकनीक से कुशल कारीगरों के माध्यम से गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कराने तथा निर्धारित समयावधि में समस्त कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिये।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि अयोध्या




धाम में ऐतिहासिक भवनों को सजाने-सवॉरने का कार्य चरणबद्ध रूप से प्रगति पर है। इसी के क्रम में साकेत सदन परिसर में 1756 से 1775 ई0 के मध्य निर्मित ऐतिहासिक भवनो का जीर्णोद्धार उसके निर्माण के समय प्रयोग की गई सामाग्रियो से ही किया जा रहा है, इसका सम्पूर्ण कार्य चूना, सुर्खी, शीशा, मेथी, उड़द की दाल, गोंद गूगल, बेलगिरी पाउडर आदि पदार्थो निर्माण सामाग्रियो को मिलाकर बनाये गये मोटार मसाले का ही प्रयोग किया जा रहा है, जिसके पूर्ण होने पर इन भवनों की भव्यता एवम् प्राचीनता दिखाई देगी और पर्यटकों को एक और सुंदर पर्यटन स्थल उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या एक वैश्विक केन्द्र बन रहा है। यह वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख पर्यटन नगरी के रूप में तेजी से उभर रहा है। इसी के क्रम में पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जा रहे साकेत सदन में स्थित मुख्य भवन में रेस्टोरेंट विकसित किया जा रहा है। यहां आगन्तुकों हेतु मनोरंजन के लिए ओपेन एयर थियेटर होगा। एक भवन में म्यूजियम काम्प्लेक्स भी बनाया जायेगा, जिसमें ऐतिहासिक वस्तुओं एवं साहित्यों को संजोया जायेगा। साकेत सदन में इण्टर पटेशन वाल, इंट्रेंस प्लाजा के साथ ही परिसर में लैण्ड स्केपिंग कर आकर्षक फूल-पौधे व कोवोल स्टोन के पाथ-वे सहित विभिन्न कार्य किये जायेंगे तथा भवनों पर आकर्षक मुखोटा रोशनी भी की जायेगी।

## महिलाओं के कल्याण व उत्थान के लिए जितने कार्य मोदी सरकार में हुए उतने कार्य आज तक नही हुए हैं

अवधनामा, संवाददाता

**अयोध्या।** भाजपा के नारी शक्ति वंदन अभियान का समापन हो गया। लोक सभा केन्द्रीय चुनाव कार्यालय पर सांसद लल्लू सिंह, सांसद अम्बेडकर नगर रितेश पाण्डेय, आशा गौड, अशोका द्विवेदी, रीना द्विवेदी, पूरा बाजार ब्लाक मुख्यालय पर प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, ब्लाक प्रमुख संघ के अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह, टेंट सिटी नव्य अयोध्या में एमएलसी व प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह, जिपंअ रोली सिंह, पूर्व महापौर ॠषिकेश उपाध्याय नगर निगम परिसर में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने समारोह पूर्वक अभियान का समापन किया। इस दौरान प्रधानामंत्री के लाइव उद्बोधन को सामूहिक रूप से सुना गया। केन्द्रीय चुनाव कार्यालय में आयोजित सभा के दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि नए संसद भवन में प्रवेश करते ही महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए मोदी सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम परित किया। यह नए भारत का प्रतिविम्ब है। महिलाओं के कल्याण व उत्थान के लिए जितने कार्य मोदी सरकार में हुए उतने कार्य आज तक नही हुए हैं। नगर निगम कार्यालय में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा बेटी व बेटे की खाई को पाटने के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं की प्रधानमंत्री ने शुरुआत किया। आज बेटे व बेटी में अंतर समाप्त हो गया। आज बेटी बोझ नहीं है। अब बेटियां पैदा होती है तो वह लक्ष्मी का रूप होती है। लाड़ली लक्ष्मी, मुख्यमंत्री सुमंगला, सामूहिक विवाह योजनाएं चलायी जा रही है। पूरा बाजार ब्लाक मुख्यालय में प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह ने कहा कि अंत्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले यह सरकार की दूरदर्शिता का परिणाम है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सरकार की जनकल्याण कारी नीतियों से जनता में विश्वास का माहौल है। हम सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के पथ पर अग्रसर है। टेंट सिटी नव्य अयोध्या में एमएलसी व प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि आज विश्व में देश की पहचान एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में हो रही है। 2014 के बाद देश के प्रत्येक व्यक्ति ने विकास से हुए बदलावों को महसूस किया है। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बम भोले हर हर महादेव की गूंज से महादेवा गुलजार

## भक्तों को अब महाशिवरात्रि का इंतजार



अवधनामा, संवाददाता

**रामनगर बाराबंकी।** महाशिवरात्रि पर्व का उत्साह धीरे धीरे छाने लगा है। बाराबंकी रामनगर मार्ग पर पैदल आराध्य के धाम जाने वाले कांवरिया बम भोले कर मंजिल की ओर बढ़ते जा रहे। वहीं एक दिन बाद पड़ रहे पर्व पर शिवभक्त अपनी तैयारी में व्यस्त हो गए हैं। बताते चलें कि पैदल से लेकर वाहनों पर डीजे की धुन पर पुरुष और महिला शिवभक्त कानपुर से गंगाजल लेकर महादेवा में भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए आ रहे हैं। आस्था और दुश्वारियों के बीच कांवरियों के जज्बे को लेकर उनके स्वागत के लिए जगह-जगह बैठने और खाने का इंतजाम है। वहीं, महादेवा में भीड़ को देखते हुए पुलिस के आलाधिकारी डेरा डालकर जमे हुए हैं। 40 किलोमीटर लंबी सड़क पर हर-हर बम-बम की गूंज ही सुनाई पड़ रही है। कानपुर के बिठूर से प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिवभक्तों का उत्साह चरम पर है। पैदल चलने वाले कांवरियों की कतार लगी है तो सड़क पर दो पहिया व चार पहिया वाहनों पर डीजे की धुन पर बड़े-बड़े ध्वज लहराते वाहन के आगे झूमते भक्तों का नजारा ऐसा कि मानों शिव की बरात निकली हो। कई दिनों से चल रही कतार थमने के बजाए बढ़ती जा रही है। मनौती पूरी होने पर शिव का अभिषेक करने के लिए मंदिर पर भी भारी भीड़ जमा है।

मंगलवार को सुबह मंदिर के पुजारी ने जैसे ही कपाट खोले, वैसे ही भोलेनाथ के जयकारे गूंज उठे। भीड़ को देखते हुए पुलिस श्रद्धालुओं को गर्भगृह में ज्यादा देर तक रुकने नहीं दे रही थी और कतारबद्ध तरीके से दर्शन करा रही थी। आगरा, हरिद्वार, हमीरपुर, बांदा, एटा, मैनपुरी, कानपुर, लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली सहित देश के कोने-कोने से कांवरिया गंगाजल लेकर अपने आराध्य की पूजा के लिए आ रहे हैं। मेला मैदान में शिवभक्त डेरा डाले हुए हैं।

# ब्राह्मण बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार 28 मार्च को

**अयोध्याधाम, संवाददाता।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के केंद्रीय कार्यालय पर एक आवश्यक बैठक आहूत की गई परिषद के तत्वाधान में ब्राह्मण बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार 27 मार्च पूजन छौर कर्म 28 मार्च से सभी बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार, वेदारम्भ संस्कार तथा समावर्तन संस्कार संपन्न होगा जिसमें आप सभी परिवार जनों के साथ बटुक ब्रह्मचारियों को सम्मिलित कराने हेतु पंजीकरण कराने की कृपा करें। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने बताया यह संस्कार पूर्ण रूपेण निःशुल्क है जिसे अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के विद्वान मनीषियों द्वारा विधिपूर्वक संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम स्थल श्री गोपाल मंदिर लक्ष्मण घाट श्री अयोध्या जी अयोध्या धाम आयोजक अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के समस्त पदाधिकारी गण पंडित राम अनुज तिवारी राष्ट्रीय संरक्षक आचार्य पंडित वीरेंद्र कुमार द्विवेदी कार्यक्रम संयोजक प्रभारी छत्तीसगढ़ पंडित दिलीप राम त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष आचार्य राधेश्याम मिश्र राष्ट्रीय महामंत्री, पंडित जयप्रकाश तिवारी सदस्य पंडित काशीनाथ तिवारी सदस्य पंडित सतीश पांडेय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित राधा रमण त्रिपाठी कोषाध्यक्ष पंडित डॉ जय गुरुदेव शुक्ल महामंत्री पंडित गगन आचारी सदस्य पंडित ओम प्रकाश मिश्र सदस्य पंडित सत्यदेव मिश्र जिला अध्यक्ष पंडित सचिन तिवारी मंडल अध्यक्ष पंडित अंबरीश पांडेय पंडित घनश्याम मिश्र पंडित हरी विलास तिवारी आशीष पांडेय पंडित सुमित तिवारी पंडित सत्यम तिवारी पंडित राम जी पांडेय पंडित सचिन तिवारी पंडित राकेश पांडेय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महिलाओं को समाज में अग्रणी बनाकर भाजपा ने अपना संकल्प पूरा किया:धर्मेंद्र

अवधनामा, संवाददाता

अयोध्याधाम-पूरा बाजार। विकासखंड पूरा के कार्यालय प्रांगण में शक्ति बंदन अभियान का समापन समारोह पूर्वक किया गया इसमें 382 बूथ की महिलाओं ने प्रतिभा किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला आरक्षण बिल, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ ,परिवार का मुखिया ,आयुष्मान कार्ड धारक तीन तलाक पर कानून बनाकर उन्हें समाज का अग्रणी बनाया है जिससे महिलाएं अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए तेजी से आगे बढ़ रही हैं ।

विशिष्ट अतिथि विधायक वेद प्रकाश



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि धर्मेंद्र प्रताप सिंह

गुप्ता ने कहा कि पहले से भी समाज की कल्पना थी जहां नारियों की पूजा होती है वही देवता निवास करते हैं इस अवधारणा को ध्यान में रखकर भाजपा सरकार ने प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया है ताकि समाज में वे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका स्थापित कर सकें। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि देश व समाज के उत्थान में महिलाओं की अहम भूमिका होती है समाज में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बेटियों को सत प्रतिशत शिक्षित करें जिससे वे उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपने भविष्य का निर्माण कर समाज में अहम भूमिका अदा करते हुए देश के गौरव को बढ़ाएं

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह महानगर मंत्री स्वाति सिंह महानगर महामंत्री शैलेंद्र कोरी पूरा मंडल प्रभारी दिनेश मिश्रा मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं व क्षेत्रीय गणमान्य लोग भी उपस्थित थे कार्यक्रम की संयोजिका स्वाति सिंह ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अतिथियों एवं गणमान्य लोगों तथा महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

# अलग अलग सड़क हादसों में थम गई 5 सांसें, मृतकों में एक महिला व पिता पुत्र

अवधनामा, संवाददाता

**बाराबंकी।** जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक महिला समेत 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पिता पुत्र भी शामिल हैं। हादसों में हुई मौतों के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार जिला अमेठी के थाना शिवरतन गंज के टिकरी गांव निवासी रामराज रावत (52) बुधवार को अपने बेटे नरेंद्र (22) के साथ बाइक से हैदरगढ़ आ रहे थे। तिपुला नहर पुल के निकट तेज गति से पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से पिता पुत्र सड़क पर गिर गए और ट्रक के पहिया के नीचे आ गए। ट्रक चालक पिता पुत्र को रौंदते हुए भाग गया। इस हादसे में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरा। मृतक के जेब में मिले आधार कार्ड से मृतकों की पहचान हुई। कोतवाल अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएंगे। फुटेज से दुर्घटना करने वाले ट्रक की पहचान हो सकेगी। हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में हुई घटना के अनुसार जनपद अमेठी के थाना शिवरतन गंज के पेड़रिया गांव निवासी रामू रावत (35) अपना पिक अप वाहन लेकर सुल्तानपुर से लखनऊ जा रहा था। लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे पर इन्हौना पार करने के बाद एक ट्रक चालक ने पिकअप को टक्कर मार दी। दुर्घटना में पिकअप चालक रामू रावत गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची इन्हौना पुलिस ने घायल को इलाज के लिए एंबुलेंस से हैदरगढ़ सीएचसी भेज दिया। यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूरतगंज संवाद के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना के दुंदपुर गांव निवासी सुमित बाइक से अपनी पत्नी चाँदनी का उपचार कराने बेलहरा आ रहे थे। ग्राम गंगापुर के निकट सुमित की बाइक में विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप चालक ने टक्कर मार दी। इससे चांदनी सड़क पर गिर गई। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर उसकी मौत हो गई। रामनगर थाना के नचना गांव निवासी ज्ञानेश यादव (26) का खेत गांव से करीब आठ सौ मीटर की दूरी पर है। खेत के पास ही मंदिर है। ज्ञानेश खेत की रखवाली के दौरान मंदिर के चबूतरे पर सो जाता था। मंगल वार की रात ज्ञानेश खेत की रखवाली करने गया था। रात में पुलिस ने मंदिर के पास ही सड़क पर उसका कुचला हुआ शव देखा। पुलिस उसे सीएचसी ले गई। बुधवार की सुबह धान पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान की।

## नारी वंदन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक सभागार में बुधवार को नारी वंदन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे व महिलाओं ने सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि परिवारवाद वाले मेरा परिवार ढूढ रहे है। मेरा परिवार भारत के सभी लोग है। देश का हर गरीब, नवजवान, माता बहने ये सब मेरा परिवार है। सच्चाई बताने का मन कर रहा है। होटी सी आयु मे झोला ले कर निकल पड़ा। कुछ ढूड रहा था जेब मे एक भी रुपया नही था। इसके बाद भी एक दिन भूखा नही रहा। इस लिए मै सबकी दर्द समझता हूँ। परिवाद महसूस किया था इस लिए देश की माताओं का कर्ज उतार रहा हूँ। महिला स्वयं सहायता समूह राष्ट्र सहायता समूह है। समूह की तीन करोड बहनो को लखपति दीदी बनाना है। तब गांव की तस्वीर बदलेगी। बीजेपी सरकार महिलाओं के लिए ड्रोन देगी। इसके साथ ही साथ अन्य योजनाओ को गिनाया। मंडल अध्यक्ष दुर्गेश अग्रहरी, अजय पाल, रामभेज यादव, मनीष त्रिपाठी, सचिदानंद यादव, रमेश चौधरी, ओमकार चौधरी, सदरुद्दीन, विजय शंकर मिश्र, पंकज पांडेय, सचिन, रविंद्र अग्रहरी सहित तमाम महिलाएं मौजूद रही।

## शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के दिए गए टिप्स



**पौली अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक संसाधन केंद्र पौली के पूर्व माध्यमिक विद्यालय शनिचरा बाजार के सभागार में एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी) प्रशिक्षण का द्वितीय बैच के दूसरे दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रार्थना सभा से हुआ। इसके पश्चात प्रशिक्षक शिक्षको को पढाने के विविध तरीके बताताएं। आधारशिला क्रियान्वयन एवं संदर्शिका के उपयोग, साप्ताहिक व वार्षिक कैलेंडर सहित पाठ्यक्रमो को विस्तार से समझाया। साथ ही साथ बीच बीच गतिविधि भी कराया गया और बच्चो को भी कक्षा कक्ष मे पढाते समय अवश्य कराने का निर्देश दिया गया। संदर्भदाता एआरपी राजेंद्र यादव, हरीराम यादव, अजय कुमार, राजेश गुप्ता व दिलीप कुमार ने भाषा-गणित पर जोर दिया। एफएलएन के पाठ्यक्रमो को बिंदुवार व्याख्यान करते व्यवहारिक रूप से अपनाने पर बल दिया। प्रशिक्षण में दीपक यादव, विनय कुमार, राममोहन शुक्ला, नित्यानंद, अनिल कुमार, देवेंद्र, मो उमर, शशिभूषण, मनोज कुमार, पराग सिंह, राघवेंद्र, राजन सिंह, नितेश सिंह, विजय कुमार, मुमताज, इफ्तेखार अहमद,एकता गोस्वामी, रुपाली बर्मा, चंद्रावती, प्रतिमा पाल, माया सिंह, नीलम, अनीता, वीवो खातून, रेखा गुप्ता सहित तमाम शिक्षक व शिक्षा मित्र उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** काला नमक एक्सपोर्ट डेवलपमेन्ट फाउन्डेशन/कृषक उत्पादन संगठन की जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक बुधवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने सभी एफ.पी.ओ. से अपील किया कि काला नमक बोर्ड के सदस्य बने। जिसका आजीवन सदस्यता शुल्क रू0 दस हजार तथा सामान्य सदस्य के लिए रू0 एक हजार तीन वर्ष हेतु निर्धारित है। अधिक से अधिक लोग काला नमक बोर्ड के सदस्य बने जिससे काला नमक के उत्पादन एवं निर्यात अच्छे ढंग से हो सके। उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 45 एफ.पी.ओ. कार्यरत है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने एफ.पी.ओ. के मानीटरिंग हेतु उप कृषि निदेशक को निर्देश दिया।

## मतदाता जागरूकता एलईडी वैन को हरी झंडी दिखायी



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उपजिलाधिकारी डॉ संजीव दीक्षित ने तहसील परिसर से मतदान जागरूकता के लिए मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस एलईडी वैन द्वारा मन्दिर चौराहा, ब्लॉक आदि स्थानों पर चलचित्र के माध्यम से लोगों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। उपजिलाधिकारी डॉ संजीव दीक्षित ने कहा कि इसका उद्देश्य लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करना है। यह वैन तहसील क्षेत्र में जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेगी। प्रशासन का पूरा प्रयास रहेगा कि इस बार मतदान प्रतिशत और बढे। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी तैयारियां अभी से की जा रही है, जिससे पारदर्शी और निष्पक्ष मतदान हो सके। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मतदान का प्रयोग करने का आवाहन किया। उन्होंने बताया कि मतदान हम लोगों का अधिकार ही नहीं बल्कि नैतिक कर्तव्य भी है। इस दौरान तहसीलदार डा. संतराज सिंह बघेल, लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेश चंद्र श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक रामकुबेर यादव, आनन्द गौतम, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## डीएम व एसपी ने किया बूथों का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा बुधवार को तहसील नौगढ़ के अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय पकड़ी, प्राथमिक विद्यालय थरौली, उच्च प्राथमिक विद्यालय महुलानी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चुरिहारी, प्रा वि मदनपुर, सेखुई, परसा खुर्द, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोहांस खास, प्रा वि सोहांस दरमियानी, प्राथमिक विद्यालय धौरीकुईयां व रेहरा के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों में रैम्प, शौचालय आदि ठीक नही है, उन्हे समय से ठीक करा दिया जाये। इसके अलावा जिलाधिकारी ने साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने का निर्देश दिया कहा कि बूथो पर बूथ संख्या का अंकन करा दिया जाये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ललित कुमार मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी सदर सुजीत राय व अन्य संबधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# फाइनल मैच में बस्ती ने रोमांचक मुकाबले में उत्तराखंड को हराया

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अनुमति प्राप्त गौतम बुद्ध ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 के समापन दिवस पर बुधवार को फाइनल मुकाबला बस्ती एवम चंपावत उत्तराखंड की टीम के बीच खेला गया। बस्ती टीम के कप्तान पटेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बस्ती की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट होकर 165 रन ही बना सकी जिसमें संदीप गुप्ता ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 51, सौरभ यादव ने 33 आकाश तिवारी ने 24 रनों का योगदान दिया।चंपावत उत्तराखंड की टीम की तरफ से सिद्धार्थ गुप्ता ने तीन व हर्षित पालीवाल ने तीन विकेट लिया। जबाब में उतरी चंपावत उत्तराखंड की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए पूरी टीम 19.5ओवर में 162 रन बनाकर ऑल आउट हो गई उत्तराखंड की तरफ से सोनू अधिकारी 68 क्षितिज में 20 व अभिषेक ने 24 रनों का योगदान दिया बस्ती की तरफ से सौरभ यादव ने तीन , सौरभ व जितेंद्र साहनीदो-दो विकेट लिया। बस्ती ने इस फाइनल मुकाबले को रोमांचक तरीके से तीन रनों से जीत लिया। फाइनल मुकाबले के मैन ऑफ द मैच बस्ती के सौरभ यादव रहे मैन ऑफ द सीरीज चंपावत उत्तराखंड के हर्षित पालीवाल रहे। बेस्ट बैट्समैन संदीप गुप्ता बस्ती, बेस्ट बॉलर हर्षित पालीवाल चंपावत उत्तराखंड रहे। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक जय प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष शोहरतगढ़ उमा अग्रवाल रही। दोनो अतिथियों का बैच लगाकर एवम माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक बांसी राजा जय प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विजेता टीम को ट्रॉफी एवं 1 लाख का पुरस्कार, उप विजेता टीम को ट्रॉफी 51000 हजार का पुरस्कार, मैन ऑफ द सीरीज के रूप में बजाज प्लेटिना बाइक चंपावत उत्तराखंड के हर्षित पालीवाल कों दिया गया। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक जय प्रताप सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल, सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर चौधरी, सचिव विवेक मणि त्रिपाठी, उपाध्यक्ष योगेश वर्मा, विपिन मणि त्रिपाठी, रवि अग्रवाल,संजय कौशल, राजेश उपाध्याय,अमरदीप चौधरी स्काई मेगावाट, अंपायर विवेकानंद मालिक व आशीष चौधरी, स्कोरर गंगेश्वर कुशवाहा, कॉमेंटेटर धर्मेंद्र सिंह, अनिल मिश्रा, प्रहलाद, केशव यादव, पप्पू यादव, परवीन यादव मौजूद रहे।

## किसानों की समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बुधवार को किसानों की समस्या को लेकर कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष जुल्फेकार अहमद खांन उर्फ पप्पू खां की अगुवाई में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित एसडीएम बांसी की जगह पर नायब तहसीलदार बिंद्रेश गुप्ता को सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए कांग्रेसियों ने कहा कि विगत दिनों प्रदेश में ओलावृष्टि एवं अत्यावृष्टि के कारण हमारे जनपद में भी किसानों की गेहूं आलू तिलहन की खड़ी फसल बर्बाद हो गई है, जिसके चलते किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा परंतु अभी तक वर्तमान सरकार द्वारा किसानों को उनकी फसल की नुकसान का मुआवजा नहीं मिला है जबकि वर्तमान सरकार द्वारा यह घोषणा की गई थी कि किसानों को हुए इस नुकसान का मुआवजा 24 घंटे के अंदर दिया जाएगा। जिसको लेकर बांसी तहसील कार्यालय पर कांग्रेसियों ने मांग पत्र देकर कहा इस आशय के साथ दिया जा रहा है कि किसानों की फसलों की नुकसान का मुआवजा तत्काल दिए जाने का आदेश करेंगे। इस दौरान जिला महासचिव राजन श्रीवास्तव, जिला सचिव सतीश त्रिपाठी, मुबीन खान, जिला अध्यक्ष सोशल मीडिया विक्की रिजवी, जिला सचिन अनुसूचित सेल राधेश्याम, अजनबी जी, विशाल गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष एडवकेट राजेश श्रीवस्तव सहित सैकड़ों कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पिछले सप्ताह हुई भीषण बारिश व ओलावृष्टि को लेकर सौंपा ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाह्न पर बुधवार को जिले के तहसील मुख्यालयों पर जिलाध्यक्ष के निर्देशन में पिछले सप्ताह हुई भीषण बारिश ओलावृष्टि से किसानों का गेहूं एवं दलहन तिलहन के नुकसान को लेकर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया।

सदर तहसील मुख्यालय पर अनिल सिंह अन्नू बाबू की अध्यक्षता में ज्ञापन देकर जिले में हुई असामयिक वर्षा ने किसानों की रीढ की हड्डी पर प्रहार किया है। किसान खाद बीज बोकर अपने फसल की तरफ देख रहा था, कि अचानक ओलावृष्टि ने भारी नुकसान पहुंचा दिया है। उपाध्यक्ष अनिल सिंह अन्नू ने कहा कि सरकार किसानों के नुकसान की भरपाई करे। अगर सरकार ऐसा नहीं करती है तो किसानों के साथ पार्टी आंदोलन करने पर मजबूर होगी। कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी सदर देवेंद्र कुमार गुड्डू, राजेश सिंह, अकरम अली सिद्दीकी, देवेंद्र राव शौकत अली, डॉक्टर प्रमोद, संतोष चौधरी, सुदामा प्रसाद, समून मेकरानी, मोहम्मद जफर आदि की मौजूदगी रही।

## आम के पेड़ मे लटकता मिला एक युवक का शव

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली लोटन क्षेत्र के ग्राम रमवापुर मे 22 वर्षीय युवक का शव बगीचा मे आम के पेड़ में लटकता मिला है।उसकी पहचान अभिषेक कुमार उपाध्याय उर्फ सूरज पुत्र देवनंदन उपाध्याय निवासी रमवापुर के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर सीओ सदर सुजीत कुमार राय थाना प्रभारी लोटन विजय शंकर सिंह उप निरीक्षक रामा प्रसाद यादव पहुंच गये। मृतक मंगलवार की शाम करीब सात बजे घर से निकला और रात मे घर नही आया।

बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने गांव के दक्षिण आम के बगीचे मे अभिषेक कुमार उपाध्याय का पेड़ से शव लटकता दिखाई देने पर परिवार को बताया।जानकारी होते ही तमाम लोग पहुंच गये। सीओ सदर सुजीत कुमार राय ने बताया कि मृतक चार दिन पहले मुम्बई से घर आया था।किस कारण अपना जीवन समाप्त कर लिया पता नही चल रहा है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेच दिया गया है।

## प्रशिक्षण के दूसरे दिन किशोरियों से संबन्धित समस्याओं और निदान पर हुआ चर्चा



**अवधनामा संवाददाता**

**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र बर्डपुर में पॉवर एंजिल एवं मीना मंच, प्रशिक्षण के दूसरे दिन किशोरियों के समस्याओं, रूढ़ियों और उसके समाधान के बारे में चर्चा की गई और प्रतिभागी द्वारा चर्चा परिचर्चा और नाटक के माध्यम से उसका मंचन किया गया। प्रशिक्षक दाधीच कुमार विमल और कल्पना सिंह ने प्रतिभागी शिक्षक शिक्षिकाओं को छः समूहों में बांटकर समाज की रूढ़ियों और किशोरियों की समस्याओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, वृक्षारोपण माहवारी, गन्दगी, परिवेश की साफ सफाई पर सभी समूहों ने चर्चा परिचर्चा के माध्यम से सचिव चित्रण किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने सभी प्रतिभागियों को अनुशासित रूप से चल रहे प्रशिक्षण के लिए सभी की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्र, महेश कुमार, जुबेर अहमद उस्मानी, भारत प्रसाद, सुरेंद्र चौधरी, नुरुल हुदा, मोहम्मद आजाद, हबीबा अजीज, उमा, शारदा श्रीवास्तव, नमिता यादव, नमिता चौधरी, प्रीति गौतम आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

# यशोदा की तरह देखभाल करें आंगनवाड़ी कार्यकत्री: बीईओ

**अवधनामा संवाददाता**



प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित हुई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** परिषदीय विद्यालयों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के मीटिंग हॉल में बुधवार को हुआ।

प्रशिक्षण के अंतिम दिन आयोजित प्रशिक्षण समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डुमरियागंज बीआरसी सभागार में बाल वाटिका कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक शेषराम यादव व तारिक मुस्तफा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। इस दौरान उनके द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आंगनवाड़ी में पंजीकृत नौनिहालों की प्री प्राइमरी शिक्षा और उनको भौतिक परिवेश की जानकारी प्रदान करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बीआरसी पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बाद कार्यकत्रियां अपने-अपने केंद्रों पर नौनिहालों का ज्ञान मजबूत करेंगी। कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि बीआरसी सभागार में शासन की मंशा के अनुकूल नौनिहालों मानसिक और शारीरिक विकास को और बेहतर बनाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण चल रहा है। कुल 45 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। बीईओ ने बताया कि बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता मजबूत करने के लिए शासन से समय-समय पर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्री प्राइमरी शिक्षा को लेकर विभाग गंभीर है। बाल्यकाल से दी गई जानकारियां उम्र बढ़ने के साथ मन व मस्तिष्क में बनी रहती हैं। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए लर्निंग मटेरियल को बच्चों के मानसिक स्तर के अनुसार प्रयोग कर उनके मानसिक विकास को बढ़ाएं। केंद्रों पर पंजीकृत पांच से छह वर्ष तक के बच्चों का नए शैक्षिक सत्र में परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में दाखिला होगा। इस दौरान मुख्य सेविका विंध्यवासिनी सिंह व विमला पांडे एवं प्रशिक्षण प्रतिभागियों में रोशनआरा, सुनीता ,आशा, निर्मला, आरती सिंह, तसनीम फारूकी, संजीवनी, शशि लता, उषा चौधरी, शमा आदि उपस्थित रही।

## वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री के संवाद को समूह की महिलाओ ने सुना



**अवधनामा संवाददाता**

**आलापुर (अंबेडकरनगर)।** विधानसभा क्षेत्र आलापुर अंतर्गत ब्लाक मुख्यालय जहांगीरगंज में वीडीओ कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रधानमंत्री के संवाद को सुना। ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों समूह की महिलाओं ने भाग लिया और कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी जहांगीरगंज अनिल कुमार कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मण्डल अध्यक्ष अमित गिरि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख अरविन्द सिंह, डा संजय सिंह व विशाल सिंह मौजूद रहे। प्रधान मंत्री मोदी ने समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर जोर देते हुए कहा कि आधी आबादी को मजबूत करने से ही भारत देश को विकसित देश बनाया जा सकता है। नारी शक्ति वंदन अभियान के समापन समारोह में भाजपा नेता रामा वर्मा, रामविनय वर्मा, पंकज शुक्ला बीएमएम बृजलाल, डीईओ दिवाकर मौर्य, समूह सखी पुष्पा, सुमन,ज्योति, रेनू, नंदनी, सरिता, केयर टेकर विनीता निषाद, सोनवर्षा, संगीता, सुनीता, सुमन, अनीता, बैंक सखी चंदा, पुष्पा, सुनीता, आदि सैकड़ों समूह की महिलाएं अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव के साथ मौजूद रही।

## पत्नी को चाकू से किया लहूलुहान, पति गिरफ्तार

**इटवा, सिद्धार्थनगर।** इटवा थाना से कुछ दूरी पर भानपुर थाना सोनहा जनपद बस्ती निवासी संदीप 25 वर्षीय ने परिवारिक रंजिश में 19वर्षीय पत्नी इटवा थाना क्षेत्र सगरा पर चाकू से मुंह पर कई वार कर डाले। जिससे युवती खून से लथपथ हो गई। युवती की चीख पुकार सुनकर लोग मदद के लिए दौड़े और घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी इटवा गये जहां डाक्टरो ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही इटवा पुलिस मौके पर पहुंच लोगों से पूछताछ करने के बाद उसके पति के खिलाफ हत्या के प्रयास में मुकदमा धारा 307 में केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ पत्नी की हत्या का प्रयास किए जाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना बुधवार दोपहर 3 बजे के आसपास बताई जा रही है। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक इटवा संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। धारा 307 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## बिना भेदभाव के योजनाओं का सभी तक लाभ पहुंचाने का सरकार कर रही प्रयास




**जलालपुर, अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने को जुटी भाजपा लगातार शक्ति वंदन अभियान चलाकर महिलाओं से संवाद कर रही है।इसी क्रम में जलालपुर स्थित संत पलटू साहब मंदिर समेत विभिन्न स्थानों पर हुए मातृवंदन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया।पीएम मोदी के वर्चुअल संबोधन को सुनने बड़ी संख्या में विभिन्न वर्गो की महिलाएं पहुंची।अधिशासी अधिकारी नगर पालिका की मौजूदगी और संयोजक आशीष सोनी के संचालन में हुए कार्यक्रम में बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव,नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र,अभियान संयोजक विकाश निषाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा गुप्ता,मानिक चंद्र सोनी,सुरेंद्र सोनी समेत अनेक वरिष्ठ भाजपाई मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाओं की मौजूदगी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी। पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मातृशक्ति के हितों का ध्यान रखते हुए जितनी योजनाएं बीजेपी सरकार ने शुरू की हैं,उतनी आजादी के बाद अब तक किसी सरकार ने नही की थी।अब बिना किसी वर्ग संप्रदाय के भेदभाव के योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंच रहा है। इस दौरान केतकी शर्मा, रेनू देवी, डेविड गोरे, आनंद जायसवाल,आशाराम, अमित, रामलाल देवर्षि, मनीष सोनी, हरिओम सोनी, आनंद मिश्र, सतनाम सिंह, महेन्द्र चौहान, संतोष गुप्त समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जनपद को मिलेगी पराली प्रदूषण से मुक्ति कृषि क्षेत्र में किसानो की होगी अतिरिक्त आय

**अवधनामा संवाददाता**



**अंबेडकरनगर।** प्रधानमंत्री के 5 ट्रिलियन इकोनामी व यशस्वी मुख्यमंत्री के एक ट्रिलियन इकोनामी के सपने को साकार करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जनपद लगातार प्रदेश में अपना स्थान बनाता जा रहा है। इसी क्रम में आज 5800 करोड रुपए इंटेंट का किया गया। इससे जनपद को उद्योग जगत में एक अलग पहचान मिलेगी और जनपद नई ऊंचाइयों को छूएगा। जैनी केमिकल और फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड मुंबई द्वारा जनपद अंबेडकर नगर में 5800 करोड रुपए निवेश कर 350 मेगावाट बिजली व ग्रीन मेथेनाल उत्पादन किया जाएगा। इसके लिए टांडा तहसील में जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सचिन यादव द्वारा पूर्व में दिखाया गया था। जिसे जैनी केमिकल के प्रतिनिधियों द्वारा वहां पर अपने प्लांट लगाने के लिए आगे की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसके क्रम में आज जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा उप जिलाधिकारी सचिन यादव व जैनी केमिकल की टीम ने अपर मुख्य सचिव अतरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग उत्तर प्रदेश शासन महेश चंद गुप्ता से लखनऊ जाकर वार्ता की गई। जिस पर अपर मुख्य सचिव सर द्वारा भी सहमति जताई गई। इसके बाद इस टीम द्वारा यूपीपीसीएल के अध्यक्ष आशीष गोयल सर से भी वार्ता की गई है उनके द्वारा भी इस प्रोजेक्ट पर सहमति जताई गई है। अवगत कराया गया कि उन्हें जनपद से 100 एकड़ जमीन नदी के किनारे लीज पर दिखाया गया। जो 30 वर्ष से अधिक के लीज पर यूपी नेडा के द्वारा जैनी केमिकल के साथ लीज करार होगा। यहां पर उनके द्वारा कृषि क्षेत्र के वेस्ट मैटेरियल यथा गन्ना की खोई,धान की भूसी, पराली सहित अन्य वेस्ट मैटेरियल द्वारा 1515 टन प्रतिदिन ग्रीन मेथेनॉल व बिजली का उत्पादन किया जाएगा। लगभग वर्ष भर में 20 लाख टन कृषि क्षेत्र के वेस्ट मैटेरियल की आवश्यकता होगी। इसके माध्यम से जहां एक तरफ हमें विदेशी पेट्रोल खरीद के निर्भरता में कमी आएगी वहीं दूसरी तरफ कृषि वेस्ट मैटेरियल पराली आदि जलाने से प्रदूषण का भी बचाव होगा साथ ही वेस्ट मैटेरियल के बिक्री से किसानों को आय प्राप्त होगी।

## देश ही मोदी का परिवार

आम चुनाव की घोषणा हुई भी नहीं, लेकिन नेताओं के कीचड़ उछालने और आपत्तिजनक शब्द बोलने का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी के लिए पहले कांग्रेस ने खूब अपशब्द कहे हैं, लेकिन अब लालू यादव ने ऐसा मुद्दा उछाला है कि मोदी और भाजपा ने उसे लपक लिया है। लालू ने सार्वजनिक मंच से कहा है कि मोदी का अपना परिवार तो नहीं है, लिहाजा वह 'परिवारवादी पार्टियां' कहते रहते हैं। मोदी हिंदू भी नहीं हैं, क्योंकि मां के शोक में उन्होंने सिर नहीं मुंडवाया और न ही दाढ़ी साफ कराई। प्रधानमंत्री तेलंगाना में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे, वहीं उन्होंने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए कहा-'मैं परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो उन्होंने बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार हैं। जिसका कोई नहीं है, वे भी मोदी के हैं और मोदी उनका है।' प्रधानमंत्री के इस कथन के बाद भाजपा अध्यक्ष, मंत्रियों, सांसदों और कई मुख्यमंत्रियों ने सोशल मीडिया पर अपने बायो बदलते हुए लिख दिया-'मोदी का परिवार।' और यह बदलाव सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा। कुछ ही देर में यह मुद्दा बन गया। राजनीति 2019 के ढर्रे पर मुड़ गई। तब कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राफेल विमान सौदे में कथित भ्रष्टाचार पर एक जुमला उछाला था-'चौकीदार चोर है।' उसकी त्वरित प्रतिक्रिया में भाजपा नेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिख लिया था-'मैं भी चोर हूं।' अंततः वह जुमला 2019 के चुनावों का प्रमुख मुद्दा बन गया। दरअसल यह मोदी की रणनीति रही है या चुनावी-कौशल माना जाए कि उन्होंने मौत का सौदागर, चायवाला, बिच्छू, सांप, भस्मासुर, बंदर, खून की दलाली, गंदी नाली का कीड़ा आदि से लेकर जहरीला सांप तक सभी अपशब्दों को चुनावी जनादेश में परिणत कर लिया है।

अधिकतर अपशब्द तब बोले गए, जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। यह राजनीति उनके विपक्षी बखूबी जानते हैं, लेकिन फिर भी ऐसे ही निजी हमले करते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी पीड़ित और बेचारगी की मुद्रा में आकर, खूब आक्रामक तरीके से, उसी गालीनुमा शब्द को देश की जनता के सामने दोहराते रहे हैं। लालू यादव न तो हिंदू धर्म के ज्ञाता विशेषज्ञ हैं और न ही शोकावस्था की रस्मों को पूरी तरह जानते हैं। सनातन से जुड़े कई संप्रदायों, मतों, जातियों में सिर मुंडवाने और दाढ़ी साफ कराने की परंपरा ही नहीं है। खुद लालू यादव के भाई का निधन हुआ था, तो उन्होंने सिर नहीं मुंडवाया। कांग्रेस के ही उदाहरण लें, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद, शोकाकुल राजीव गांधी को सिर नहीं मुंडवाना पड़ा था। यही परंपरा राहुल गांधी ने भी निभाई। लालू या विपक्ष का कोई भी नेता देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक अपशब्दों का इस्तेमाल करता है, तो क्या चुनाव की लहर उनके पक्ष में बहने लगेगी? यदि अब चुनावी फ़िज़ाओं में 'मोदी का परिवार' ही गूंजता रहेगा, तो जाहिर है कि बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, पेपरलीक, यौन शोषण, किसानी, असल अर्थव्यवस्था सरीखे मुद्दे चुनाव में पीछे छूट जाएंगे। हमने तो अधिकतर चुनाव किसी तात्कालिक और उत्तेजक मुद्दे पर ही होते देखे हैं। देश की जनता को व्यापक और गहरे तौर पर प्रभावित करने वाले मुद्दे बेजां ही चीखते रहे हैं।

परिवारवादी राजनीति भारत में खूब फल-फूल रही है। करीब 30 फीसदी सांसद राजनीतिक परिवार से आते हैं। करीब 22 फीसदी सांसद भाजपा में भी परिवारवादी हैं, लेकिन दोनों की परिभाषा और चरित्र में बहुत अंतर है। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में बोलते हुए इनके अंतर को स्पष्ट किया था। ऐसी परिवारवादी राजनीति कमोबेश लोकतंत्र के लिए घातक है। राजनीतिक दल परिवारवादी नहीं होने चाहिए। बेशक एक ही परिवार के कई काबिल और जनाधार वाले लोग राजनीति में एक साथ सक्रिय रह सकते हैं। जिस तरह कांग्रेस में गांधी परिवार ही मुख्य धुरी है, उसी तर्ज पर कई अन्य दल भी वंशानुगत हैं। बहरहाल इस बहस से भाजपा को ही लाभ होगा।

## लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन का दायित्व


मोहम्मद क़मर खाँ

उत्तराखण्ड की पहाड़ी फ़िज़ा के बीच 190 एकड़ क्षेत्र में फैला अकादमी का यह प्रांगण, चार्ली विले, मसूरी, उत्तराखण्ड-248179 में स्थित है। यह संस्थान, देश के सिविल सर्विसेज़ के प्रशासनिक केन्द्रों में से एक है। जहाँ अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को, सक्षम रूप से प्रशिक्षित किये जाने के दायित्व का निस्तारण किया जाता है। एकेडमी



का मुख्य उद्देश्य, आई0ए0एस0 कैडर के सिविल सर्वेन्ट्स को प्रशिक्षण प्रदान करना ग्रुप-ए-सेन्ट्रल सिविल सेवाओं हेतु फाउन्डेशन कोर्सेज़ आयोजित करना है। मसूरी में इस एकेडमी का सुभारम्भ, पहली सितम्बर 1959 को हुआ था।

प्रशिक्षण के दौरान ऐसे सभी अधिकारियों को ओ0टी0,ज़ कहा जाता है। प्रशिक्षण की शुरूआत 'फाउन्डेशन कोर्स' से होती है। यह तीन माह का होता है। इस फाउन्डेशन कोर्स में आई0ए0एस0 प्रशिक्षण के साथ साथ, अन्य सर्विसेज के सिविल सर्वेन्टस की भी ट्रेनिंग यहाँ होती है। फाउण्डेशन कोर्स प्रारम्भ होने के एक माह बाद से सभी आफीसर्स प्रशिक्षणार्थियों को, छप्पन हजार एक सौ रू0 प्रतिमाह की धनराशि, वेतन के रूप में मिलना शुरू हो जाती है। यह वेतन, सातवें वेतन आयोग के अनुसार दिया जाता है। वेतन के रूप में देय उक्तानुसार धनराशि में से रू0 10000/- (दस हजार) प्रतिमाह, मेस चार्जेज़ के रूप में काट लिया जाता है। जिससे प्रशिक्षण के दौरान फूडिंग व्यवस्था की जाती है। प्रशिक्षण की रूप रेखा निम्नानुसार होती हैः-

(1) फ़ेस-1 (2) डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग (3) फेस-2 (4) असिस्टेन्स, सिक्रेटरी दिये जाने वाले प्रशिक्षण में हर प्रकार की एक्सर्टनल और इन्र्टल गतिविधियों की व्यवस्था की जाती है। एक्टर्नल गतिविधि के अन्तर्गत, प्रारम्भिक चार हफ्तों के दौरान मसूरी तथा आस पास के स्थानों पर, ट्रैक पर भेजा जाता है।

(1) जार्ज एवरेस्ट पीक (2) बेनाम हिल (3) लाल तिब्बा (4) 100 कि0मी0 का

हिमालियन ट्रैकः- इस ट्रैक में आफीसर्स टेनीज़ का स्वयं भाग लेना अनिवार्य होता है। यह ट्रैक दस दिनों तक चलता है। इसके अतिरिक्त एक सप्ताह का 'विलेज विजिट' भी अनिवार्य होता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

भारत में पाम को बढ़ावा देने के लिए 11000 करोड़ के शुरुआती परिव्यय के साथ बड़े निवेश की घोषणा की गई। तिलहन पर राष्ट्रीय मिशन को तेजी से आगे बढ़ाया गया है। हमारी माननीय वित्त मंत्री ने अपने अंतरिम बजट भाषण के दौरान तिलहन मिशन शुरू करने की घोषणा की, जो उस गंभीरता को दर्शाता है जिसके साथ अब इस समस्या का समाधान किया जा रहा है। इस उद्योग के प्रमुख संगठन एसईए ने बड़े जोर-शोर के साथ सरसों मिशन (मस्टर्ड मिशन) शुरू किया और सरकार के समर्थन से अपने देश में सरसों के उत्पादन में भारी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

# पीली क्रांति- समय की है मांग


अतुल चतुर्वेदी

पिछले साल खाद्य तेलों का आयात 165 लाख टन तक पहुंच गया। लेकिन, यह हर किसी के लिए आश्चर्य की बात होगी कि पिछली शताब्दी के नब्बे के दशक में भारत खाद्य तेलों में काफी हद तक आत्मनिर्भर था। हमारा खाद्य तेल का आयात महज 3.0 लाख टन था। हालांकि, हरित क्रांति की शुरुआत के बाद गेहूं और चावल के प्रति हमारे जुनून (या सनक) के चलते भारत तिलहन की कीमत पर इन वस्तुओं के मामले में सरप्लस (अधिशेष) देश बन गया है।

**संकीर्ण सोच- गवां दिए गए दशक :** लगभग दो दशक पहले मेरी एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी से तिलहन क्षेत्र के साथ सौतेले व्यवहार पर दिलचस्प बातचीत हुई थी। उनके जवाब से उस समय के नीति निर्माण से जुड़े लोगों की सोच के मूलभूत कारणों का सार सामने आया। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र ने खाद्य तेलों की आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने में इतना अद्भुत काम किया है कि उन्हें तिलहन के विकास पर जोर देने की आवश्यकता महसूस नहीं होती है। कई वर्षों तक कमोडिटी की कम कीमतों के चलते नीति निर्माण संबंधी फैसले लेने वाले शांत बने रहे और यह बात उनके द्वारा तय प्राथमिकताओं से भी जाहिर होती है। इस संकीर्ण सोच के परिणामस्वरूप खपत के लिए आयात पर भारत की निर्भरता लगभग 60-65 प्रतिशत तक बढ़ गई, जिससे हमारी खाद्य तेल सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हुई। आयात बिल अब बढ़कर लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया और साल दर साल बढ़ता जा रहा है। हमारे विचार में खाद्य सुरक्षा का मतलब केवल गेहूं और चावल की सुरक्षा नहीं है क्योंकि भोजन पूरा करने के लिए आपको दालों और खाद्य तेल दोनों की आवश्यकता होती है।

वर्षों तक तिलहन क्षेत्र की उपेक्षा करने की गलती का असर हमें तब नजर आया, जब कोविड का प्रकोप हुआ। इंडोनेशिया द्वारा अपने घरेलू बाजार की सुरक्षा के लिए पाम तेल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के साथ, भारत में खाद्य तेल की कीमतें आसमान छूने लगी। स्थिति वास्तव में चिंताजनक हो गई थी और खाद्य तेल की कीमतें लगभग 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई। तिलहन की कीमतें काफी अधिक बढ़ गई और सोयाबीन 10000 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर बिकीं। इसनेनीति निर्धारकों के सामने चिंताजनक स्थिति पैदा कर दी।

**सरकारी पहल :** मोदीजी के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार ने हालात को बखूबी समझा तथा इसके नतीजों को सीमित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी कि आम आदमी ज्यादा प्रभावित न हो। निर्णय लेने और तत्काल सुधार की पहल करने की गति अनुकरणीय थी। मैं चार दशकों से अधिक समय से खाद्य तेल और तिलहन व्यवसाय में हूं, लेकिन सरकारी अधिकारियों का इस तरह का सक्रिय दृष्टिकोण कभी नहीं देखा गया है। उन कुछ कार्यों



को याद करना अप्रासंगिक नहीं होगा जिनसे कोविड के दौरान और कोविड के बाद के कठिन समय में सहायता मिली। कभी-कभी आश्चर्य होता है कि यदि सरकारी फैसले लेने की गति पुराने ढर्रे पर बनी रहती तो हम एक ऐसी दुर्दशा के साक्षी होते जिसका वर्णन करना संभव नहीं होता। तत्कालीन खाद्य सचिव और उनकी टीम ने यह सुनिश्चित करन के लिए कि आपूति प्रभावित न हो, आधी-आधी रात तक मेहनत की। व्यावहारिक रूप से हर दूसरे दिन उद्योग से जुड़े बड़ी कंपनियों के साथ जूम पर बैठकें आयोजित की जाती थीं और समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान निकाला गया। ईमानदारी से कहें तो एक समय जिनसे अप्वाइंटमेंट पाने के लिए दर-दर भटकना पड़ता था, उन्हीं सचिव, संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों से नियमित आधार पर बात करना एक अनूठा अनुभव था। इन बड़े बदलावों का स्वागत है। भले ही आयात पर निर्भरता बहुत अधिक है, बंदरगाहों से खाद्य तेल की खेपों की निकासी में 10/15 दिन लग जाते थे जिसके परिणामस्वरूप आपूर्ति श्रृंखला बाधित होती थी। सरकार के त्वरित कदम उठाए जाने से दो दिनों के भीतर मंजूरी सुनिश्चित हुई।

खाद्य तेलों के आयात पर लगने वाले शुल्क में व्यापक स्तर पर कटौती की गई। खाद्य तेल निर्माताओं से कीमतें कम करने का अनुरोध किया गया था और हमारी एसोसिएशन-एसईए ने समय की इस जरूरत को देखते हुए कीमतें कम करने की दिशा में उद्योग को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उद्योग ने सक्रिय रूप से और तुरंत प्रतिक्रिया दी। इंडोनेशिया से जुड़े मसलों को कूटनीतिक तरीके से सुलझाया गया और उन्हें कुछ ही समय में प्रतिबंध वापस लेना पड़ा और उनके संबंधित मंत्री माहौल को दुरुस्त करने के लिए भारत आए थे। दुनिया के लिए संदेश स्पष्ट था- भारत के साथ खिलवाड़ मत करो। काला सागर (ब्लैक सी) क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव के कारण सूरजमुखी के तेल की आपूर्ति भी बाधित हुई। रूस से आयात खोलने में सक्रिय रूप से कदम उठाए जाने से अव्यवस्था को न्यूनतम रखने में मदद मिली। प्रधानमंत्री ने दीर्घकालिक आधार पर स्थिति से निपटने के उद्देश्य से सुझाव प्राप्त करने के लिए प्रमुख कंपनियों के साथ एक जूम बैठक भी की। यह लेखक भी वहां मौजूद वक्ताओं में से एक था और इस दौरान ऐसे सुझाव दिए गए जो खाद्य तेल/तिलहन में आत्मनिर्भरता के मुद्दे को संबोधित करने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं। इन सभी उपायों का अपेक्षित प्रभाव पड़ा और बढ़ती कीमतों को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया गया।

**आत्मनिर्भरता की ओर कदम :** जब से हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से आह्वान किया है कि नीति निर्माण के लिहाज से आत्मनिर्भरता बेहद अहम है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं कि हम देश में तिलहन उत्पादन में सुधार की दिशा में पहल होते देख रहे हैं। भारत में पाम को बढ़ावा देने के लिए 11000 करोड़ के शुरुआती परिव्यय के साथ बड़े निवेश की घोषणा की गई। तिलहन पर राष्ट्रीय मिशन को तेजी से आगे बढ़ाया गया है। हमारी माननीय वित्त मंत्री ने अपने अंतरिम बजट भाषण के दौरान तिलहन मिशन शुरू करने की घोषणा की, जो उस गंभीरता को दर्शाता है जिसके साथ अब इस समस्या का समाधान किया जा रहा है। इस उद्योग के प्रमुख संगठन एसईए ने बड़े जोर-शोर के साथ सरसों मिशन (मस्टर्ड मिशन) शुरू किया और सरकार के समर्थन से अपने देश में सरसों के उत्पादन में भारी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। कुछ साल पहले उत्पादन 7.0 मिलियन टन के आसपास रहता था और अब यह 12.0 मिलियन टन के स्तर तक पहुंच गया है। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि सरसों ही हमारी रक्षक रही है। तिलहन क्षेत्र के सामने सबसे बड़ी समस्या बेहद कम उत्पादकता है। विडंबना यह है कि पिछले कुछ वर्षों में गैर-सरकारी संगठनों और कार्यकर्ताओं ने जीएम तिलहन को पेश करने के प्रयासों को बाधित किया है, जिससे पैदावार बढ़ाने की क्षमता हासिल हो सकती है। यह मौजूदा सरकार ही है जिसने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दिया है कि तिलहन में जीएम का विरोध करना राष्ट्रविरोधी होने के समान है। इस अहम फैसले से तिलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के प्रयासों में काफी मदद मिलेगी।

# बाघ सदैव रहें : भारत की सफलता की कहानी और भविष्य की कल्पकना


डॉ. राजेश गोपाल


मोहनीश कपूर

उत्तर प्रदेश के डाउनस्ट्रीम जिलों में पानी का प्रावधान (1.61 बिलियन प्रति वर्ष) और नई दिल्ली शहर के लिए जल शुद्धिकरण सेवाएं (550 मिलियन रु. प्रति वर्ष) सीधे कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से उत्पन्न होती हैं। बाघ पर निवेश के गुणन प्रभाव बिल्कुल स्पष्ट है। स्थानीय लोग, बाघ परिदृश्य में प्राथमिक हितधारक होने के नाते, बाघ अभयारण्यों में कार्यबल के रूप में अपनी तैनाती के माध्यम से आजीविका भी प्राप्त करते हैं। वे मनुष्य और बाघ से जुड़कर मुद्दों का समाधान करते हुए सतही बफर क्षेत्रों में लाभकारी सामुदायिक प्रबंधन में भी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने अप्रैल 2023 में ÷अमृत काल का टाइगर विजन (टाइगरञ्च2047)÷ की शुरुआत की। इसका आयोजन मैसूर में एक अंतर्राष्ट्रीय स्मरणोत्सव कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्ट) टाइगर के पांच दशकों की सफलता पर किया गया। जंगल में रहने वाले हमारे बाघ, भविष्य की परिकल्प ना का रोडमैप हैं और बाघ परिदृश्य निरंतर बदल रहा है। समय के हेर-फेर के बीच प्रोजेक्ट टाइगर यात्रा सीखने के लिए एक बेहतरीन अनुभव रही है। केन्द्रह और अठारह राज्यों द्वारा परिमाण और पैमाने के मामले में, बाघों के लिए विश्व स्तर पर उठाए गए बेजोड़ कदमों ने अनेक परिपाटियों को जन्मऔ दिया। ये स्तएर में सुधार के लिए उपयोगी थे।

बाघ को क्यों बचाएं? प्रोजेक्ट टाइगर के क्या लाभ हैं? क्या यह एक करिश्माई प्रजाति के लिए एक काल्पनिक विचार था? क्या समाज को समग्र रूप से लाभ हुआ? स्थानीय लोगों को कैसे फायदा हुआ? क्या बाघों में केन्द्रिोत एक विशेष दृष्टिकोण उन्ति सम्ब न्धीु अत्यंत आवश्यक एजेंडे के साथ तालमेल बिठा सकता है? बाघों के संरक्षण के लिए किए गए प्रयास हमारी जलवायु प्रतिबद्धताओं के साथ निश्चित रूप कैसे ले सकते हैं? ये कुछ प्रश्न हैं जो अक्सर पूछे जाते हैं, और यह सही भी है।बाघ महत्वपूर्ण है। विशेषकर संरक्षण के उद्देश्यस से एक पारिस्थितिकी तंत्र के प्रतिनिधि के रूप में चुनी हुई प्रजाति, के अस्तित्व के लिए उसे एक ऐसे बड़े शिकार आधार की आवश्यकता होती है, जिसे विशाल जंगलों का सहारा हो। इस प्रकार, बाघों को संरक्षित करने के प्रयासों से पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का यथास्थान संरक्षण होता है।

इसलिए, बाघ का एजेंडा एक फोटोग्राफर की खुशी को बढ़ावा देने से कहीं अधिक है! समाज को इनके असंख्य लाभ हैं-मूर्त और अमूर्त दोनों। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने इनका परिमाण निर्धारित किया है। उदाहरण के तौर पर, कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व से व्यापक लाभ में शामिल हैं- जीन पूल संरक्षण (प्रति वर्ष 10.65 बिलियन रुपये), पानी का प्रावधान (4.05 बिलियन प्रति वर्ष), वन्यजीव आवास और रिफ्यूजिया (जलवायु परिवर्तन से अप्रभावित क्षेत्र) (274 मिलियन रुपये प्रति वर्ष), स्थानीय रोजगार 82 मिलियन रुपये प्रति वर्ष। स्टॉक 261.8अरब रुपये था और प्रवाह 14.7 अरब रुपये प्रति वर्ष था। प्रति वर्ष प्रति हेक्टेयर प्रवाह लाभ 1.14 लाख रुपये था, जबकि प्रबंधन लागत के अनुपात के रूप में प्रवाह लाभ 368 था। अमूर्त वस्तुएं मूर्त से कहीं अधिक थीं। पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं से न केवल आसपास के परिवेश को लाभ होता है, बल्कि इनका दूरगामी प्रभाव भी पड़ता है। उत्तर प्रदेश के डाउनस्ट्रीम जिलों में पानी का प्रावधान (1.61 बिलियन प्रति वर्ष) और नई दिल्ली शहर के लिए



जल शुद्धिकरण सेवाएं (550 मिलियन रु. प्रति वर्ष) सीधे कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से उत्पन्न होती हैं। बाघ पर निवेश के गुणन प्रभाव बिल्कुल स्पष्ट है। स्थानीय लोग, बाघ परिदृश्य में प्राथमिक हितधारक होने के नाते, बाघ अभयारण्यों में कार्यबल के रूप में अपनी तैनाती के माध्यम से आजीविका भी प्राप्त करते हैं। वे मनुष्य और बाघ से जुड़कर मुद्दों का समाधान करते हुए सतही बफर क्षेत्रों में लाभकारी सामुदायिक प्रबंधन में भी शामिल हैं। प्रोजेक्ट टाइगर के अंतर्गत बाघों की योजना मूल रूप से पारस्पारिक रूप से पूरक विशिष्टम बाघ एजेंडा और सतही बफर तथा उससे परे एक समावेशी जन केंद्रित दृष्टिकोण का संयोजन है।

इस संदर्भ में प्रभाव क्षेत्र को नज़रअंदाज नहीं किया गया है। ऐसे क्षेत्रों में कॉरिडोर लिंकेज को मैप किया गया है, जो समावेशी प्रोत्सा हन के लिए कई क्षेत्र संरचनाओं, जिलों को मिलाते हैं। भारत में जंगल में रहने वाले बाघों के एजेंडे का केन्द्राभिमुखी बनाम अपकेन्द्री य दृष्टिकोण प्रतिष्ठित लुप्तप्राय प्रजातियों को आजीविका और स्थाअयी विकास, वैश्विक स्थाभयी विकास के साथ समन्वय में पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतरी का संकेतक, जैव विविधता संरक्षण और जलवायु लक्ष्य, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को स्थायी रूप से सुरक्षित करने के लिए हरित निवेश और एक इकोसिस्टतम सुरक्षित करने का शुभंकर बनने की अपार संभावनाएं प्रदान करता है। हमारे प्रधानमंत्री द्वारा जारी अमृत काल का टाइगर विजन में कई मजबूत कार्यों की परिकल्पना की गई है। मोटे तौर पर, तीन स्तरों अर्थात राष्ट्रीय, राज्य और बाघ अभयारण्य को मान्यता दी गई है। राष्ट्रीय स्तर की विषय वस्तुत (बारह) में वन्यय क्षेत्र और जानवरों की कम आबादी वाले क्षेत्र (कोर और बफर) के लिए बढ़ी हुई केन्द्री य सहायता, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन से जुड़ना, जलवायु स्मार्ट कार्यों को बढ़ावा देना, सतही क्षेत्रों में आंतरिक कार्बन व्यापार के लिए बाजार संबंधों को मजबूत करना, स्थानीय वन संसाधन निर्भरता की तुलना में बाघ परिदृश्य में वन उत्पादकता में सुधार करना, महामारी बफरिंग को बढ़ावा देना, इकोसिस्ट्म सेवाओं का मूल्यांकन, बाघ प्रबंधन में सुधार, बाघ अभयारण्यों के पास पारंपरिक छोटे शहरों की स्थिरता को बढ़ावा देना और मेजबान समुदाय संचालित इको-पर्यटन शामिल है। राज्य स्तरीय विषयगत क्षेत्रों में कोर (चौदह) और बफर/सतही क्षेत्र (तेईस) की विषय वस्तु है।

टाइगर निवेश के बहुत लाभ हैं। अनुभवजन्य निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि 2020-21 के दौरान प्रोजेक्ट टाइगर के तहत बजटीय आवंटन का एक चौथाई से अधिक हिस्सा जलवायु लाभ के रूप में वापस प्राप्त किया गया था। शायद, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित कार्बन नेट जीरो लक्ष्य (वर्ष 2070) तक पहुंचने के लिए बाघ और बाघ वाले जंगल सबसे अधिक किफायती तरीकों में से एक हैं। बाघों के मामले में भारत के प्रयासों को काफी सराहना मिली है। इस संदर्भ में वैश्विक नेतृत्व की स्थिति पर कब्जा करते हुए भारत ने कैसे बदलाव किया? इसका श्रेय हमारी संघीय और अठारह राज्य सरकारों, प्रतिबद्ध वन कर्मियों और स्थानीय लोगों की सद्भावना को जाता है। प्रोजेक्ट टाइगर केन्द्रक और राज्य सरकारों के बीच साझा जिम्मेदारी का एक बड़ा उदाहरण है। उपलब्धियां अनेक हैं। हमारे राष्ट्रीय कानून में बाघ प्रावधानों को सक्षम करने के अलावा, 2023 में हालिया संशोधनों के साथ, दशक के दौरान पचपन बाघ अभयारण्यों के साथ प्रोजेक्ट टाइगर कवरेज में वृद्धि हुई है। लगभग 43513 वर्ग कि.मी. संरक्षित क्षेत्रों को कोर (वन्या क्षेत्र) क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया गया है, जो देश में सतही और जानवरों की कम आबादी वाले क्षेत्र (बफर) 35222.58 वर्ग किमी. से भरपाई करते हैं। बाघ, सह-शिकारियों, शिकार और प्राकृतिक वास के देश स्तर के मूल्यांकन को अत्याधुनिक, सांख्यिकीय रूप से मजबूत पद्धति का उपयोग करके परिष्कृत किया गया है। अत्यावश्यक स्थितियों से निपटने के लिए कई एसओपी मौजूद हैं। मानव-बाघ टकराव को सक्रिय रूप से प्रबंधित किया जाता है।

# 'विकसित भारत' के लिए सार्वजनिक प्रसारण व्यवस्था की नए सिरे से परिकल्पना

**शशि शेखर वेम्पति**

30 से अधिक शैक्षिक चैनलों की उपलब्धता का आशय उन लाखों छात्रों को महत्वपूर्ण रूप से शैक्षिक कंटेंट सुलभ कराने से हुआ जो इंटरनेट संबंधी बाध्यताओंसेपार पाने में समर्थ रहे और जिन्हें दूरस्थ कक्षाओं के लिए कंप्यूटर पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ी ।इन लाखों छात्रों के शैक्षणिक वर्ष को बचाने में फ्रीडिश की भूमिका की दुनियाभर के मीडिया प्रतिष्ठानों ने सराहना की।

भारतीय सार्वजानिक प्रसारण व्यवस्था में पिछले एक दशक के दौरान हुए सुधारों का आलोचनात्मक मूल्यांकन न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद हुए बदलावों, बल्कि 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में देश की विकासात्मक यात्रा में सार्वजनिक सेवा की मीडिया द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका की दृष्टि से भी जरूरी है।

अगर 2004 से लेकर 2014 तक की अवधि वाले यूपीए के शासनकाल को अक्सर 'गवां दिए गए दशक'के रूप में निरूपित किया जाता है, तो यह सार्थक सुधारों के प्रति तत्कालीन सरकार की उदासीनता को देखते हुए सार्वजनिक प्रसारण के संदर्भ मेंखासतौर पर सच है।बीसवीं सदी की मानसिकता में लिपटे संगठन के रूप में दूरदर्शन और आकाशवाणी 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने में असमर्थ होने के कारण यथास्थिति के भंवर में फंसे रहे। हालांकि, 2014 के बादसे, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के कारण, प्रसार भारती ने सार्वजनिक प्रसारण व्यवस्था में सुधारों की एक अभूतपूर्व यात्रा शुरू की, जिसका सबसे अच्छा प्रभाव कोविड-19 महामारी के समय महसूस हुआ।यह बदलाव केवल तकनीकी उन्नयन तक ही सीमित नहीं था, बल्कि इस दृष्टिकोण पर आधारित था कि इंटरनेट युग की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रसारण को किस तरह विकसित किया जाए। वर्ष 2014 के बाद से आया बदलाव पैमाने और जटिलता, दोनों ही दृष्टि से बेहद चौंका देने वाला है। भारत के सबसे बड़े फ्री-टू-एयर डीटीएच प्लेटफॉर्म डीडी फ्रीडिश का प्रसार दोगुना हो गया है। यह प्लेटफॉर्म 45 मिलियन से अधिक परिवारों को सेवा प्रदान कर रहा है।डीडी फ्रीडिश कोविड-19 महामारी के दौरान देश के कोने-कोने के छात्रों के लिए एक जीवनरेखा बन गई। इसके जरिए 30 से अधिक शैक्षिक चैनलों की उपलब्धता का आशय उन लाखों छात्रों को महत्वपूर्ण रूप से शैक्षिक कंटेंट सुलभ कराने से हुआ जो इंटरनेट संबंधी बाध्यताओंसेपार पाने में समर्थ रहे और जिन्हें दूरस्थ कक्षाओं के लिए कंप्यूटर पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ी।इन लाखों छात्रों के शैक्षणिक वर्ष को बचाने में फ्रीडिश की भूमिका की दुनियाभर के मीडिया प्रतिष्ठानों ने सराहना की। इन मीडिया प्रतिष्ठानों ने यह देखा कि कैसे भारत ने शैक्षणिक वर्ष को बचाने के लिए सार्वजनिक प्रसारण का प्रभावी तरीके से लाभ उठाया। कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान, महाकाव्य रामायण और महाभारत के प्रसारण के जरिए देश भर के नागरिकों को व्यस्त रखने में दूरदर्शन की भूमिका ने वॉल स्ट्रीट जर्नल जैसे अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संस्थान का ध्यान खींचा। रामायण द्वारा स्थापित दर्शकों का रिकॉर्ड आने वाले लंबे समय तक भारतीय टेलीविजन के लिए एक उच्च मानक बना रहेगा। पिछले दस वर्षों में लोक प्रसारण के क्षेत्र में किया गया सबसे महत्वपूर्ण सुधार 1200 से अधिक अप्रचलित एनालॉग टेरेस्ट्रियल टेलीविजन ट्रांसमीटरों को चरणबद्ध तरीके से



हटाया जाना है। यह विडम्बना ही थी कि समूचे भारत में टेलीविजन देखने का चलन केबल और उपग्रह पर स्थानांतरित हो जाने के बावजूद, एक दशक से भी अधिक समय तक इन अप्रचलित ट्रांसमीटरों को हटाने का कोई प्रयास नहीं किया गया, जिनकी दर्शक संख्या लगभग शून्य हो चुकी थी। इनको चरणबद्ध तरीके से हटाए जाने के साथ ही प्रसार भारती ने न केवल बिजली पर होने वाले काफी बड़े खर्च को बचाया है, बल्कि 5जी और ग्रामीण संचार सेवाओं के लिए महत्वइपूर्ण स्पेक्ट्रम भी उपयोग के लिए उपलब्धे कराया है। इन ट्रांसमीटर साइटों पर तैनात जनशक्ति को तेजी से बढ़ते एफएम रेडियो नेटवर्क के प्रबंधन के काम में लगाकर प्रसार भारती ने लंबे समय से अलग-अलग विभागों के तौर पर संचालित होते आ रहे आकाशवाणी और दूरदर्शन के बीच दायरे को खत्मव करते हुए रेडियो व टेलीविजन संचालनों के बीच काफी अर्से से लंबित सामजंस्य का काम भी किया।

डीडी किसान जैसे समर्पित चैनलों के आरंभ के साथ वर्ष 2017के23 से बढ़कर वर्ष 2021 में 36 उपग्रह चैनलों तक दूरदर्शन का विस्तारर, प्रत्येक भारतीय की जरूरतों को पूरा करने वाली विविध विषय सामग्री के प्रति उसकी संकल्पाबद्धता को रेखांकित करता है। इसी तरह, भारत की आवाज़ देश के सुदूर कोनों और उससे आगे तक पहुंचाना सुनिश्चित करते हुए आकाशवाणी का भी उल्लेखनीय रूप से विस्तार किया गया। दूरदर्शन (डीडी) और आकाशवाणी (एआईआर) में डिजिटलीकरण व आईटी प्रणालियों के एकीकरण ने लोक प्रसारण को अधिक सुलभ और समावेशी बना दिया है। प्रमुख आयोजनों के लिए सांकेतिक भाषा में कमेंटरी की शुरुआत तथा अभिलेखीय विषय-वस्तु का डिजिटलीकरण भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए इसे सभी के लिए सुलभ बनाता है। भारत में नंबर वन अंग्रेजी समाचार चैनल बन चुके डीडी इंडिया चैनल की प्रगति उल्लेखनीय रही है, जो यूट्यूब के अलावा कोरिया में myK, उत्तरी अमेरिका में YuppTVजैसे प्लेटफार्मों के संयोजन के माध्यम से 190 से अधिक देशों में अपनी मौजूदगी का विस्तार कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तार पर यह आउटरीच, वैश्विक मंच पर भारत के दृष्टिकोण और मूल्यों को प्रस्तुत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। वित्तीय वहनीयता पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है, प्रसार भारती ने वर्ष 2021-2022 में वाणिज्यिक संचालन से 13 प्रतिशत राजस्व वृद्धि हासिल की। तकनीकी प्रगति के साथ इस वित्तीय विवेकशीलता के मेल ने एक आत्मनिर्भर लोक प्रसारण इकोसिस्टकम का रोडमैप तैयार करने के लिए मजबूत आधार स्थापित किया है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लिए मौसम की रिपोर्ट प्रसारित करने जैसे रणनीतिक उपाय और न्यूज ऑन एयरऐप जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से डिजिटल उपस्थिति का विस्तार, राष्ट्रीय हित और वैश्विक आउटरीच के लिए लोक प्रसारण का लाभ उठाने के साहसिक और नवोन्मेषी दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

रॉयटर्स इंस्टीट्यूट ऑफ जर्नलिज्म स्टडीज के अपने वार्षिक सर्वेक्षण में दूरदर्शन और आकाशवाणी को भारत में समाचार के सबसे विश्वसनीय व भरोसेमंद स्रोतों के रूप में रैंकिंग दिए जाने से सार्वजनिक प्रसारण में किए गए एक दशक के सुधारों का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इसके पश्चात भी, ये सुधार समापन नहीं बल्कि शुभारंभ हैं। प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए, सार्वजनिक प्रसारण का विकास निरंतर रूप से जारी रहना चाहिए। इसे शिक्षा, नवाचार और संवाद के एक मंच के रूप में कार्य करना चाहिए, डिजिटल विभाजन को दूर करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक भारतीय को, उसकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बावजूद, सूचना, शिक्षा और मनोरंजन तक पहुंच प्राप्त हो। यह तब और स्पष्ट हो जाता है जब हम विभिन्न क्षेत्रों में भारत की भाषाओं की विविधता पर विचार करते हैं, हालांकि इनमें से कई को निजी मीडिया द्वारा या तो कम वरीयता दी जाती है या फिर वरीयता दी ही नहीं जाती।

# मुख्यमंत्री ने 271 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

## इन लोकार्पित परियोजनाओं में 226 आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, 50 शैय्या के 04 एकीकृत आयुष चिकित्सालय, 05 ई-लाइब्रेरी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आयुष मिशन आज उत्तर प्रदेश में तेजी के साथ जन विश्वास का प्रतीक बनता जा रहा है। उत्तर प्रदेश में हेल्थ टूरिज्म के अन्तर्गत आयुष के क्षेत्र में सर्वाधिक संभावनाएं हैं। योग, नेचुरोपैथी, आयुर्वेद, यूनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथ से जुड़ी सभी पद्धतियों को हमें व्यवस्थित रूप से प्रोफेशनल तरीके से आगे बढ़ाना होगा। इससे लोगों का आकर्षण इसके प्रति और बढ़ेगा। आवश्यकता है इसे महत्व देने की।

**आयुष मिशन आज उ.प्र. में तेजी के साथ जन विश्वास का प्रतीक बन रहा: योगी**

परिणामस्वरूप हेल्थ टूरिज्म बढ़ेगा। सम्पूर्ण आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ ही, हमें अधिकाधिक मात्रा में नौकरी व रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। अन्नदाता किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री जी ने यह विचार आज यहां लोक भवन में आयुष विभाग की 238 करोड़ रुपये की 271 परियोजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।





इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने 226 आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, 50 शैय्या के 04 एकीकृत आयुष चिकित्सालय, 05 ई-लाइब्रेरी, राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज प्रयागराज तथा झांसी में 01-01 छात्रावास, राजकीय होम्योपैथिक कॉलेज गोरखपुर के विभिन्न निर्माण कार्य, 19 स्थानों पर होम्योपैथिक विभाग के तथा 14 स्थानों पर आयुर्वेदिक विभाग के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आयुर्वेद की धरती रही है। भगवान धनवन्तरि की धरती रही है। आचार्य सुश्रुत ने अपनी महत्वपूर्ण शल्य चिकित्सा की कार्रवाई को इसी धरती से आगे बढ़ाने का कार्य किया था। इस धरती में तो इसकी सम्भावनाएं और भी उत्कृष्ट होनी चाहिए। इसके लिए हमें तैयार होना होगा। अन्नदाता किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाने में आयुष पद्धति बहुत उपयोगी सिद्ध हो सकती है। बशर्ते उसका हम स्वयं भी अध्ययन करें और उसके बारे में लोगों को जागरूक व प्रोत्साहित करें, तो उसके परिणाम बहुत बेहतरीन तरीके से हम सबके सामने आ सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मनीषा की धारणा रही है कि कोई भी ऐसी जड़ी नहीं, जो औषधीय गुणों से भरपूर ना हो। लेकिन एक समय उपेक्षा व अज्ञानता के कारण आयुष पद्धति लुप्तप्राय होती दिखाई दे रही थी। प्रधानमंत्री जी ने जब आयुष मंत्रालय का गठन किया।

# विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश बनेगा नंबर वनः शर्मा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा की कुशल कार्यशैली से प्रदेश अपनी तापीय विद्युत उत्पादन क्षमता को दोगुना से अधिक करने की सफलता हासिल कर रहा है। उर्जा मंत्री शर्मा ने बताया कि मंत्रीमंडल ने एनटीपीसी के साथ साझेदारी में अनपरा में एक और 2ग800=1600 मेगावाट क्षमता के थर्मल पावर प्लांट की स्थापना को मंजूरी दे दी है। कहा कि सरकार के प्रयासों से जल्द ही उत्तर

**अनपरा में 800 मेगावाट की दो इकाइयों की स्थापना से मिलेगी**

प्रदेश विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर स्थापित होगा। उर्जा मंत्री ने बताया कि पिछले साल जुलाई में एनटीपीसी के साथ मिलकर ओबरा-डी में 2ग800=1600 मेगावाट क्षमता के पावर प्लांट को मंजूरी दी गयी थी। वहीं इस वर्ष हाल ही में ओबरा और जवाहरपुर में एक-एक 2ग660=1320 मेगावाट के संयंत्रों का पूर्ण वाणिज्यिक संचालन भी शुरू हो गया है। वहीं एनटीपीसी के साथ साझेदारी में एक और 3ग800=2400 मेगावाट संयंत्र



स्थापित करने की तैयारी में हैं। इसके अलावा एनटीपीसी सिंगरौली में अपना 2ग800=1600 मेगावाट का बिजली संयंत्र स्थापित कर रहा है, जिसकी नींव प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में रखी गई। उर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि मंत्रिमंडल ने अनपरा में एनटीपीसी की मदद से 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। वर्ष 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ दो बड़े एमओयू किए गए थे। इसमें ओबरा-डी में 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को पिछले वर्ष ही मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है और अब अनपरा में भी 800 मेगावाट के दो प्लांट एनटीपीसी की मदद से लगाए जाएंगे। उर्जा मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में किये गये करार के संदर्भ में 50-50 प्रतिशत की साझेदारी के साथ अनपरा का यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 8624 करोड़ रुपए है और इसकी पहली यूनिट लगभग 50 महीनों में तैयार हो जाएगी।

# राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग आचार एवं पंजीकरण बोर्ड की हुई बैठक

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग आचार एवं पंजीकरण बोर्ड की बैठक श्री हरिकेश चौरसिया, विशेष सचिव, आयुष, उ.प्र. शासन की अध्यक्षता में बैठक राजकीय तकमील उत्तिब कालेज एवं चिकित्सालय में आहूत की गयी जिसमें राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के चेयरमैन डा. अनिल खुराना प्रेसिडेन्ट बी.ई.आर.एस., एन.सी.एच., डा. पिनाकिन त्रिवेदी, सदस्य, बी.ई. आर.एच. एन.सी.एच., डा. सेन्थिल जगदीशन, मेम्बर, एम.ए.आर.बी. एच., एन.सी.एच., डा. आनन्द चतुर्वेदी, सेकेट्री, एन.सी.एच., डा. संजय गुप्ता, कन्सलटेन्ट बी.ई.आर.एच., एन.सी.एच., डा. बिथी रॉय एवं आई.टी.जी.ओ.आई., अभिषेक परमार द्वारा प्रतिभाग किया गया, उनके अतिरिक्त निदेशक, होम्योपैथी, उ.प्र., अरविन्द कुमार वर्मा, रजिस्ट्रार, उ.प्र. होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, लखनऊ, विनय कुमार त्रिपाठी एवं समस्त मेडिकल कालेजों के प्राचार्य, सी.एम.एस., समस्त जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी तथा होम्योपैथी विधा के सम्मानित चिकित्सकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# मौलाना गज़्नफ़र बने सुल्तानुल मदारिस के कार्यवाहक प्रिंसिपल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मौलाना गज़्नफ़र नवाब खां को मदरसा सुल्तानुल मदारिस का कार्यवाहक प्रिंसिपल नियुक्त गया। इस अवसर पर मदरसे के तमाम अध्यापक और छात्रों ने एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया। अध्यापकों ने ख़ुशी ज़ाहिर करते हुए उम्मीद ज़ाहिर करी कि नए कार्यवाहक प्रिंसिपल की निगरानी में मदरसा विकास की नई बुलंदियों पर पहुंचेगा।

नवनियुक्त प्रिंसिपल ने अध्यापकों और छात्रों को भरोसा दिलाते हुए अपने पहले सम्बोधन में कहा कि छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी के साथ शिक्षा की गुणवत्ता और आवश्यकता व परिस्तिथि के तहत स्टाफ़ को साथ लेकर मदरसे की सेवा करूंगा। इस अवसर पर उन्होंने अध्यापकों, छात्रों, मदरसे से पासआउट छात्रों, उलेमा और मराजेकराम से अपील करी कि वो भी मदरसे के विकास और निर्माण में उनका साथ दें। उन्होंने कहा कि ये मदरसा इमाम ए ज़माना इमाम की अमानत है, मैं अपनी पूरी कोशिश करूंगा कि ज़िम्मेदारान की उम्मीदों को पूरा कर सकूं और इमाम ए ज़माना के सिपाहियों की सेवा कर सकूँ। कार्यक्रम में मौलाना अतहर अब्बास, मौलाना असग़र मेंहदी, मौलाना अबू इफ़्तिकार, मौलाना ताहिर जाफ़री, मौलाना मूसा रिज़्वी, मौलाना इस्हाक़ रिज़्वी, मौलाना एजाज़ अली, मौलाना सरताज हैदर ज़ैदी, मौलाना शाहनवाज़ सहित मदरसे का स्टाफ़ मौजूद रहा।



**छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी के साथ शिक्षा की गुणवत्ता और आवश्यकता व परिस्तिथि के तहत स्टाफ़ को साथ लेकर मदरसे की सेवा करूंगाः मौलाना गज़्नफ़र नवाब खां**

# पर्यावरण जागरूकता का दिया संदेश

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** चारबाग स्टेशन के सामने रवीन्द्रालय लान मे में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेला पण्डाल में आम पाठक और पुस्तक प्रेमियों के बीच अनाथालय के बच्चों व युवाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। मेले में कल जहां विधानासभाध्यक्ष सतीश महाना पुस्तकों का विमोचन करेंगे, वहीं साहित्य कला संस्कृति की थीम पर आधारित मेले जलरंग चित्रों की विशिष्ट वाश शैली का चार दिवसीय प्रशिक्षण भी प्रारम्भ हो जायेगा। पुस्तक संस्कृति को बढ़ावा देने में सरकारी प्रतिष्ठानों की भूमिका अहम है। आम प्रकाशन जहां बिक्री की दृष्टि से किताबें प्रकाशित करते हैं। वहीं सरकारी प्रतिष्ठान भाषायी संस्कार, संस्कृति और विषयानुकूल पुस्तकों के प्रकाशन को महत्व देते हैं। मेले में प्रकाशन विभाग भारत सरकार, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी, नेशनल काउंसिल फॉर प्रमोशन ऑफ उर्दू लैंग्वेज नई दिल्ली की इतिहास, संस्कृति, परम्पराओं, लोक साहित्यए प्रमुख हस्तियों और साहित्य की विविध पुस्तकें हिन्दी, अंग्रेजी और उर्दू में हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शिया पीजी कालेज में जश्ने जैनब 9 को

**लखनऊ।** हजरत अली (अ.स.) की बेटी और हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की बहन शहजादी हजरत जैनब (स.अ.) की याद में शिया पीजी कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट में जश्ने जैनब शीर्षक से एक महफिल का आयोजन आल इण्डिया शिया हुसैनी फण्ड की ओर से 9 मार्च को रात 9 बजे किया जायेगा। जिसकी तैयारियां शुरू हो गयी हैं। जश्न का आगाज कारी नदीम नजफी तिलावते कुराने पाक से करेंगे। महफिल की अध्यक्षता मौलाना एजाज अतहर व संचालन मीर नजीर बाकरी करेंगे। महफिल के बाद शायर शहजादी जैनब (स.अ.) की शान में अपने कलाम पेश करेंगे।

### दरिया वाली मस्जिद में महफिल आज

**लखनऊ।** हजरत अब्बास (अ.स.) और जनाबे सकीना (स.अ.) की याद में इदारे गुलामाने अहलेबैत की ओर से दरिया वाली मस्जिद में %जश्न ए काशिफ अल कर्ब% शीर्षक से एक महफिल का आयोजन बृहस्पतिवार को शाम 7 बजे किया जायेगा। महफिल को मौलाना मिर्जा मोहम्मद राशिद अस्करी, मौलाना एजाज अतहर और मौलाना मीसम जैदी खिताब करेंगे। महफिल का संचालन गुलरेज नकी करेंगे। जबकि महफिल के संयोजक इजहार हुसैन जर्रे हैं।

### मजलिस शुक्रवार को

**लखनऊ।** स्वर्गीय मौलाना मोहम्मद तकीउर्रिजवी के ईसाले सवाब के लिए शुक्रवार को मजलिस होगी। चौक के विक्टोरिया स्ट्रीट के कटरा अबूतुराब खां स्थित हुसैनिया सरकारे बाकिरुल उलूम में शुक्रवार शाम 7 बजे तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज होगा। मजलिस को आले बाकिरुल उलूम मौलाना अतहर अब्बास रिजवी खिताब करेंगे।

### चौधरी शादाब कुरैशी को प्रदेश महासचिव नियुक्त

**लखनऊ।** आल इंडिया जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ कुरैशी ने चौधरी शादाब कुरैशी को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। यूसुफ कुरैशी ने अमीनाबाद के कसाईबाड़ा निवासी शादाब कुरैशी को प्रदेश महासचिव नियुक्त करते हुए संगठन की जिम्मेदारियों को निभाने और समाज की तरक्की में अपना योगदान देने की उम्मीद की है।

### जश्ने जैनब का आयोजन शनिवार को

**लखनऊ।** हजरत अली की बेटी और इमाम हुसेन की बहन हजरत जनाबे जैनब की याद में आल इंडिया शिया हुसैनी फण्ड की ओर से शनिवार को जश्ने जैनब का आयोजन किया जाएगा। फण्ड महासचिव हसन मेहदी झब्बू ने बताया कि विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित शिया पी.जी. कॉलेज के सईदुल मिल्लत हॉल में रात 9 बजे जश्न का आगाज कारी नदीम नजफी करेंगे। जश्न की अध्यक्षता मौलाना एजाज अतहर और संचालन मीर नजीर बाकरी करेंगे। जश्न में शायर जनाबे शहजादी की शान में अपने कलामों का नजराना पेश करेंगे। दरिया वाली मस्जिद में महफिल आज लश्करे हुसैनी के अलमदार हजरत अब्बास और जनाबे इमाम हुसैन की बेटी जनाबे सकीना की याद में इदारए गुलामाने अहलेबैत की ओर से गुरुवार को दरिया वाली मस्जिद में जश्ने काशिफुल कर्ब का आयोजन किया जाएगा।

### महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ।** सरल केयर फाउण्डेशन ने यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन लखनऊ मंडल के सहयोग से यूपी प्रेस क्लब में सेमिनार और महिलाओं के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लखनऊ दुग्ध संघ की अध्यक्ष शिखा तोमर मौजूद रहीं। महिला दिवस के उपलक्ष्य में सरस केयर फाउडेशन ने समाज की अग्रणी भूमिका निभाने वाली 51 महिलाओं को नारीश्री सम्मान से सम्मानित किया। इनमें पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय लक्ष्मी, नीलम सिंह, रचना मोहन, रेखा पाडेय, तेजस्वनी सिंह, निधि शर्मा, मीनाक्षी तिवारी, संगीता सिंह, डॉ.लीना मिश्र, आयुषी वर्मा, अंजलि तबडे, अनामिका मौर्य, डॉ. अंजू वाष्णेय, गरिमा रस्तोगी, डॉ. रंजना दीन, डॉ.अनुपम बाछिल, गुजन वर्मा, संजू सिह, रीना त्रिपाठी, पुनीता भटनागर, प्रियंका पाडेय, शिखा शर्मा, अलका सहाय, पूजा सिह, शुभी शुक्ला, काजल सोनी, रीता प्रकाश, अनामिका सिंह, वेदिका द्विवेदी, रानू सिंह, प्रमिला मिश्रा, जया मिश्रा, अंजलि सिंह राजपूत, अमिता सिंह, रुचि रस्तोगी, रश्मी सिंह, पूजा श्रीवास्तव और रोशेल सिंह को सम्मानित किया गया।

# हज कमेटी ऑफ इंडिया ने महिलाओं के लिए 500 सीटें आवंटित की

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने महरम श्रेणी में महिलाओं के लिए 500 सीटें आवंटित की हैं। ऐसी महिलाएं जो अपने मेहरम के साथ किन्हीं कारणों से मुकद्दस हज के लिए नहीं आवेदन नहीं कर सकीं हैं और उनके मेहरम का चयन हो गया है, वे अपने मेहरम के कवर में शामिल होने के लिए मेहरम कैटेगरी के तहत आवेदन कर सुविधा प्राप्त कर सकती हैं। राज्य हज समिति के सचिव एस.पी. तिवारी ने बताया कि मेहरम कैटेगरी के तहत वे महिलाएं भी आवेदन कर सकती हैं जिनक मेहरम हज यात्रा के लिए चयनित हो गये हैं, लेकिन उनका पासपोर्ट समय से जारी न होने की वजह से वे आवेदन नहीं कर सकीं। श्री तिवारी ने बताया कि आवेदक महिला ने पूर्व में हज कमेटी या निजी टूर ऑपरेटर के जरिए हज न किया हो, वे www.hajcommittee.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। ऑनलाइन आवेदन 15 मार्च तक किया जा सकेगा। आवेदक के पास वैध पासपोर्ट हो जिसकी वैधता 31 जनवरी 2025 तक हो। आवेदन के समय मेहरम होने का प्रमाण पत्र अपलोड करना जरूरी है और जिस कवर में महिला आवेदन कर रही हैं उसमें आवेदक को मिला कर 5 से अधिक आवेदन न हों। चयन के बाद ऑनलाइन आवेदन फार्म सहित अन्य दस्तावेजों का प्रिंटआउट, पासपोर्ट की फोटोकॉपी, घोषणा पत्र, मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र, धनराशि की पे-इन-स्लिप आदि हज कमेटी ऑफ मुम्बई को भेजना होगा। आवेदक का चयन मेरिट पर होगा और 500 से अधिक आवेदन पर लॉटरी से चयन किया जाएएगा।

# डीआरएम एस.एम. शर्मा ने विंडो ट्रेलिंग करते हुए किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के डीआरएम एसएम. शर्मा ने लखनऊ निहालगढ़ रेल खण्ड का विंडो ट्रेलिंग करते हुए निरीक्षण किया। डीआरएम ने हैदरगढ़ स्टेशन पर पहुंचकर अमृत भारत योजना के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी प्राप्त की एवं सम्पूर्ण स्टेशन परिसर का विस्तार से निरीक्षण करते हुए अमृत भारत योजना के अंतर्गत होने वाले कार्यो की जानकारी ली एवं कार्यदायी संस्था को उच्च गुणवत्ता एवं उचित समय मे समस्त कार्यो को पूरा करने के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त रेलवे कॉलोनी निरीक्षण किया एवं रेलकर्मियों व उनके परिवरीजनों से संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए इनके निवारण के लिए सम्बंधितों को निर्देशित किया। निहालगढ़ स्टेशन पर



पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं जैसे वेटिंग हाल, टिकट व्यवस्था, सकुर्लेटिंग एरिया, वाहन पार्किंग एवं यात्रियों के लिए बनने वाले, तीन मीटर चौड़े नये एफओबी, खानपान के स्टाल पर ऑनलाइन माध्यम से सामग्री क्रय की एवं अन्य विकास कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने स्टेशन पर आकर मण्डल रेल प्रबंधक से भेंट की एवं उनको ज्ञापन दिया। डीआरएम ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित किए जाने वाले स्टेशनों पर होने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए समस्त कार्यों को निर्धारित समय पर उच्च गुणवत्ता के साथ सम्पन्न करने की बात पर विशेष बल दिया। निरीक्षण में मुख्य परियोजना प्रबंधक गतिशक्ति वीएस. यादव सहित अन्य शाखाध्यक्ष एवं रेलकर्मी उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर कटिहार से 11 मार्च से चलने वाली 15705 कटिहार दिल्ली एक्सप्रेस सिसवा बाजार स्टेशन पर शाम 6:32 बजे पहुंचकर 6:34 बजे तथा दिल्ली से 12 मार्च से चलने वाली 15706 दिल्ली कटिहार एक्सप्रेस सिसवा बाजार स्टेशन पर सुबह 7:25 बजे पहुंचकर 7:27 बजे छूटेगी।

### कशनगंज स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर दो मिनट का अस्थाई ठहराव



**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन ने ट्रेन नम्बर 04653 व 04654 न्यू जलपाईगुड़ी अमृतसर स्पेशल एवं 15933 व 15934 न्यू तिनसुकिया अमृतसर एक्सप्रेस का पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे के कटिहार मण्डल के किशनगंज स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर दो मिनट का अस्थाई ठहराव अगली सूचना तक प्रदान किया जायेगा। 08 मार्च से चलने वाली 04653 न्यू जलपाईगुड़ी अमृतसर स्पेशल किशनगंज स्टेशन पर सुबह 7:47 बजे पहुंचकर 7:49 बजे, 13 मार्च को 04654 अमृतसर न्यू जलपाईगुड़ी स्पेशल किशनगंज स्टेशन पर शाम 4:09 बजे पहुंचकर 4:11 बजे, 12 मार्च को 15933 न्यू तिनसुकिया अमृतसर एक्सप्रेस किशनगंज स्टेशन पर सुबह 5:25 बजे पहुंचकर 5:27 बजे तथा 8 मार्च को 15934 अमृतसर न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस किशनगंज स्टेशन पर सुबह 5:42 बजे पहुंचकर 5:44 बजे छूटेगी।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया संरक्षा का ज्ञान

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में संरक्षा के प्रति जागरुक करने के मकसद के लिए वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डॉ. शिल्पी कन्नौजिया के निर्देशन में लखनऊ बाराबंकी खंड तथा लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर संरक्षा जागरूकता अभियान के तहत संरक्षा सलाहकारों ने समपार रेल उपयोगकर्ताओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संरक्षा ज्ञान दिया गया। संरक्षा ज्ञान के अंतर्गत रेल समपार उपयोगकर्ताओं को अनधिकृत स्थानों से रेलवे ट्रैक पार न करने, समपार अथवा उपरिगामी सेतु से ट्रैक पार करने एवं रेलगाडियों में चेन पुलिंग न करने तथा ज्वलनशील पदार्थों को साथ लेकर यात्रा न करने के लिए जागरुक किया गया। इसके साथ ही गेटमैन पर अनधिकृत दबाव नहीं डालने, क्षतिग्रस्त रेलवे फाटकों पर सावधानी बरतने, रेलवे ट्रैक व विद्युत पोल से सुरक्षित दूरी बनाये रखने तथा लाइन किनारे मवेशियों को न आने देने के सम्बंध में संरक्षा जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर संरक्षा जागरुकता संबंधित पोस्टर एवं पंपलेट का वितरण भी किया गया।

# लिबास-ए-अवध में दिखी लखनवी तहज़ीब

**शिया कॉलेज में एक्सप्रेशन यूथ फेस्ट आयोजित**

शकील रिज़्वी

**लखनऊ।** राजधानी के शिया पीजी कॉलेज में चल रहे यूथ फेस्ट के अंतर्गत बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ लिबास-ए-अवध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रमों में लिबासे अवध के अलावा गजल, बैतबाजी और नुक्कड़ नाटक आकर्षण का केन्द्र रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ज़रींन ज़ेहरा ने किया। दो दिवसीय एक्सप्रेशन यूथ फेस्ट-2024 खूबसूरत यादें देकर विदा हुआ। मुख्य रूप ये लखनऊ यूनिवर्सिटी, आर्ट्स कॉलेज, केएमसी भाषा यूनिवर्सिटी, करामत हुसैन कॉलेज, खुनखनजी कॉलेज समेत 20 कॉलेजों के 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

इस कार्यक्रम में शहर के कई कॉलेज ने प्रतिभाग करते हुए लखनवी तहजीब को परिधानों में उतार दिया । शिया पीजी कॉलेज की कल्चरल कमेटी की कॉन्विनर प्रोफेसर ज़रीन रिज़्वी के निर्देशन में यह अयोजन हुआ। साथ ही उन्होंने बताया की यूथ फेस्ट कॉलेज का सालाना अयोजन है जिसमे शिया पीजी कॉलेज के स्टूडेंट्स के साथ ही साथ शहर के अन्य नामी कॉलेज के स्टूडेंट्स प्रतियोगिताओं की विभिन्न श्रेणी में प्रतिभाग करते हैं। ऐसे अयोजन स्टूडेंट्स के आंतरिक टेलेंट को सामने लाने का काम करते हैं जो उनके चौमुखी विकास में अत्यंत लाभदायक होता है। लिबास ए अवध कार्यक्रम के जज के रूप में प्रसिद्ध अखबार अवधनामा की संपादक एवं रोज़ी पैराडाइज की ऑनर तकदीस फातिमा (रोज़ी रिज़्वी) एवं शहला रिज़्वी जज के रूप में मौजूद रहीं और एक से बढ़कर एक प्रतिभागियों में से विजयी प्रतिभागियों का चयन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबन्धक शम्सी मुर्तजा, डॉ. मसूद अब्दुल्ला, हुज्जत रज़ा, डॉ. अबु तैयब, डॉ. एमएम एजाज़, सीमा राणा, रौबिन वर्मा, अनिल कुमार, डॉ. वहीद आलम, डॉ. मारिया समेत बड़ी संख्या में शिक्षक एवं अतिथि उपस्थित रहकर बच्चो का उत्साहवर्धन भी किया।





### बाल उत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन

**लखनऊ।** गोमती नगर के एसएनए में सेवा संकल्प संस्था की ओर से बाल उत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट डॉ. सरजीत सिंह डंग व उत्तराखंड महापरिषद के अध्यक्ष हरिश्चन्द्र पंत ने दीप प्रज्जवल्लित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। संस्था के संस्थापक शिव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बच्चों की प्रतिभा को समाज के सामने लाने के मकसद से आयोजन हुआ। बुद्धेश्वर केन्द्र के बच्चे श्रद्धा गौतम, अंशिका, अफसाना, तमन्ना, आरती आलोक व आकाश ने हर हर शंभू गीत की प्रस्तुति दी। प्रयागराज के मांडा ब्लॉक में शिशु वाटिका से गरिमा ने राम आयेंगे, गीत सुनाकर तालियां बटोरीं। संस्थान की ओर से सामाजिक कार्य में लगी विभूतियों में शामिल बाल सचिन गुप्ता, मीनल रस्तोगी, विजय सिंह यादव, ट्विंकल, मारिया, अनीता सूद, लवलीन छाबड़ा, नंदिनी, शिव बिहारी अग्रवाल, निरुपमा अग्रवाल, असीम चावला, सतीन्दर कौर, संचित रस्तोगी आदि को सम्मानित किया गया।

# पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक ने ली कांग्रेस की सदस्यता



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा में आस्था और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए पूर्व मंत्री सदल प्रसाद और पूर्व विधायक गजराज सिंह ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना की मौजूदगी में दोनों नेताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि दोनों नेता जमीनी स्तर पर मजबूत हैं और जनता के बीच अपने किये कामों से लोकप्रिय हैं। दोनों नेताओं ने पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त की है और दोनों के पार्टी में शामिल होने से पार्टी के फासीवादी और संविधान विरोधी सरकार की नीतियों से संघर्ष को बल मिलेगा। सदल प्रसाद बांसगांव से दो बार विधायक रहे और गजराज सिंह हापुड़ से चार बार विधायक रहे हैं। श्री सिंह पूर्व में भी कांग्रेस में रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव व सहप्रभारी सत्यनारायण पटेल, तौकीर आलम और धीरज गुर्जर भी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री योगी ने जनपद में परियोजनाओं का किया शिलान्यास

## उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्त पत्र का वितरण एवं 500 बेड के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का मुख्यमंत्री ने किया

**वहाज अली निहाल**

**इटावा, सैफई।** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्त पत्र का वितरण एवं 500 बेड के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का लोकार्पण समारोह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई ऑडिटोरियम हाल में बुधवार को किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद में 01अरब, 12 करोड़, 59 लाख, 75 हजार की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबोधित करते हुए कहा कि नियुक्त पत्र वितरण एवं नवनिर्मित 500 बेड तथा अन्य योजनाओं का लोकार्पण किया जा रहा है उन्होंने कहा कि सभी जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों में मेडिकल कॉलेज बनाए गये हैं जिसमें 14 जनपद बाकी बचे हुए हैं उन पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कुछ समय पहले एम्स में लोग जाते थे अब आयुर्विज्ञान के स्थापना से यहां पर सभी को चिकित्सा सुविधा एवं लोगों को रोजगार मिल रहा है उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मेडिकल कॉलेज बनने से बहुत ही अच्छी चिकित्सा सुविधा का लाभ प्राप्त हो रहा है मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान कार्ड का लाभ सभी लोगों को दिया जा रहा है जिससे वह स्वास्थ्य संबंधी सुविधा ले सके उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सरकार द्वारा एंबुलेंस आदि की सुविधा की गई एवं स्वास्थ्य संबंधी अन्य कई योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है,

मरीज का उपचार करना चिकित्सकों का कर्तव्य मरीज का उपचार सही समय से करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा सभी को चिकित्सा सुविधा दी जा रही है लेकिन मरीज के साथ डॉक्टर का व्यवहार बहुत ही सौम्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीमार व्यक्ति को कभी भी अपने आप को कमजोर और बीमार नहीं मानना चाहिए इसी



- उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बृजेश पाठक द्वारा आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में उपचार को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की
- 2006 से अब तक 80 लाख से अधिक मरीज़ चिकित्सालय की सेवाओं से लाभान्वित हो चुके हैं: कुलपति

तरह डॉक्टर का व्यवहार मरीज के प्रति बहुत अच्छा होना चाहिए तथा सद्भावना पूर्ण होना चाहिए। उन्हें उसके परिवार की स्थिति को देखना चाहिए तथा उसकी समस्या को समझना चाहिए। हर मरीज के लक्षण को जानने का काम डॉक्टर का होना चाहिए। उन्होंने बताया कि मरीजों को कभी भी अपने आप को कमजोर नहीं समझना चाहिए। बीमारी को खुद से दूर भागना चाहिए। बीमार को समय से जागना, समय से खाना एवं योगासन नियमित दिनचर्या जीवन के लिए बीमारियों से मुक्त होने के लिए किया जाये। उन्होंने छात्र एवं छात्राओं का उत्साह वर्धन किया एवं बताया कि हमें कुछ आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत एवं स्टडी पेपर तैयार करने चाहिए। उन्होंने बताया कि अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए स्टडी पेपर अवश्य तैयार करना चाहिए एवं लगन और मेहनत से ही आप सफलता प्राप्त कर सकते हैं उन्होंने बताया कि आज इस मेडिकल आयुर्विज्ञान के लोकार्पण के दौरान जो भी छात्र-छात्राएं यहां पर उपस्थित हैं वह अपना कार्य मेहनत एवं लगन से करेंगे। उन्होंने कहा कि यहां पर कई योजनाओं का लोकार्पण किया गया इसका लाभ गरीबों तक अवश्य पहुंचाया जाए। उन्होंने मेडिकल के लोगों से अपील की की मरीजो को ज्यादा से ज्यादा देखें तथा मरीजों को तनाव में रहकर उनका उपचार नहीं करना चाहिए, मरीजों के प्रति अपना व्यवहार एवं भाषा बहुत ही सरल एवं सरस होनी चाहिए जिससे मरीज को कोई भी किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बृजेश पाठक द्वारा आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में उपचार को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की एवं उनके द्वारा बताये गये कार्यों को कराया गया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में चिकित्सा विभाग प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा एक पत्रिका प्रकाशित की गयी थी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं से गरीबों को लाभ हो रहा है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई डॉक्टर प्रभात कुमार सिंह कुलपति द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया एवं आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान सैफई की दिनांक 15, 12, 2005 को स्थापना की गई थी। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई इटावा अधिनियम 2015 उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 15 सन 2016 के अंतर्गत संस्थान को विश्वविद्यालय के रूप में परिवर्तित किया गया। एवं इस विश्वविद्यालय का कुल क्षेत्रफल 164 एकड़ है तथा वर्तमान समय में विश्वविद्यालय के अंतर्गत 1050 बेड क्रियाशील हैं, सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय के प्रारंभ होने से 528 बेड सामान्य बेड्स 336-आईसीयू बेड्स 192 अतिरिक्त बेड़ो की बढ़ोतरी हो रही है।

# बैंड में झाड़ उठाने वाले दर्जन भर बाल श्रमिक चिंहित

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार बढ़ती हुई बाल श्रमिक मजदूरी की समस्या के उन्मूलन के लिए समय-समय पर अभियान चलाकर बाल श्रमिकों को चिन्हित करने के साथ ही उनके पुनर्वासन के लिए संभव प्रयास किए जाते रहे हैं जो आज भी जारी है सरकार के आदेश के अनुसार मथुरा में श्रम विभाग के अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर बैंड बाजों के साथ झाड़ उठाने का काम कर रहे एक दर्जन से अधिक बाल श्रमिकों को चिन्हित कर उनकी आयु निर्धारण के साथ ही पुनर्वासन की कार्रवाई शुरू कर दी है उसके साथ ही बाल श्रमिकों से काम कराने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सहायक श्रम आयुक्त एम एल पाल को मिली जानकारी के आधार पर टीम के साथ धोली प्याऊ के पास रेलवे ग्राउंड वाली सड़क पर शहर के ख्याति प्राप्त प्रकाश बैंड और ताज लाइट जो भरतपुर गेट पर स्थित है लाइट वाली झाड़ लेकर शादी विवाह की शोभा बढ़ाने के लिए जा रहे थे उन्हें रास्ते में ही रोक कर उनके नाम का पते के अलावा मलिक का नाम पता पूछा गया।

16 बाल श्रमिकों को चिन्हित करने के बाद उनका आयु निर्धारण कराया जा रहा है इस संबंध में सहायक श्रम आयुक्त श्री पाल ने बताया मथुरा में बैण्ड के साथ झाल उठाने वाले 16 बाल श्रमिको को लाइट के साथ चिन्हित किया गया। बाल श्रमिको की मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा आयु परीक्षण की कार्यवाही अपनायी जा रही है। बाल श्रमिको द्वारा अवगत कराया गया कि वह प्रकाश बैण्ड भरतपुर गेट मथुरा के लिए काम कर रहे हैं। रेस्क्यू टीम में एम एल पाल सहायक श्रमायुक्त,राजेश दीक्षित अध्यक्ष बाल कल्याण समिति,एस पी पाण्डेय श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं ए एच टी यू प्रभारी कर्मवीर सिंह मौजूद रहे। श्री पाल के अनुसार चिन्हित किए गए सभी बाल श्रमिकों का पुनर्वास कर मालिकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मेडिकल स्टोरों पर छापे से हड़कंप, नमूने लिए

**मथुरा।** औषधि विभाग की मंडलीय टीम ने कोसी में सात मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण कर पांच दवाओं के नमूने भरे। कार्रवाई से दवा विक्रेताओं में अफरा-तफरी मची रही।

कोसीकलां क्षेत्र अक्सर चर्चा में रहता है। बाहरी टीमें आकर भी छापमार कार्रवाई करती हैं। इसी क्रम में मंगलवार को सहायक आयुक्त औषधि आगरा मंडल अतुल उपाध्याय के निर्देशन में गठित टीम ने कोसीकलां में मेडिकल स्टोर चेक किए। आगरा के औषधि निरीक्षक कपिल शर्मा, फिरोजाबाद के देश बंधु विमल एवं मथुरा के औषधि निरीक्षक प्रेम पाठी ने विशाल मेडिकल स्टोर,लक्ष्य मेडिकोज,श्री बांके बिहारी, दीक्षित मेडिकल, कालरा मेडिकल स्टोर, बाला जी एवं गोयल फार्मेसी को को चेक किया। पांच दवाओं के नमूने टीम द्वारा लिए गए। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। मंडलीय टीम द्वारा अचानक की गई कार्रवाई से दवा बाजार में अफरा-तफरी का माहौल रहा। कुछ ने दुकान बंद कर दी बताया गया। टीम जाने के बाद मेडिकल स्टोर खोले गए।

# थाना अध्यक्ष जैंत अपने राजनीतिक आकाओं के हित साधनें में मस्त अधिकारी बने मूक

**अवधनामा संवाददाता**

- अपहरिता की बरामदगी न होने से आक्रोश, बाजार बंद कर धरना शुरू

**मथुरा।** उ प्र की पुलिस अपने राजनीतिक आकाओं के संरक्षण के चलते पूरी तरह निरंकुश हो चुकी है जिसका जीता जागता उदाहरण जनपद मथुरा के थाना जैंत पुलिस की कार्यप्रणाली से जहां त्रस्त हैं वहीं अपराधी और दबंग मस्त हैं। सब कुछ देखकर अधिकारी मूक दर्शक बने हुए हैं। जानकारी के अनुसार जैंत थानाध्यक्ष अजय वर्मा की विबादित कार्यप्रणाली किसी से छुपी हुई नहीं है यह कहना गलत नहीं होगा उनका विवादों में रहने का पुराना नाता हो गया है विशेष न्यायालय एससी एसटी एक्ट में बिचाराधीन गैर इरादतन हत्या के मुकदमे छीतर वनाम डॉ मुकेश ठाकुर के मामले में अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर छीतर के लड़के को 8 दिन तक अवैध हिरासत में रखकर जबरन राजीनामा का दवा थाना अध्यक्ष अजय वर्मा के द्वारा बनाया गया इसकी जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक नगर और पुलिस अधीक्षक अपराध को होने के बावजूद बेकसूर को तो छुड़वा दिया लेकिन थाना अध्यक्ष के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई इससे थाना अध्यक्ष के हौसले मैं वृद्धि होना स्वाभाविक है वहीं राजनीतिक आकाओं के प्रति आस्था और दृण हो गई।

इतना ही नहीं गांव तोष में ग्राम प्रधान के इशारे पर गांव में डॉक्टर अंबेडकर के नाम से राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज भूखंड पर दबंग के द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया इस मामले में भी थाना प्रभारी की भूमिका अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने की कार्यशैली के चलते मामले को तूल दिया गया। अंबेडकर के मानने वाले महिला पुरुषों पर पुलिसिया जुर्म किए गए मुकदमा लिखकर एक तरफा कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी की बेहतर पुलिस से ज्यादा अपने राजनीतिक आकाओं का हित साधने में ज्यादा दिलचस्पी दिखाई दे रही है।

खुलेआम थाने पर मानवाधिकार का हनन सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा है।

**हाल ही में एक नया मामला**

थाना जैंत क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा चौमुंहा से 14 वर्षीय एक बालिका के अपहरण के मामले में बाजार बंद कर विरोध प्रदर्शन किया गया। बाजार में काफी आक्रोश है। व्यापारियों ने पूरे चौमुंहा का बाजार बंद कर कर रामलीला ग्राउंड पर पंचायत का आयोजन किया गया। पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पीड़ित चंद्र मोहन ने बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री का 29 फरवरी को अपहरण हो गया। तभी पुलिस को सूचना दी। तभी से पुलिस थाने के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन बालिका को अभी तक बरामद नहीं किया गया है।

## पत्रकारों का होली मिलन समारोह 10 को

**मथुरा।** ब्रज प्रेस क्लब द्वारा ब्रज क्षेत्र के सम्मानित इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट से जुड़े सभी पत्रकारों का होली मिलन समारोह का आयोजन 10 मार्च रविवार को आयोजित किया जा रहा है। ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्रज क्षेत्र के सभी सम्मानित पत्रकारों का होली मिलन समारोह का आयोजन 10 मार्च रविवार को डेम्पियर नगर स्थित हीरा क्रिस्टल होटल में प्रातः 10 से 12:00 बजे के मध्य आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण के स्वरूपों के मध्य मनभावन फूलों की होली की प्रस्तुति होगी होली महोत्सव की तैयारियो को पूर्ण कर लिया गया है जिसमें ब्रजक्षेत्र से सभी पत्रकारों के अलावा जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी और सामाजिक संस्थाओं के प्रमुखों को भी आमंत्रित है। होटल में ही सबके लिए सहभोज की व्यवस्था रहेगी। ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री उपमन्यु ने सभी से 10 मार्च को रविवार के दिन प्रात 10:00 बजे समय से पहुंचने का आव्हान किया है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का लगा शिविर




**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** ग्राम सराय एसर में के के कालेज राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर ग्राम प्रधान सरवर सिंह की विशेष मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस मौके पर एनएसएस के स्वम सेवको द्वारा सामूहिक रूप से लक्ष्य गीत का गायन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मुरली कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से स्वम सेवको सामुदायिक नेतृत्व की क्षमता आती है। इसके साथ हीं उनमें सेवा भावना एवम चरित्र निर्माण का सृजन होता है। स्वम सेवको ने नुक्कड़ नाटक के जरिए एवम मतदान जागरूकता के लिए ग्राम में रैली निकालकर मतदान के लिए लोगो को जागरूक किया। इस मौके पर ग्रामवासियों ने स्वम सेवको के साथ मतदान के लिए सपथ की। ग्राम प्रधान सरवर सिंह ने ग्राम वासियों की ओर से सभी लोगो का आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर देवांशु, साहिल, पीयूष, शिवम, सौम्या, प्रतीक, अंशुल, डिंपल, ज्योति, अंजली, एकता, वैशाली, सिवांगू, इकरा, शिवानिहाल आदि कई छात्र- छात्राएं मौजूद रही।

## भाजयुमो की युवा चौपाल में चार सौ पार पर चर्चा हुई

**मथुरा।** मोदी जी को तीसरी बार प्रचंड बहुमत से प्रधानमंत्री बनाने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा लगातार कार्यक्रम कर रही है। इसी क्रम में मथुरा महानगर ने युवा चौपाल चार सौ पे चर्चा का आयोजन किया। युवा चौपाल का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी एवं भाजपा मथुरा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा ज़िला अध्यक्ष मथुरा महानगर यज्ञ दत्त कौशिक ने की और बताया कि पिछले कुछ दिनों में मथुरा महानगर ने 200 से ज़्यादा चौपालों का आयोजन किया हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं को मोदी सरकार द्वारा भविष्य में होने वाले विकास कार्यो साथ ही जो अभी 10 साल में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की हैं उसकी जानकारी देकर युवाओं से भाजपा को वोट देने और अन्य युवाओं से दिलवाने की अपील की। प्रदेश मंत्री पवन हिडोल ने युवाओं को भाजपा की रीति नीति के बारे में बताकर भाजपा से जुड़ने की अपील की।

## कोरटेवा एग्री साइंस सीड्स पायोनियर बीज कंपनी ने महिलाओं को किया सम्मानित

**मथुरा।** जनपद के चौमुहां ब्लॉक के थाना शेरगढ़ के अंतर्गत ग्राम भौगांव में कोरटेवा एग्री साइंस सीड्स प्राइवेट लिमिटेड पायोनियर बीज कंपनी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गांव भौगांव में महिलाओं को सम्मानित करके मनाया।

इस कार्यक्रम में टेरिटरी के शेल्स मैनेजर की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसके मुख्य अतिथि ग्राम भौगांव की महिला प्रधान श्रीमती सत्यबती देवी प्रधान प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार की उपस्थिति में मनाया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं में रंगोली व मेहंदी कंपटीशन कराया गया। तथा पायोनियर कंपनी के सिंबल चिन्ह बनाकर दर्शाया गया। जिसमें रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता में विजेता महिलाओं को इनाम देकर पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में पांच गांव की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। पुरस्कृत की गई महिलाओं में दो आशाएं एक सहयोगिनी तीन आंगनवाड़ी और दो शिक्षकाओ को भी सम्मानित किया गया।

## एरिया डोमिनेशन अभियान चलाकर क्षेत्र का अवलोकन किया



**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर अमित कुमार के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल मे सकुशल संपन्न कराने के लिए थाना कोतवाली पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलो द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत टीटी तिराहा से शुरुआत कर छैराहा, पचराहा, राजागंज चौराहा, नगरपालिका चौराहा, सुपर मार्केट व तिकोनिया तिराहा, पुल कहारन से नौरंगाबाद चौराहा, शादीलाल धर्मशाला होते हुए स्टेशन रोड से शास्त्री चौराहा तक एरिया डोमिनेशन अभियान चलाकर क्षेत्र का अवलोकन किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान व पुलिस तथा द्धुङ्गद्धक्क( अर्द्ध सैनिक बल )के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला गंगा पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा, पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त नालों की टैपिंग करे, एटीपी प्लांट को निरंतर संचालित करते हुए सफाई की जाए तथा नालों का पानी यमुना जी न जाए एहसी व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया कि जनपद में प्रदूषण से संबंधित जो कार्य किए जा रहे हैं उनका निरीक्षण करते रहें तथा फैक्ट्री, कम्पनी, फर्म आदि द्वारा प्रदूषण मानकों का शतप्रतिशत पालन सुनिश्चित करवाया जाए। जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्रों से जो अपशिष्ट उठान हो रहा है, उसका समय समय पर निरीक्षण करते रहे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मेडिकल बेस्ट उठाने वाली कम्पनी को निर्देशित किया जाये कूड़ा उठाने वाली सभी गाडियों पर जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगायें तथा कंपनी के कार्यों पर निरंतर निगरानी रखें। सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध भी करे और इससे पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में नागरिकों को जागरूक किया जाये। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कांस्ट्रक्शन वेस्ट, ई-वेस्ट, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के निस्तारण की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की। जनपद में कारखानों, प्लांट एवं फैक्ट्री में प्रदूषण मानकों की जांच निरंतर करते रहे। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ, नगर निगम तथा समस्त ईओ को निर्देश दिए कि सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट का निस्तारण कराए। जिलाधिकारी ने यमुना के किनारे स्थित समस्त गांव एवं घाटों की साफ सफाई के निर्देश दिये तथा वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करे। सॉलिड वेस्ट को ग्राम स्तर पर निस्तारित कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि यमुना जी के किनारे स्थित 67 ग्रामों के नालों का पानी यमुना में नहीं जाना चाहिए। यमुना जी को स्वच्छ रखें। श्री सिंह ने अधिशाषी अधिकारी नगर निगम, नगर पालिका परिषद तथा नगर पंचायत के अधिकारियों से कहा कि सभी वार्डो में स्वच्छता का विशेष ध्यान दे और कूड़ा का उठान समय से कराते हुए निगरानी भी करे। जिलाधिकारी ने घाटों पर आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि के आयोजन करने के निर्देश दिये। बैठक में डीएफओ रजनी कांत मित्तल, डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र यादव, डीसी मनरेगा विजय पाण्डेय, सिंचाई विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# होम स्टे ऑफ मथुरा के तहत श्रद्धालुओं को मिलेगी गांव में ठहरने और खान-पान की सुविधा

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और लीला स्थलियों के दर्शन को आने वाले भक्त अब ब्रज के ग्रामीण परिवेश का लुफ्त उठा सकेंगे। यहां उन्हें गांवों में रात को ठहरने और चूल्हे पर बनी पानी के हाथ की रोटी देशी माखन के साथ खाने का मौका मिलेगा साथ में गाय का दूध और छाछ भी पीने को मिलेगी। ब्रज संस्कृति के इस दर्शन की योजना उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने होम स्टे ऑफ मथुरा के तहत तैयार की है।

वर्तमान में ब्रज दर्शन को आने वाले अधिकांश श्रद्धालु मथुरा, वृंदावन , गोवर्धन् और बरसाना के मंदिरों तक सीमित रहते हैं। एक रात और दो दिन के इस धार्मिक टूर में वे ब्रज की मूल संस्कृति से दूर ही रहते हैं। इस दौरान उन्हें भीड़-भाड और शहरी जीवन देखने को मिलता है, लेकिन अब उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने ब्रज दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओ को ब्रज क्षेत्र के ग्रामीण परिवेश से रूबरू कराने के लिए होम स्टे ऑफ मथुरा योजना तैयार की है। इसकी शुरूआत बरसाना के निकटवर्ती गांवों से होने जा रही है। इसके लिए प्रथम फेस में नंदगांव सहित राधारानी की अष्ट सखियों के गांवों में से चयन किया जाएगा।

**- होम स्टे का स्वरूप**

गांव में चयनित लोगों के घरों में ही लोगों को ठहरने की व्यवस्था प्रदान की जाएगी। इन घरों में ग्रामीण परिवेश का खानपान रहेगा। यहां ठहरने वाले लोग गाय का दूध निकालते हुए भी देख सकेंगे। इसके लिए चयनित ग्रामीणों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। गांव के विकास की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत के साथ मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण निभाएगा। इसमें गांव की स्वच्छता के साथ सड़क , प्रकाश, जल निकासी के प्रबंध शामिल हैं।÷ब्रज दर्शन को आने वाले लोगों को होम स्टे ऑफ मथुरा के तहत यहां के गांवों से जोडने की योजना है। इसमें लोग मंदिरों के दर्शन के बाद रात्रि विश्राम गांवों में कर सकते हैं। यहां उन्हें ब्रज भाषा सुनने को मिलेगी। साथ ही वे ब्रज के खानपान का स्वाद भी ले सकेंगे। शहरी जीवन से हटकर कुछ क्षण गांव में बिताने का मौका भी लोगों को मिलेगा।

## जिला महिला कांग्रेस पार्टी की मासिक बैठक संपन्न हुई

**आजमगढ़।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर बैठक लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी हाई कमान के निर्देश द्वारा महिला कांग्रेस गठबन्धन में प्रत्यासियों चयन के पश्चात् भा0ज0पा0 के जन विरोधी नितियों छात्रों बेरोजगारों महंगाई भ्रष्टचार अनाचार महिला उत्पीड़िन को लेकर जबरदस्त विरोध के साथ गठबन्धन के प्रत्यासी को जिताया जायेगा उक्त बातें महिला कांग्रेस की मासिक बैठक में महिला जिला अध्यक्ष शीला भारती ने अपने सम्बोधन मे व्यक्त किया श्रीमती भारती ने कहा कि देश के गरीबों मजदूरों किसानों की गाढ़ी कमाई का पैसा मंहगाई के रूप में कारपोरेट घरानों की तिजोरी भरने के काम आ रहा है। अमेठी प्रत्यासी स्मृति इरानी 2014 में 465 रू0 के गैस सिलेन्डर पर सिर पर सिलेन्डर रख कर नाच रही थी आज एक हजार पार पर जुबान पर ताला लगा ली है। ऐसी हालत में जब तक कांग्रेस गठबन्धन की सरकार नही बन जाती है। जनता का कुछ भला होने वाला नही है। बैठक में प्रेमा चौहान, शबा खान, मीना देवी, बेगम अब्बासी, कावेरी दूबे, मीना देवी, मुन्नू मौर्य, शम्भू शास्त्री, नामी चिरैयाकोटी आदि लोग उपस्थित रहे।

# शादी से पूर्व पत्नी के प्रेम प्रसंग के चलते की गई थी हत्या



**अवधनामा संवाददाता**

**टुंडला/फिरोजाबाद।** 25 फरवरी 2024 को हुई हत्या का अनावरण करते हुए। एसपी सिटी फिरोजाबाद ने बताया सुधा देवी पत्नी बृजेश कुमार ग्राम खगरई थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद द्वारा थाना टूंडला जाकर तहरीर दी गई की दिन में करीब 12:00 बजे शटरिंग का काम करने के लिए मेरे पति बृजेश कुमार उर्फ बाबूजी पुत्र श्री रमेश बाबू निवासी खगरई गई थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद गए थे शाम करीब 8:00 बजे सूचना मिली कि पुराने बाईपास से काशीराम कॉलोनी गड़ी छत्रपति के जाने वाले रास्ते पर मेरे पति के अज्ञात लोगों द्वारा हत्या कर दी गई है इसके संबंध में थाना टूंडला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था, जिसका खुलासा करते हुए किस सिटी सर्वेश कुमार मिश्र ने बताया पुलिस टीम के अथक प्रयास से दो लोगों के नाम प्रकाश में आए अतः घटना के अनावरण एवं गिरफ्तार हेतु पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त रामबाबू व सुमित उसी सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से बेदी की पुलिया की तरफ से पुराने बाईपास होते हुए उसे उसायनी की तरफ आ रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रामबाबू उर्फ पिंकी पुत्र मानसिंह निवासी हरदासपुर थाना नारखी जिला फिरोजाबाद अभियुक्त सुमित बघेल पुत्र जितेंद्र बघेल प्रवासी हरदासपुर थाना नारखी जिला फिरोजाबाद को समय 2:30 बजे पुराना बाईपास राजा का ताल से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# नलकूप के बिल माफी का किसान संगठन ने जताई खुशी



**अवधनामा संवाददाता**

- मिष्ठान बांटकर जताई खुशी

**शिकोहाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में मिष्ठान वितरण कर प्रदेश की किसानों के ट्यूबेल के बिल माफ करने की घोषणा का स्वागत किया है। इस अवसर पर किसानों ने मिष्ठान बांटकर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के नलकूप के बिजली बिल माफ कर किसानों को बड़ी राहत दी है। जिससे प्रदेश के लाखों किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। सरकार किसानों के हित में अगर ऐसे की कदम उठाती रहेगी तो किसान खुशहाल होगा। सरकार को एमएसपी पर भी ध्यान देकर किसानों की मांग पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। जिससे किसान देश के विकास की मुख्यधारा में शामिल हो सकेगा। इस दौरान कई किसान नेता मौजूद थे।

# हाथ की कारीगरी में निपुण है कॉलेज की छात्राएं

**अवधनामा संवाददाता**

- हमीदिया गर्ल्स डिग्री कालेज स्टार्ट-अप मेला-2024
- टाक शो के जरिये छात्राओं ने उद्यमिता पर रखे अपने विचार, छात्राओं ने गजल और गीत पर की जमकर मस्ती

**प्रयागराज।** हमीदिया गर्ल्स डिग्री कालेज के फैशन डिजाइन एवं इम्ब्रायडरी विभाग द्वारा कॉलेज कैंपस में दो दिवसीय स्टार्ट-अप मेला आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि इविवि कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कोऑर्डिनेटर डा. शेफाली नन्दन ने मेले का उद्?घाटन किया।

उन्होने कहा कि मेले का उद्देश्य स्टार्ट-अप को अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने के लिए अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कॉलेज की छात्राओं द्वारा हाथ से की गई कढ़ाई की तारीफ किया। कहा छात्राएं काफी निपुण है। कपड़ा सजाने की यह अनूठी कला है। हाथ के पैटर्न और डिजाइन शिल्प कौशल का प्रतिनिधित्व करते हैं। जो हमारी विरासत भी है। उसको सँजो के रखना भी नवाचार है।

इसके अलावा %वूमेन जोन, मैक्सिसियन, द स्ट्रीट फैशन, आर्गेनिक ऑरा एपैरेल, जुवेल आफ् ज्वाय, इथनिक कलोसेट इनाया बूटीक, उजमा बूटीक, एलिगिन्स हेवेन फर्निशिंग, जूट बैग, पोटली बैग, क्राफ्ट, एफके हेन्डिक्राफ्ट और आर्या कलाकृति स्टार्ट अप ने अपने स्टाल लगाये और अपने नवाधार एवं रचनात्मकता को प्रदर्शित किया।

टाक शो के जरिये छात्राओं ने उद्यमिता पर अपने विचार रखे और कुछ छात्राओं ने गजल और गीत भी प्रस्तुत किये।

इस मौके पर कॉलेज की प्रबंधक तजीन एहसान उल्ला, प्राचार्या प्रो0 नारोहा उस्मानी, हमीदिया गर्ल्स डिग्री कालेज ने छात्रओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभा रही फैशन डिजाइन डिपार्टमेण्ट की कोआर्डिनेटर डॉ0 नसरीन बेगम ने कहा कि स्टार्ट अप मेले का उदेश्य परम्परागत व सांस्कृतिक विरासतको संरक्षित करना व रचनात्मकता तथा नवीनता के साथ प्रस्तुत करना है।

# टीम इंडिया में होगी जसप्रीत बुमराह की वापसी, यहां देखें दोनों की संभावित प्लेइंग इलेवन

धर्मशाला में 7 मार्च से भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच खेला जाएगा। वहीं टीम इंडिया ने पहले ही सीरीज पर 3-1 से कब्जा जमा चुकी है। पांचवें टेस्ट में टीम इंडिया अपनी प्लेइंग 11 में बदलाव कर सकती है। इससे पहले जसप्रीत बुमराह को रांची में हुए चौथे टेस्ट में आराम दिया गया था, लेकिन पांचवें मुकाबले में उनकी वापसी हो सकती है। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला 7 मार्च से खेला जाएगा। इस मुकाबले में दोनों टीमें भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े 9 बजे से धर्मशाला में खेलने उतरेंगी। टीम इंडिया ने पहले ही सीरीज पर 3-1 से कब्जा जमा चुकी है। पांचवें टेस्ट में टीम इंडिया अपनी प्लेइंग 11 में बदलाव कर सकती है। इससे पहले जसप्रीत बुमराह को रांची में हुए चौथे टेस्ट में आराम दिया गया था, लेकिन पांचवें मुकाबले में उनकी वापसी हो सकती है।



वर्कलोड की वजह से चौथे टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया था। पांचवें टेस्ट में अब बुमराह वापसी के लिए तैयारी हैं। बुमराह का प्रदर्शन इस सीरीज में अब तक लाजवाब रहा है।

तीन मैचों में भारतीय तेज गेंदबाज 17 विकेट अपने नाम कर चुका है। बुमराह की वापसी से टीम इंडिया का पेस अटैक काफी मजबूत होगा। बुमराह की वापसी के लिए आकाश दीप या मोहम्मद सिराज में से किसी एक को जगह बनाने होगी।

दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग इलेवन

भारत- रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुबमन गिल, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, रविंद्र जडेजा, आर अश्विन, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

इंग्लैंड- जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स, बेन फोक्स, टॉम हार्टली, मार्क वुड, शोएब बशीर, जेम्स एंडरसन।

## पांचवें टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन घोषित, मार्क वुड की वापसी

इंग्लैंड टीम ने भारत के लिए खिलाफ धर्मशाला टेस्ट के लिए टीम में एक बदलाव किया। जहां ओली रॉबिन्सन की जगह तेज गेंदबाज मार्क वुड को शामिल किया गया। वुड आखिरी बार राजकोट में तीसरे टेस्ट में दिखे थे, जहां पहली पारी में चार विकेट लेने के बाद उन्हें दूसरी पारी में कोई विकेट नहीं मिला था। भारत और इंग्लैंड के बीच 7 मार्च से धर्मशाला में आखिरी टेस्ट मैच खेला जाएगा। इसके लिए इंग्लैंड की टीम ने भारत के खिलाफ अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। ये मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े 9 बजे से खेला जाएगा। मेहमान टीम ने धर्मशाला टेस्ट के लिए टीम में एक बदलाव किया। जहां ओली रॉबिन्सन की जगह तेज गेंदबाज मार्क वुड को शामिल किया गया। वुड आखिरी बार राजकोट में तीसरे टेस्ट में दिखे थे, जहां पहली पारी में चार विकेट लेने के बाद उन्हें दूसरी पारी में कोई विकेट नहीं मिला था। हैदराबाद में पहले टेस्ट में वुड दोनों पारियों में एक भी विकेट लेने में कामयाब नहीं रहे।

# शबनीम इस्माइल का बड़ा कारनामा, महिला क्रिकेट में सबसे तेज गेंद फेंकी

शबनीम इस्माइल ने महिला क्रिकेट में अब तक की सबसे तेज गेंद फेंककर नया इतिहास रचा। गेंद की रफ्तार नापने वाली मशीन 'स्पीड गन' के आने के बाद यह पहला अवसर है जबकि महिला क्रिकेट में किसी गेंदबाज ने 130 किमी से अधिक की रफ्तार से गेंद की।

दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने महिला क्रिकेट में अब तक की सबसे तेज गेंद फेंककर नया इतिहास रचा। गेंद की रफ्तार नापने वाली मशीन 'स्पीड गन' के आने के बाद यह पहला अवसर है जबकि महिला क्रिकेट में किसी गेंदबाज ने 130 किमी से अधिक की रफ्तार से गेंद की। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलते हुए इस्माइल ने यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान 132.1 किमी (80.08 मील) प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करके नया



रिकॉर्ड बनाया। महिला क्रिकेट की यह सबसे तेज गेंद ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग के पैड से टकराई। यह मंगलवार को खेल गए इस मैच के तीसरे ओवर की दूसरी गेंद थी। मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों ने पगबाधा के लिए अपील की लेकिन अंपायर ने उसे ठुकरा दिया।

दक्षिण अफ्रीका की तरफ से पिछले आठ महिला टी20 विश्व कप में भाग लेने वाली इस्माइल ने पिछले साल अपनी घरेलू धरती पर खेली गई इस प्रतियोगिता के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इससे पहले उन्होंने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की थी। इस्माइल ने 2022 में महिला विश्व कप के दौरान दो बार 127 किमी की रफ्तार से गेंद की थीं। इस्माइल से मैच के बाद जब इस रिकॉर्ड के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा जब मैं गेंदबाजी करती हूं तो वास्तव में बड़ी स्क्रीन की तरफ नहीं देखती हूं। इस्माइल हालांकि इस मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई तथा उन्होंने चार ओवर में 46 रन देकर एक विकेट लिया। दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में मुंबई इंडियंस को 29 रन से हराया।

# घरेलू टूर्नामेंट राष्ट्रीय खिलाड़ियों को बुनियादी चीजें दुरुस्त का मौका देते हैं 3 तेंदुलकर

तेंदुलकर ने कहा मैंने अपने पूरे करियर के दौरान, जब भी मौका मिला, मैं मुंबई के लिए खेलने को लेकर जुनूनी रहा। जब मैं युवा था उस समय भी हमारे ड्रेसिंग रूम में लगभग सात आठ भारतीय खिलाड़ी थे और उनके साथ खेलना मजेदार था। महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने मंगलवार को कहा कि रणजी ट्रॉफी में खेलने से राष्ट्रीय खिलाड़ियों को बुनियादी चीजों की ओर लौटने का मौका मिलता है और साथ ही घरेलू टूर्नामेंट का स्तर भी ऊंचा होता है।

बीसीसीआई ने हाल ही में अपने केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय ड्यूटी पर या एनसीए में नहीं होने पर घरेलू रेड-बॉल क्रिकेट खेलना अनिवार्य कर दिया है। बीसीसीआई ने इशान किशन और



श्रेयस अय्यर को अपनी केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर कर दिया क्योंकि वे अपनी राज्य टीम के संबंधित रणजी ट्रॉफी खेलने से चूक गए थे।

उन्होंने कहा, जब भारतीय खिलाड़ी अपनी घरेलू टीमों के लिए खेलते हैं, तो इससे युवाओं के खेल की गुणवत्ता बढ़ती है और कभी-कभी नई प्रतिभा की पहचान होती है। तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, इससे राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी को कभी-कभी बुनियादी बातों को फिर से खोजने का मौका मिलता है।

तेंदुलकर ने कहा, मैंने अपने पूरे करियर के दौरान, जब भी मौका मिला, मैं मुंबई के लिए खेलने को लेकर जुनूनी रहा। जब मैं युवा था उस समय भी हमारे ड्रेसिंग रूम में लगभग सात आठ भारतीय खिलाड़ी थे और उनके साथ खेलना मजेदार था।

तेंदुलकर का मानना कि अपने राज्य की टीमों के लिए स्टार भारतीय खिलाड़ियों की भागीदारी से घरेलू टूर्नामेंटों में भी अधिक रुचि पैदा होगी। उन्होंने कहा, समय के साथ घरेलू टूर्नामेंटों में शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों के भाग लेने से, प्रशंसक भी अपनी घरेलू टीमों का अधिक अनुसरण और समर्थन करना शुरू कर देंगे। बीसीसीआई के द्वारा घरेलू क्रिकेट को समान प्राथमिकता देते देखना अद्भुत है।

## सात्विक और चिराग, त्रिसा और गायत्री ने फ्रेंच ओपन में किया जीत से आगाज

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओईयी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के साथ फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 47 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-13, 24-21 से जीत दर्ज की। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी मंगलवार को यहां मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के साथ फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 47 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-13, 24-21 से जीत दर्ज की। मलेशिया की इस जोड़ी के खिलाफ सात्विक और चिराग की यह आठ मैचों में पांचवीं जीत है।

## इंडियन वेल्स के अंतिम क्वालीफाइंग राउंड में हारे सुमित नागल, दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी से मिली हार

सुमित नागल इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट के अंतिम क्वालीफाइंग दौर में दक्षिण कोरिया के सियोंग चान होंग को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद हार गए। मंगलवार को खेले गए इस मैच में 26 वर्षीय नागल को 6-2, 2-6, 6-7 (4-7) से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट के अंतिम क्वालीफाइंग दौर में दक्षिण कोरिया के सियोंग चान होंग को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद हार गए। मंगलवार को खेले गए इस मैच में 26 वर्षीय नागल को 6-2, 2-6, 6-7 (4-7) से हार का सामना करना पड़ा।

इससे पहले नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले अमेरिका के खिलाड़ी स्टीफन डोस्टानिक को



सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से हराया था। क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में हारने के बावजूद नागल को 10 रैंकिंग अंक और 14400 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली।

नागल इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे। उन्होंने चेन्नई चैलेंजर्स का खिताब जीता था। इससे वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाने में सफल रहे थे। इसके बाद वह हालांकि पुणे और दुबई में खेली गई प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे।

# पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा की शादी होगी बेहद खास, बीच वेडिंग कार्ड हुआ वायरल

फुकरे एक्टर पुलकित सम्राट इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में हैं। एक्टर लंबे समय से शादी में जरूर आना एक्ट्रेस कृति खरबंदा को डेट कर रहे हैं। अब दो साल से ज्यादा समय तक डेटिंग करने के बाद इस जोड़े ने शादी करने का फैसला किया है। और अब उनकी शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जो आम शादी के कार्ड से बिल्कुल अलग है। सामने आया कार्ड एनीमेशन आधारित है, जिसमें एक लड़का गिटार लेकर बालकनी में बैठा है। उनके बगल में एक लड़की भी बैठी नजर आ रही है। दोनों को एक साथ समुद्र की तरफ देखते हुए देखा जा सकता है। कार्ड में इन दोनों के साथ दो कुत्ते भी नजर आ रहे हैं। पुलकित और कृति के कार्ड पर कैप्शन में लिखा- %अपने दोस्तों के साथ जश्न मनाने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकते। इस वायरल कार्ड को देखने के बाद फैंस इस जोड़ी को बधाईयां दे रहे हैं। खबरों की मानें तो दोनों



13 मार्च को शादी करेंगे। कुछ समय पहले सगाई की तस्वीरें वायरल हुई थीं

बता दें, आखिरी बार फुकरे 3 में नजर आए एक्टर पुलकित सम्राट लंबे समय से कृति खरबंदा को डेट कर रहे हैं। इन दोनों ने काफी समय पहले ही अपने प्यार का ऐलान दुनिया के सामने कर दिया था। हाल ही में दोनों की सगाई की खबरों ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। एक पोस्ट वायरल हुई था जिसमें कृति खरबंदा और पुलकित का परिवार एक साथ नजर आ रहा था। फोटो में कृति अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट कर रही थीं। इस पोस्ट को पुलकित सम्राट की बहन ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

कथित तौर पर पुलकित और कृति समुद्र तट पर शादी करेंगे। बता दें, पुलकित सम्राट की ये दूसरी शादी होने वाली है. इससे पहले 2014 में पुलकित ने अपनी गर्लफ्रेंड और सलमान खान की बहन श्वेता रोहिरा से शादी की थी। 2015 में ये शादी टूट गई और अगले ही साल दोनों का तलाक हो गया।

# जान्हवी कपूर के हाथ लगी बड़ी फिल्म, सुपरस्टार रामचरन के साथ शेयर करेंगी स्क्रीन

जान्हवी कपूर राम चरण की आगामी तेलुगु फिल्म में अभिनय करने के लिए तैयार हैं, जिसका निर्देशन बुच्ची बाबू सना करने वाले है। 6 मार्च को जान्हवी कपूर के जन्मदिन पर इस खबर की आधिकारिक घोषणा की गई।

जान्हवी कपूर का शेड्यूल बहुत व्यस्त है। एक्ट्रेस जो अपनी तीन रिलीज के लिए तैयार है, अब देवरा के बाद एक और तेलुगु फिल्म में अभिनय करने के लिए तैयार है। एक्ट्रेस अब राम चरण की 16वीं फिल्म में उनके साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी, जिसे बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। आधिकारिक घोषणा आज, 6 मार्च को की गई।

जान्हवी कपूर के जन्मदिन पर, प्रोडक्शन हाउस माइथ्री मूवी मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के साथ फिल्म की खबर को आधिकारिक बना दिया। कैप्शन में लिखा है,क्रष्ट16 के लिए बोर्ड पर दिव्य सुंदरता का स्वागत करते हुए मंत्रमुग्ध कर देने वाली जान्हवी कपूर को जन्मदिन की शुभकामनाएं। फिल्म का निर्देशन बुच्ची बाबू सना करेंगे। उन्होंने जान्हवी का भी स्वागत किया और लिखा, आपको जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं जान्हवी कपूर, आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

इससे पहले जान्हवी कपूर के पिता बोनी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान इस खबर की पुष्टि की थी। उन्होंने कहा था, मेरी बेटी पहले ही जूनियर एनटीआर के साथ एक फिल्म की शूटिंग कर चुकी है। वह यहां सेट पर बिताए गए हर दिन को पसंद करती है। जल्द ही वह राम चरण के साथ भी एक फिल्म शुरू



करेंगी. ये दोनों लड़के बहुत अच्छा कर रहे हैं। वह बहुत सारी तेलुगु फिल्में देख रही हैं और उनके साथ काम करके वह धन्य महसूस करती हैं। उम्मीद है कि फिल्में चलेंगी और उन्हें और काम मिलेगा। वह जल्द ही सूर्या के साथ भी अभिनय करेंगी। मेरी पत्नी (श्रीदेवी) ने कई भाषाओं में अभिनय किया, मुझे उम्मीद है कि मेरी बेटी भी ऐसा ही करेगी।

जान्हवी कपूर आखिरी बार वरुण धवन के साथ बवाल में नजर आई थीं। आरसी 16 और देवरा के अलावा, जान्हवी के पास राजकुमार राव के साथ मिस्टर एंड मिसेज माही, सुधांशु सरिया की उलझ और वरुण धवन के साथ सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी भी है।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने की यामी गौतम स्टारर आर्टिकल 370 की तारीफ, कहा लोकप्रिय हो रही है ये फिल्म

पीएम नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में एक रैली को संबोधित करते हुए यामी गौतम स्टारर आर्टिकल 370 की तारीफ की है। यह फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वीडियो देखने के लिए नीचे स्क्रॉल करें। यामी गौतम स्टारर आर्टिकल 370 ने देश पर बड़ा प्रभाव डाला और बॉक्स ऑफिस पर आग लगा दी। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है और ऐतिहासिक क्षण को दर्शाती है। फिल्म ने प्रशंसकों के बीच हलचल पैदा कर दी और यहां तक कि पीएम नरेंद्र मोदी ने भी फिल्म की सराहना की।

तेलंगाना के संगारेड्डी में रैली को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने यामी गौतम स्टारर आर्टिकल 370 की तारीफ की। उन्होंने कहा, हमने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने का वादा किया था। बीजेपी ने उस वादे को इस तरह पूरा किया कि एक फिल्म



बनी आर्टिकल 370 इसी मुद्दे पर बनाई गई है। उन्होंने कहा, फिल्म लोकप्रिय हो रही है। यह पहली बार है कि लोग इस तरह की फिल्मों की बदौलत ऐसे मुद्दों में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। हमने अयोध्या में एक भव्य मंदिर में भगवान राम का स्वागत करने का भी वादा किया था। यह वादा भी पूरा किया गया।

जम्मू और कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित, अनुच्छेद 370 भारतीय संविधान में उस अनुच्छेद के ऐतिहासिक निरसन पर आधारित है, जिसने तत्कालीन राज्य को विशेष दर्जा दिया था। 5 अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने इसे रद्द कर दिया। यामी गौतम द्वारा निर्देशित और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य सुहास जांभले द्वारा निर्देशित हाई-ऑक्टेन एक्शन राजनीतिक ड्रामा, ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर द्वारा निर्मित है। आर्टिकल 370 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। आदित्य सुहास जंभाले द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रियामणि, अरुण गोविल और किरण करमरकर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## रणदीप हुडा की स्वतंत्र वीर सावरकर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते बोले, सावरकर से न जोड़ें नेताजी का नाम

रणदीप हुडा स्टारर फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर उस समय विवादों में घिर गई जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस के भतीजे ने इस पर प्रतिक्रिया दी। स्वतंत्र वीर सावरकर का लॉन्च किया गया ट्रेलर, दो प्रभावशाली नेताओं, महात्मा गांधी और वीर सावरकर के बीच ऐतिहासिक मुलाकात को दर्शाता है। इस फिल्म को रणदीप हुडा ने फिल्म का निर्देशन किया है। रणदीप हुडा स्टारर फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर विवादों में घिर गई है। यह फिल्म, विनायक दामोदर सावरकर की बायोपिक है, जो निर्देशक के रूप में रणदीप हुडा की पहली फिल्म है। वह फिल्म में मुख्य भूमिका भी निभा रहे हैं। कल लॉन्च किया गया ट्रेलर, दो प्रभावशाली नेताओं, महात्मा गांधी और वीर सावरकर के बीच ऐतिहासिक मुलाकात को दर्शाता है, जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उनकी अलग-अलग विचारधाराओं को उजागर करता है। इसके अलावा, इसमें बाल गंगाधर तिलक, मदनलाल ढींगरा, भगत सिंह और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसी




प्रमुख शख्सियतों की झलक भी है, जो उस समय की राजनीतिक गतिशीलता की ओर इशारा करते हैं।

अब, नेताजी के भतीजे, चंद्र कुमार बोस ने फिल्म पर टिप्पणी करने के लिए एक्स का सहारा लिया है और निर्माताओं से सुभाष चंद्र बोस का नाम सावरकर के साथ जोड़ने से परहेज करने को कहा है। उन्होंने इंडिया टुडे के एक आर्टिकल का लिंक शेयर करते हुए रणदीप हुडा को टैग करते हुए लिखा, %ञ्चरणदीप हुडा - %सावरकर% पर फिल्म बनाने के लिए आपकी सराहना करते हैं, लेकिन सच्चे व्यक्तित्व को पेश करना महत्वपूर्ण है! कृपया %नेताजी सुभाष चंद्र बोस% का नाम सावरकर के साथ जोड़ने से बचें। नेताजी एक समावेशी धर्मनिरपेक्ष नेता और देशभक्तों के देशभक्त थे।

फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर में रणदीप हुडा मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ अंकिता लोखंडे भी हैं। उत्कर्ष नैथानी द्वारा निर्देशित और सह-लिखित यह फिल्म एक दूरदर्शी नेता, स्वातंत्र्य वीर सावरकर की कहानी पर आधारित है। लीजेंड स्टूडियोज और अवाक फिल्म्स के सहयोग से आनंद पंडित मोशन पिक्चर्स और रणदीप हुडा फिल्म्स द्वारा निर्मित, इस फिल्म का उद्देश्य भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में सावरकर की भूमिका पर प्रकाश डालना है। यह फिल्म 22 मार्च 2024 को रिलीज होने वाली है।

# यूपी में नहीं बिगड़ने दी जाएगी कानून-व्यवस्था : प्रशांत कुमार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कानून एवं व्यवस्था के महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि यूपी पुलिस लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों में जुटी हुई है। सीएए लागू होने पर इसके लिए हम युद्धस्तर पर तैयारी कर रहे हैं। अगर किसी तरह के विवाद की कोई सूचना मिलती है तो उससे निपटने के लिए हम तैयार हैं।

प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश में किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था बिगड़ने नहीं दी जाएगी, इसके लिए मैं आश्वस्त करता हूं। उन्होंने कहा, हम पूरी तरह से तैयार हैं। हम डाटा प्रोटेक्शन करते हैं तो हमारे पास वेपन भी है... हमारे पास डंडा भी है, यदि आवश्यक होगा तो उसका विधिक उपयोग किया जाएगा।

प्रशांत कुमार ने कहा कि चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और अगर सीएए और एनआरसी लागू होता है तो इसके लिए हम सभी धर्मगुरुओं से संपर्क बनाए हुए हैं। हम चुनाव के मद्देनजर अपने संसाधनों जैसे जनशक्ति और उपकरणों को भी अपडेट कर रहे हैं। अभी राज्य में निवेश का माहौल है, हमारी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार हो रहा है, इसलिए ऐसा कुछ भी नहीं करने दिया जाएगा, जिससे राज्य की छवि पर असर पड़े। डीजीपी ने कहा कि हमारी सारी प्रशासनिक मशीनरी, फील्ड कमांडर, पुलिस कमिश्नर, एडीजी

**■ युद्धस्तर पर चल रही चुनाव की तैयारी**

जोन, रेंज प्रमुख यह सुनिश्चित करने के लिए इस पर काम कर रहे हैं कि कानून-व्यवस्था की कोई स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग की एक पीठ यहां आई थी और तीन दिनों तक यहां रुकी और अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने यहां की व्यवस्था पर संतुष्टि भी व्यक्त की। हमने उन्हें आश्वासन दिया कि यहां चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में, बिल्कुल हिंसा-मुक्त और प्रलोभन-मुक्त होंगे। वहीं, पेपर लीक मामले पर प्रशांत कुमार ने कहा कि भर्ती के मामले में सरकार की नीति बिल्कुल स्पष्ट है। भर्ती पारदर्शी तरीके से की जाती है। लीक का मामला सामने आया था और सरकार ने पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी थी।

## दो आरोपियों को पांच वर्ष की कारावास

**लखनऊ।** सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश, लखनऊ ने रेलवे को गलत तरीके से हानि पहुंचाने से संबन्धित सीबीआई मामले में सीनियर डिविजनल मैकेनिकल इंजीनियर (सी × डब्ल्यू), एनईआर, डीआरएम कार्यालय, वाराणसी के कार्यालय में तत्कालीन फिटर ग्रेड-ढ्ढ श्री पी.के. दत्ता एवं निजी कंपनी के एक प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह को 05 वर्ष की कारावास के साथ 95,000/- रु. का जुर्माना लगाया।

सीबीआई ने श्री पी.के. दत्ता सहित आरोपियों के विरुद्ध दिनाँक 29/08/2008 को मामला दर्ज किया था, जिसमे आरोप था कि वर्ष 2004-06 के दौरान श्री. पी.के. दत्ता, तत्कालीन सीनियर डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर (सी × डब्ल्यू), एनईआर, डीआरएम कार्यालय, वाराणसी के कार्यालय में फिटर ग्रेड -1 एवं अन्य आरोपियों ने वाहन मरम्मत के फर्जी व जाली बिल तैयार किए और पारित किए। यह भी आरोप लगाया गया कि बिल वाराणसी स्थित निजी कंपनियों के नाम पर जमा किए गए थे।

# एसटीएफ ने वायुसेना के बर्खास्त कर्मी को नोएडा से दबोचा




**नोएडा।** एसटीएफ नोएडा ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा का पेपर लीक करने के मामले में नोएडा में बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने कोतवाली सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-37 स्थित अरुण विहार कालोनी से वायुसेना के बर्खास्त कर्मी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक फर्जी आधार कार्ड, एक असली आधार कार्ड, एक वायुसेना की आइडी का फर्जी कार्ड, 26 एडमिट कार्ड, 38 बैंक चेक, चार चेकबुक, 14 पेज पुलिस भर्ती से संबंधित, दो डायरी, दो मोबाइल फोन और 500 रुपये बरामद हुए हैं।

एसटीएफ के उपनिरीक्षक अक्षय परवीर कुमार त्यागी द्वारा कोतवाली सेक्टर-39 में दर्ज कराई एफआइआर में बताया कि प्रदेश में 17 व 18 फरवरी को यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा आयोजित कराई गई थी। जिसका पेपर लीक होने के चलते परीक्षा निरस्त हो गई।

पेपर लीक करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई चल रही है। बीते मंगलवार को सूचना मिली कि झांसी में पकड़े गए गैंग का सरगना दिल्ली के मुखर्जी नगर में है। सूचना को पुख्ता कर टीम ने आरोपित को मुखर्जी नगर से पकड़ लिया। पकड़े जाने पर अपना नाम प्रमोद कुमार पाठक बताया। साथ ही वायुसेना का आइडी कार्ड दिखाया और कहा कि वह अवकाश पर है और अन्य परीक्षाओं की तैयारी के लिए मुखर्जी नगर आया हुआ है।

**■ अभ्यर्थियों से ऐंठता था लाखों रुपये**

जिसे पूछताछ के लिए नोएडा कार्यालय ले आए। मोबाइल चेक करने पर पता चला कि वॉट्सएप पर अधिकतर चैट डिलीट कर दी थीं। शुरुआत में खुद को निर्दोष बताने के बाद कुछ चैट के माध्यम से पेपर लीक करने संबंधी जानकारी मिली। आरोपित ने बताया कि वह वायुसेना में कारपोरल के पद पर कार्यरत था, लेकिन वर्ष 2022 में बर्खास्त हो गया और नोएडा के सेक्टर-37 स्थित अरुण विहार में रहता है। उसने वायुसेना के असली कार्ड का डुप्लीकेट कार्ड बनवा रखा है और पेपर लीक कर देने की एवज में वह तीन से 15 लाख रुपये तक वसूलता है।

**सॉल्वर बैठाने का भी करते हैं काम**

पूछताछ में बताया कि उसका चचेरा साला मोहन उर्फ मोना निवासी अलीगढ़ खैर है। वह झांसी में दर्ज मुकदमे में वांछित मोनू पंडित, गौरव, आशीष पालीवाल, अतुल पालीवाल के साथ मिलकर पेपर लीक कराने अथवा वास्तविक अभ्यर्थी के स्थान पर सॉल्वर बैठाने का काम करते हैं। गौरव, आशीष, अतुल और मोनू पंडित की बनारस, झांसी, अलीगढ़ और बरेली में भी लैब हैं। यूपी पुलिस के पेपर के संबंध में पूछा तो बताया कि उसके और मोनू के पास पेपर बनारस के अखिलेश यादव और लखनऊ के राहुल ने भेजा था। इसके बाद आरोपित के घर पर छापेमारी की। जहां से महत्वपूर्ण दस्तावेज और साक्ष्य बरामद किए। डीसीपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि एसटीएफ की टीम ने कोतवाली सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज कराया है।

# पटना से पीडीयू जंक्शन तक वंदे भारत का सफल ट्रायल




**दिलदारनगर (गाजीपुर)।** पटना-पीडीडीयू रेल खंड पर भी वंदे भारत ट्रेन का परिचालन जल्द शुरू होने की उम्मीद बढ़ गई है। सोमवार को पटना से लखनऊ वाया अयोध्या जाने वाली वंदे भारत ट्रेन का पटना जंक्शन से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तक ट्रायल हुआ।

पटना से पीडीडीयू जंक्शन पहुंचने में ट्रेन को महज दो घंटा सात मिनट का समय लगा। हालांकि, इस दौरान तीन जगह काशन के चलते ट्रेन की गति धीमी की गई। दिलदारनगर सेक्शन के यातायात निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पटना से पीडीडीयू व डीडीयू से पटना के बीच वंदे भारत ट्रेन का सफल ट्रायल रहा। समय सारणी व ठहराव रेलवे मंत्रालय की ओर से तय होगा। पटना से लखनऊ वाया अयोध्या चलाए जाने के लिए वंदे भारत का रैक शनिवार को ही लाया गया था। सोमवार को इस रैक का ट्रायल पटना से डीडीयू के बीच किया गया। ट्रायल में दो टीटीई के साथ इलेक्ट्रिकल व कैरेज विभाग के साथ ही अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। पटना से डीडीयू तक रेल ट्रैक वंदे भारत के लिए पूरी तरह सुरक्षित पाया गया।

# दो दिन तक वाराणसी में लागू रहेगा रूट डायवर्जन प्लान

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि और पंचक्रोशी यात्रा के लिए शहर में लाखों शिव भक्तों का हुजूम उमड़ेगा। इसके मद्देनजर सात मार्च की रात से नौ मार्च की सुबह तक शहर में रूट डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। एडीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार पांडेय ने आमजन से अपील की है कि रूट डायवर्जन प्लान का पालन कर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग करें।



**पंचक्रोशी यात्रा के लिए सात से नौ मार्च तक रूट डायवर्जन :** सात मार्च की रात 10 बजे से नौ मार्च की सुबह 10 बजे तक रूट डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। सूजाबाद पुलिस चौकी से वाहनों को राजघाट की तरफ आने दिया जाएगा। यातायात का दबाव बढ़ने पर वाहनों को रामनगर की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। गोलगड्डा तिराहा से भदऊं चुंगी तिराहे की तरफ वाहन नहीं जाने दिए जाएंगे। लकड़मंडी तिराहा से भदऊं चुंगी तिराहे की तरफ वाहन नहीं जाने दिए जाएंगे। काली माता मंदिर चौराहा से पांडेयपुर चौराहे की तरफ वाहन नहीं जाने दिए जाएंगे।

लालपुर पांडेयपुर पुलिस चौकी से पांडेयपुर चौराहे की तरफ वाहन नहीं जाने दिए जाएंगे। पुलिस लाइन चौराहा से अर्दली बाजार की तरफ भी वाहन नहीं जाने दिए जाएंगे। भोजूबीर तिराहा से अर्दली बाजार की तरफ भी वाहन नहीं जाने दिए जाएंगे। पंचक्रोशी यात्रा के दौरान वाहन पार्किंग की व्यवस्था

टेंगरा मोड़ रामनगर, सनबीम स्कूल के सामने सामने घाट के पास, गिलट बाजार, बाबा कीनाराम आश्रम के सामने रवींद्रपुरी, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के वीसी आवास के सामने, सड़क के दानों तरफ लकड़मंडी, सर्वसेवा संघ और रेलवे का मैदान।

**महाशिवरात्रि के लिए रूट डायवर्जन प्लान :** सात मार्च की रात 10 बजे से आठ मार्च की रात 11 बजे तक रूट डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। बाहर से आने वाले चारपहिया वाहनों को बेनिया से रामापुरा की तरफ नहीं जाने दिया जाएगा।

कबीरचौरा की तरफ से पियरी चौकी होते हुए बेनिया तिराहा की तरफ से तीनपहिया और चारपहिया

**■ काशी पंचक्रोशी यात्रा : लाखों भक्तों का उमड़ेगा हुजूम**

वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। दो पहिया वाहनों का संचालन होगा। यह मार्ग त्योहार पर एकल दिशा मार्ग के रूप में इस्तेमाल होगा। बेनिया पार्किंग से जो भी वाहन निकलेंगे, वह पियरी चौकी, कबीरचौरा होकर अपने गंतव्य को जाएंगे। किसी भी दशा में बेनिया तिराहे होकर लहुराबीर नहीं जाएंगे। मैदागिन से गोदौलिया के बीच ऑटो-टोटो और पैडल रिक्शा के साथ ही चारपहिया वाहन नहीं चलेंगे।

गुरुबाग की तरफ से आने वाले ऑटो-टोटो गुरुबाग से दाएं मुड़कर नीमामाई होते हुए गंतव्य को जाएंगे। भेलूपुर से रेवड़ी तालाब होते हुए रामापुरा की तरफ जाने वाले मार्ग पर ऑटो-टोटो डॉ. विपिन बिहारी इंटर कॉलेज से आगे नहीं जाएंगे। भेलूपुर से सोनारपुरा की तरफ और ब्रॉडवे से अग्रवाल तिराहे की तरफ जाने वाले वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा।

# हाईकोर्ट ने कहा : चिकित्सा प्रमाण पत्र न होने पर नहीं निरस्त नहीं कर सकते ट्रांसफर

**प्रयागराज।** पति के गंभीर न्यूरो रोग से पीड़ित होने के आधार पर सीतापुर से उन्नाव स्थानान्तरित हुई सहायक अध्यापिका को ज्वाइन न कराने के बेसिक शिक्षा अधिकारी उन्नाव और सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद के आदेश को रद्द करने के हाईकोर्ट की एकल पीठ द्वारा आदेश के विरुद्ध सरकार और बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा दाखिल विशेष अपील को खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने उक्त टिप्पणी की।

सहायक अध्यापिका लक्ष्मी शुक्ला के अधिवक्तागण रजत ऐरन और ऋषि श्रीवास्तव द्वारा जस्टिस ए.आर.मसूदी एवम जस्टिस ब्रज राज सिंह की खंडपीठ के समक्ष सरकार की अपील का विरोध करते हुए बहस की गई कि अध्यापिका द्वारा किसी आम या निजी मेडिकल संस्थान नही अपितु पीजीआई. लखनऊ और चंडीगढ़ जैसे राष्ट्रीय स्तर के नामचीन मेडिकल शोध संस्थान के उपचार पर्चे अपने स्थानांतरण के लिए जमा किए थे। विभाग द्वारा फर्जी या

**■ बीएसए का आदेश किया रद्द**

कूटरचित मेडिकल दस्तावेज जमा करने का कोई आधार नहीं लिया गया है।

अपने पति के असाध्य बीमारी से पीड़ित होने के कारण याची दो जून 2023 के शासनादेश के तहत सीतापुर से उन्नाव अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के लिए आवेदन किया था, जिसको स्वीकार करते हुए याची को उन्नाव में ज्वाइन भी करवा दिया गया था। बीएसए उन्नाव और सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद ने लगभग तीन सप्ताह कार्य लेने के पश्चात याची का स्थानांतरण इस आधार पर निरस्त कर दिया कि याची के पति के पीजीआई लखनऊ एवम चंडीगढ़ द्वारा जारी उपचार पर्चे चिकित्सा प्रमाण पत्र नही माने जा सकते। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने विभाग की यह कार्यवाही को रद्द करते हुए समस्त बकाए वेतन सहित ज्वाइन कराने का आदेश दिया था।

# रुचि के अनुसार चुने कैरियर : मनोज वर्मा

## जनपद स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** जिला युवा अधिकारी विकास सिंह के निर्देशानुसार एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट लखनऊ के विवेकानंद सभागार में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मनोज कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर एवं सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं दुर्गेश त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष एकल अभियान युवा विभाग भी उपस्थित रहे जिन्होंने युवाओं को बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से युवाओं के राजनीति में आने की भावना जागृत होती हैं तथा युवा संसद जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से अपने विचार रखने की स्वतंत्रता मिलती है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महोदय ने देश के विकाश पर चर्चा की तथा युवाओं को आपकी रुचि के क्षेत्र में आगे बढने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सूचना प्रसारण मंत्रालय के निदेशक श्री मनोज वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि विद्यार्थियों को उस छेत्र में अपना करियर बनाना चाहिये जिसमें उनकी रुचि हो. उन्होंने कहा कि छात्रों को जिंदगी में आ रहे उतार चढाव से नहीं डरना चाहिये हमेशा संयम बनाए रखना चाहिये।

युवा संसद चार सत्रों में हुई । प्रथम सत्र में मेरा युवा भारत पोर्टल पर पंजीकरण एवम उसकी उपयोगिता ,विषय पर चर्चा करते हुए पंजीकरण कराए गए। द्वीतीय सत्र में कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे युवाओं द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल संसद सत्र का आयोजन हुआ, जिसमे युवा लोक सभा अध्यक्ष , युवा प्रधानमंत्री ,युवा विपक्षी नेता एवं बिस सत्ता पक्ष युवा सांसद तथा दस विपक्ष युवा सांसद द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा नारी शक्ति विषय पर चर्चा की गई। अंत में अतिथियों और प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पुरुस्कार भेट कर कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।सम्पूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता पीयूष सिंह चौहान उपाध्यक्ष द्वारा की गई।

# टीएमयू और ट्विनटेक के बीच एमओयू



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के इंजीनियरिंग कॉलेज और ऑटोडेस्क अधिकृत लर्निंग पार्टनर ट्विनटेक डिजाइन एंड इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड के बीच एमओयू साइन किया गया। इस एमओयू का लक्ष्य टीएमयू के शैक्षणिक पाठ्यक्रम में औद्योगिक डिजाइन और इंजीनियरिंग तकनीक को एकीकृत करना है, जिससे छात्रों को आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में सफल होने के लिए आवश्यक व्यावहारिक अनुभव और कौशल प्रदान किया जा सके। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की ओर से डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन और ट्विनटेक डिजाइन एंड इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड की ओर से निदेशक श्री निरंजन कुमार सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर सीसीएसआईटी के निदेशक प्रो. आरके द्विवेदी भी मौजूद रहे।

डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने बताया कि ऑटोडेस्क अधिकृत लर्निंग पार्टनर के रूप में ट्विनटेक के साथ साझेदारी करके हमारे छात्र ऑटोडेस्क के इंडस्ट्री ओरिएंटेड सॉफ्टवेयरों का उपयोग करने में सक्षम होंगे ताकि बाजार में उनकी रोजगार क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मकता में इजाफा होगा।

# अब डाकघरों के माध्यम से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए निःशुल्क पंजीयन

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** अब डाकघरों के माध्यम से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए पंजीयन किया जा सकता है। इस योजना के पात्र लोगों का सर्वे केंद्र सरकार डाक विभाग के जरिए कर रही है। वाराणसी एवं प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग के पोस्टमैन और ग्रामीण डाक सेवक घर-घर जाकर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ बताते हुए सर्वे कर रहे हैं तथा जिन आवासीय घरों में लोग सोलर रूफ टॉप लगवाना चाहते हैं, उनका निःशुल्क पंजीयन मोबाइल एप के माध्यम से तत्काल कर रहे हैं।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि पोस्टमैन घर-घर जाकर अपने मोबाइल पर एप्लीकेशन क्यूआरटी पीएम सूर्यघर


**■ पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत मिलेगी हर माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली, डाकघरों के माध्यम से हो रहा पंजीयन**

के द्वारा जानकारी जुटा रहे हैं। पंजीयन के लिए ग्राहक का मोबाइल नंबर, ग्राहक का नाम, राज्य, जिला, बिजली वितरण कंपनी, उपभोक्ता खाता संख्या, बिजली बिल की प्रति, घर के रूफटॉप की तस्वीर, सौर स्थापना के लिए उपलब्ध अनुमानित क्षेत्र इत्यादि जानकारी सम्बंधित साइट पर अपलोड कर सोलर रूफटॉप के लिए निःशुल्क पंजीयन कर रहे हैं। विदित हो कि इस योजना के अंतर्गत एक किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए केंद्र सरकार द्वारा 30 हज़ार, दो किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए 60 हज़ार जबकि तीन या उससे अधिक किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए 78 हजार की सब्सिडी दी जाएगी, जिससे क्रमशः औसतन 0-150, 150-300, 300 यूनिट से अधिक बिजली उत्पादन किया जा सकता है।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने हाल ही में बिजली बचाने और विद्युत के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए यह योजना शुरू की है एवं अंतरिम बजट में लोगों को हर माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। योजना के तहत एक करोड़ घरों पर बिजली के लिए सोलर सिस्टम लगाने का एलान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने किया था। इस योजना के तहत घरों की छत पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इससे सूर्य की किरणों की मदद से बिजली का उत्पादन होगा। अधिक से अधिक घरों तक इस योजना का लाभ पहुंचे इसके लिए डाक विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

# भाजपा से टिकट के दावेदारों की बढ़ी बेचैनी

**अवधनामा संवाददाता**



**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव की आहट सुनाई देने लगी है। हर दल अपनी बिसात बिछाने में लगा है। इस चुनावी समर में अधिकतर राजनीतिक दलों में टिकट को लेकर स्थिति साफ होती दिख रही है।लेकिन सबसे ज्यादा मुश्किल भाजपा के खैमे में देखने को मिल रही है। जनपद की एक मात्र कौशाम्बी सीट पर अभी तक भाजपा ने अपने पत्ते नहीं खोले इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह तरह की चर्चा होने लगी है।

लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान कभी भी हो सकता है। लेकिन किसी भी सियासी दल ने अभी तक अपने पत्ते पूरी तरह नहीं खोले। सभी दल के दावेदार दिल्ली और लखनऊ की दौड़ लगा अपने अपने आकाओं के इर्दगिर्द चक्कर लगा चेहरा दिखाने की कोशिश कर अपना टिकट पक्का करवाने में लगे हैं। अभी तक इंडिया गठबंधन, एनडीए और बसपा में से किसी भी दल ने प्रत्याशी घोषित नहीं किया।

भाजपा के सांसद जहां अपनी दावेदारी मजबूती से पेश कर आश्वस्त दिख रहे हैं तो वहीं भाजपा की सहयोगी पार्टी अपना दल से वाचस्पति और जनसत्ता दल के मुखिया राजा भैया भी कौशाम्बी सीट पर अपना अपना दावा पेश कर रहे हैं। अगर लोगों की बातों और सियासी पण्डितों की चर्चा पर जायें तो भाजपा इस सीट पर चौंकाने वाला निर्णय ले सकती है। हालांकि वर्तमान सांसद विनोद कुमार सोनकर पूरी तरह आश्वस्त हैं कि अंत में पार्टी हाईकमान उन्हीं पर दांव लगा सकता है। अब देखना यह होगा कि सारे दल कब और किसे अपनी पार्टी का प्रत्याशी घोषित करते हैं।

## वैन एक्सप्रेस करेगी ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक

**कौशाम्बी (अवधनामा संवाददाता)।** निर्वाचन आयोग के आह्वान पर जनपद में ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक करेगी।

**एक्सप्रेस वैन भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक**

भारत निर्वाचन आयोग की मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन दिनांक 08 मार्च 2024 को जनपद का भ्रमण कर अधिकाधिक मतदाताओं को आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक करेगी। मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन जनपद की ग्राम पंचायत गिरिया खालसा, तिल्हापुर मोड, ग्राम पंचायत बसुहार, म्योहर, अषाढा, दानपुर, टेवा, सेलरहा पूरब व पश्चिम, सयारां मीठेपुर एवं अलीपुर जीता का भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक करेंगी।

# अच्छी शिक्षा से अच्छे समाज का निर्माण होता है : अवनीश

## 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन, बोले- स्कूल का उत्तरदायित्व सबसे अधिक महत्वपूर्ण

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज विद्यालय के विशाल प्रांगण में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अवनीश अवस्थी, आई.ए.एस., मुख्य सलाहकार, मा. मुख्यमंत्री, उ.प्र., ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि अच्छी शिक्षा से अच्छे समाज का निर्माण होता है। घर एवं विद्यालय का सुसंस्कारित व शान्त वातावरण बालक को संतुलित व्यक्तित्व प्रदान कर सही राह दिखा सकता है। श्री अवस्थी ने जोर देते हुए कहा कि एक सामाजिक संस्था के रूप में स्कूल का उत्तरदायित्व सबसे अधिक महत्वपूर्ण एवं व्यापक है। इससे पहले, श्री अवस्थी ने सी.एम.एस. संस्थापक स्वं. डा. जगदीश गाँधी को श्रद्धान्जलि अर्पित की। सी.एम.एस. संस्थापिका-





निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने इस अवसर पर कहा कि उद्देश्यपूर्ण शिक्षा का मनुष्य के ऊपर व्यापक प्रभाव होता है। सी.एम.एस. अपने छात्रों को व्यापक तथा समाजोपयोगी ज्ञान को अर्जित करने के लिए प्रेरित करता है तथापि उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाता है।

'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' में रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विद्यालय के मेधावी छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष भर में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद की प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षा में टॉप कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। समारोह का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना, सर्वधर्म प्रार्थना एवं विश्व एकता प्रार्थना से हुआ। इस अवसर पर छात्रों ने स्वागत गान, राइम्स, लघु नाटिका आदि विभिन्न शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा बिखेरकर अभिभावकों का मंत्रमुग्ध कर दिया।

सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' बच्चों में निहित क्षमताओं को विकसित करने एवं आध्यात्मिक, सामाजिक तथा भौतिक ज्ञान से परिपूर्ण 'टोटल क्वालिटी पर्सन' बनाने में अत्यन्त महत्वपूर्ण है। सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती आभा अनन्त ने अभिभावकों के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि स्कूल पर बालक को एक अच्छा इंसान बनाने की नैतिक जिम्मेदारी होती है और यह पुनीत कार्य अभिभावकों के सहयोग से ही संभव है। मुझे प्रसन्नता है कि हमें अभिभावकों का सहयोग निरन्तर मिल रहा है।

# पार्टी की रीति-नीति सरकार के किये गये विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच मे जाएगे: कृपाशंकर

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने होटल रीवर व्यू मे एक प्रेस वार्ता आयोजित की जिसमे उन्होंने कहा कि मैं शीर्ष नेतृत्व को आभार व्यक्त करता हू कि उन्होंने हम जैसे कार्यकर्ता को जौनपुर का सेवा करने का अवसर प्रदान किया। शीर्ष नेतृत्व को आभार व्यक्त करता हू कि उन्होंने हम जैसे कार्यकर्ता को जौनपुर का सेवा करने का अवसर प्रदान किया। मुझे पार्टी के देव तुल्य कार्यकर्ताओं के बल पर और देव तुल्य जनता के विश्वास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जौनपुर की सेवा के लिये भेजा है और मुझे विश्वास है कि मै उनके विश्वास पर खरा उतरुगा। पार्टी की रीति-नीति सरकार के किये गये विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच मे जाएगे मुझे पूर्ण विश्वास है कि अबकी बार फिर तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री और अपने इस सेवक को सांसद बनाये।

उन्होने आगे कहा कि अबकी बार भाजपा की 400 सौ सीट के साथ एक बार फिर मोदी सरकार आयेगी जिसमे से जौनपुर का भी एक सीट का योगदान रहेगा इस बाबत बूथ स्तर पर प्रचार प्रसार करेंगे। केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाएं और विकसित भारत का विजन लेकर प्रत्येक बूथों पर चर्चा करेंगे केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदेश सरकार की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की और विकसित भारत का विजन लेकर गांव, मजारों, टीलों, चौपालों और बूथों पर चर्चा करेंगे जो विपक्षी ईवीएम का रोना रोते हैं उन्हें यह पता नहीं है कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता कितना मेहनती है मुझे आशा है कि प्रदेश में सर्वाधिक मतों से लोकसभा में जीतने वाली लोकसभा सीट जौनपुर होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। भाजपा जाति और धर्म के नाम पर राजनीति नहीं कर रही है। हमारे एजेंडे में किसान, नौजवान, महिलाएं सभी वर्ग के लोग हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी वर्ग को मिल रहा है हमारी सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। हमारी देवतुल्य जनता अपना मन बना चुकी है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता का अटूट विश्वास है एवं प्रधानमंत्री ने भी जनता को विकास की गारंटी दी है जो की जनता के बीच विश्वास के भाव को दर्शाती है हमें इन चुनावों के माध्यम से अबकी बार 400 पर के लक्ष्य को भी पूरा करने के लिए पूरे दम खम के साथ और जनसहयोग के माध्यम से प्रचंड विजय को हासिल करना है। उक्त अवसर पर उत्तर प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट ओमप्रकाश सिंह समाजसेवी ज्ञानप्रकाश सिंह पूर्व विधायक सुरेन्द प्रताप सिंह जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह सुशांत चौबे उपस्थित रहे।

## पीयू परिसर के पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन शुरू

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने परिसर में चलने वाले समस्त पाठ्यक्रमों के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पीयूकैट) सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय ने जारी कर दिया है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय एमबीए सहित विभिन्न स्नातक (यूजी), डिप्लोमा और स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए टेस्ट का आयोजन करता है। इच्छुक अभ्यर्थी वीबीएसपीयू पीयूसीएटी 2024 परीक्षा के लिए आधिकारिक वेबसाइट- vbsppu. ac.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन एक मार्च से शुरू हो गया है। इसकी अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय परिसर में बीएससी, बीए, बीकाम, बीए एलएलबी आनर्स (फाइव इयर इनटीग्रेटेड कोर्स), बीए (जनसंचार, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र), बीसीए, बीबीए, बीटेक, एमएससी, एमए, एमबीए, एमसीए, एमए जनसंचार, एमटेक, डिप्लोमा इन फार्मेसी, मेकिनिकल इंजीनियरिंग, पीजी डिप्लोमा इन जेंडर वूमेन स्टडी, ट्रासलेशन के पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

# मिस्टर फ्रेशर करण, मिस फ्रेशर स्वाति बनीं

- ज्ञान के साथ ग्रेडिंग भी जरूरी: कुलपति
- फार्मेसी संस्थान में मना नवागंतुक सम्मान समारोह

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में नवागंतुक सम्मान समारोह मनाया गया द्य कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉक्टर नृपेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। उक्त समारोह में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने नवागंतुकों को आशीर्वचन देकर कहा कि शिक्षा कभी भी बेकार नहीं जाती, विद्यार्थियों मन लगाकर अपने पाठ्यक्रमों की तैयारी करना ताकि आप अच्छे अंक से परीक्षा उत्तीर्ण कर सकें द्य आजकल कंपनियां ज्ञान और अनुभव के साथ-साथ आपकी ग्रेडिंग को भी देखती है। उक्त कार्यक्रम में श्री श्री रविशंकर जी के शिष्य जयसिंह द्वारा 15 मिनट का प्राणायाम कराया गया जो कि विद्यार्थी जीवन को संतुलित करने में बहुत मददगार साबित होगा द्य विद्यार्थियों ने कुलपति के सामने गणेश स्तुति का नृत्य पेश किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी द्य कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर करण कुमार एवं मिस फ्रेशर स्वाति पांडे बनीं। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक पूजा सक्सेना, डॉ. राजीव कुमार, सुरेंद्र सिंह, विजय बहादुर मौर्य, हेमंत दुबे उपस्थित थे।

## गैंगस्टर से पुलिस कि मुठभेड़ दो वर्षो से चल रहा था फरार

**आजमगढ़।** गैंगस्टर से पुलिस से कि मुठभेड़ सूचना मिली और पुलिस सक्रिय हो गई। स्वाट टीम एवं फूलपुर कोतवाली पुलिस संयुक्त रूप से बदमाश की सुरागरशी में जुट गई। रात करीब 12.30 बजे पुलिस ने शाहगंज की ओर से आ रहे बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। पुलिस देखा उसने अपनी बाइक खानजहापुर- सैदपुर मार्ग पर मोड़ा और भागने लगा। अपने पीछे लगी पलिस को देख बाइक सवार सैदपुर मार्ग पर अपनी बाइक फेंक कर पुलिस टीम पर फायर करते हुए पैदल भागने लगा। पुलिस द्वारा आत्मरक्षरत की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और घेरेबंदी कर उसे काबू में कर लिया गया। उसकी पहचान अमित कुमार निषाद उर्फ भैयालाल निवासी ग्राम पटना थाना क्षेत्र खानपुर जिला गाजीपुर के रूप में हुई। उसके कब्जे से बाइक, तमंचा व तीन जिंदा और तीन खोखा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ जिले के आलावा गाजीपुर व वाराणसी में लगभग दर्जन भर संगीन मामले दर्ज हैं।

## नियमानुसार जांच आदेश पारित करने का प्रशिक्षण देने का निर्देश: इलाहाबाद हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विभागीय जांच में आदेश पारित करते समय बरती जाने वाली लापरवाही के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के सचिव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करें, जिससे विभागीय जांच के अंतर्गत आदेश पारित करते समय सुसंगत प्रावधानों का पर्याप्त अनुपालन सुनिश्चित कराया जा सके। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा के खिलाफ आक्षेपित आदेश को रद्द करते हुए बीएसए, फर्रुखाबाद को याची को जांच रिपोर्ट की एक प्रति प्रदान करने के साथ जांच प्रक्रिया को 6 सप्ताह की अवधि के भीतर समाप्त करने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसे कई उदाहरण हमारे समक्ष हैं, जहां बेसिक शिक्षा अधिकारी आदेश पारित करते समय प्रासंगिक नियमों के अनिवार्य प्रावधानों का पालन नहीं कर रहे हैं। सुनवाई के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि परिषद के सचिव द्वारा एक कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया है, जिसमें सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को सूचित किया गया है कि परिषदीय शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने के लिए उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली, 1973 सपठित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 का पालन किए जाने के संबंध में प्रशिक्षण सत्र इस महीने की 6 और 7 तारीख को ऑनलाइन आयोजित किया जा रहा है, जिससे अन्य कार्य प्रभावित न हो।

# वोट न डालने के कारणों पर भी विचार करना चाहिए

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित मतदाता जागतरूकता और ÷मेरा पहला वोट देश के लिये अभियान में बोलते हुये अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. मनमोहन कृष्ण ने कहा हम सबको वोट डालने के साथ-साथ लोग वोट क्यों नहीं डालते इसके कारणों पर भी विचार करना चाहिए। उन्होंने थ्योरी ऑफ़ पोलिटिकल रोमांस, थ्योरी ऑफ़ पोलिटिकल च्वाइस और वोटर पैराडॉक्स थ्योरी के माध्यम से कम वोट पड़ने के कारणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कई बार वोटर को लगता है कि मेरे मत का प्रभाव नहीं है। जिसे हम वोट दे रहें हैं हम उसे ठीक से जानते नहीं हैं। पर वोटर का मत अमूल्य है। वोटर को सुविचारित तरीक़े से मतदान करना चाहिये।



प्रो. धनंजय यादव ने कहा कि ज़िम्मेदार नागरिक होने के नाते हमें चुनाव की प्रक्रिया में पूरे उत्साह से भाग लेना चाहिये। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि हमें स्वयं वोट देने के साथ अन्यों को भी मतदान के लिये प्रेरित करना चाहिये। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीष कुमार गौतम ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या छात्र उपस्थित रहे।

# तीन परियोजना का राज्य मंत्री ने किया शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिले के चैकिया से आरा तक सम्पर्क मार्ग का चैडीकरण और सुदर्रीकरण किया जायगा 12 किलोमीटर के इस सड़क मार्ग निर्माण में 19 करोड़ 75 लाख रूपये खर्च होगा। बुधवार को इस परियोजना का शिलान्यास प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादक ने किया इसके आलावा नाबार्ड आर. आई. डी. एफ...29 योजना के अंतर्गत दो और परियोजना का शिलान्यास किया। पहली परियोजना सिद्दीकपुर जमुहायी मार्ग राजपत नगर सम्पर्क मार्ग मध्य नाले पर बॉक्स कलवट पहुंच मार्ग का शिलान्यास किया। इस परियोजना के निर्माण में 1 करोड़ 84 लाख रूपये खर्च होगा। दूसरी परियोजना ग्राम सैदपुर गढ़ऊर के मध्य नाले पर बॉक्स कलवर्ट पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस परियोजना में 60 लाख रूपये खर्च होगा। कहा कि आज विकास कि गंगा बह रही है। चारो तरफ सड़को का जाल बिछ गया है. हमारी सरकार हर क्षेत्र में काम किया हैचाहे सड़क हो, विजली हो, ग्रामीण पेयजल हो, गरीबो का आवास हो, आयुष्मान कार्ड हो, डॉ रामसूरत मौर्या, रविंद्र सिंह पूर्व प्रधान , प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव, शरद सिंह, राजकेशर पाल, रविंद्र सिंह राजू दादा, राजकेशर, अमित श्रीवास्तव, अजय सिंह, जितेंद्र सिंह, मनीष श्रीवास्तव, प्रदीप तिवारी, श्यामबाबू यादव जिला पंचायत सदस्य, पुष्पेन्द्र त्यागी, विकास पंडा, विवेक मौर्या, राधे पाल व विकास शर्मा, ब्रमेश शुक्ला आदि लोग उपस्थिति रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने किया सत्याग्रह



**जौनपुर।** इण्डियन पब्लिक इम्प्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ)के आह्वान पर बुधवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जौनपुर के अध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह व मंत्री सत्य प्रकाश मिश्र तथा रोडवेज संघ के प्रतिनिधि नेतृत्व में सत्याग्रह धरना व ज्ञापन दिया गया। प्रमुख मांगों में - पुरानी पेंशन योजना की बहाली, 8वें वेतन आयोग व स्थायी राष्ट्रीय वेतन आयोग के गठन तथा हर प्रकार की ठेकेदारी प्रथा जैसे कि संविदा/आउटसोर्सिंग/वर्क चार्ज/ दैनिक वेतन भोगी कर्मी आदि को समाप्त कर कार्यरत कर्मियों को उनके कार्य स्थल पर नियमित करने इत्यादि मांगों को पूरा करने के सम्बंध मे उत्तर प्रदेश के राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद एवं इससे सम्बध्द समस्त घटक संघ द्वारा इप्सेफ के बैनर तले जनपद में सत्याग्रह धरना/ज्ञापन कार्यक्रम में सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पूर्व सांसद धनंजय सिंह सहित उनके साथी को सात साल की सजा और 50 -50हजार रुपए का जुर्माना




**जौनपुर।** नमामि गंगे प्रोजेक्ट के मैनेजर मुजफ्फरनगर के मूल निवासी अभिनव सिंघल के अपहरण और रंगदारी टैक्स मांगने के आरोप में उपर जिला जज चतुर्थ एवं एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश शरद चन्द त्रिपाठी ने आज बुधवार 06 मार्च को सजा के विन्दु पर बहस सुनने के पश्चात जिले के बाहुबली नेता एवं पूर्व सांसद धनंजय सिंह सहित उनके साथी संतोष विक्रम सिंह को घारा 364, 386, 504 और 120 बी के अपराध का दोषी मानते हुए अपने फैसले में 07 साल कारावास और 50- 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। न्यायधीश ने अपने फैसले में यह भी कहा कि जुर्माना न जमा करने पर दो माह और कारावास में रहना होगा। हलांकि नियम है कि सजा भुगतने के 06 साल तक चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध रहेगा। फैसले के दिन दीवानी न्यायालय पूरी तरह से छावनी में तब्दील हो गई थी कई थानो की पुलिस और अधिकारी सुबह दस बजे से दीवानी न्यायालय के चप्पे चप्पे पर तैनात रहे है।

### आईपीसी और सीआरपीसी को प्रभावी किए जाने को लेकर आयोजित हुई कार्यशाला



**प्रयागराज।** भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम- 2023 को 01 जुलाई 2024 से प्रभावी किये जाने हेतु पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के निर्देशानुसार समय 10.30 बजे से 14.30 बजे तक हाइब्रिड मोड में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पुलिस आयुक्त, प्रयागराज रमित शर्मा, समस्त पुलिस उपायुक्त उपायुक्त नगर दीपक भूकर ,उपायुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेन्द्र पांडेय, पुलिस उपायुक्त गंगानगर अभिषेक भारती एवम पुलिस उपायुक्त प्रोटोकाल आशुतोष द्विवेदी,अपर पुलिस उपायुक्त अपराध सतीश चन्द्र व सहायक पुलिस आयुक्त, लाइन्स द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर में लोगों की हुई जांच



**प्रयागराज।** श्री राधेश्याम सेवा समिति एवं हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गंगा नगर राजापुर में किया गया। शिविर का उद्घाटन मॉर्निंग वॉकर टीम के साथ गुरु प्रसाद मौर्य विधायक फाफामऊ ने किया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. अंकुर केशरवानी एम. डी. मेडिसिन, डॉ. एस.एन. गुप्ता चर्म एवं यौन रोग विशेषज्ञ, डॉ. ओ.पी.सिंह एम.एस. एवं डॉ. ओम प्रकाश पटेल द्वारा गरीबों, पिछड़े सहित लगभग 250 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करके उन्हें चिकित्सीय परामर्श दिया गया। डी.एम.एल.टी. अखिलेश सिंह व राजेश, डी.पी.टी. राजेश एवं आर. के. शर्मा द्वारा लोगों के ब्लड प्रेशर, शुगर,हीमोग्लोबिन की निःशुल्क जाँच की गई। शिविर में शिव कुमार, राजेश, मुकेश, प्रियांशु, नवीन पाल, सारिका पटेल, रीता पटेल, सीमा देवी एवं विनय कुमार एडवोकेट का विशेष योगदान रहा।

### ओ. लेवल एवं सी.सी.सी. प्रमाण पत्र वितरण समारोह



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा सभागार में ओ-लेवल एंव सी.सी.सी. कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सफल प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त उनको प्रशिक्षण से सम्बन्धित कार्य प्रारम्भ कर देना चाहियें, प्रशिक्षण सम्बन्धित कार्य प्रारम्भ करने से सम्बन्धित कार्य की कुशलता में वृद्धि होती है। वर्तमान समय में ओ -लेवल एवं सी.सी.सी. के सफल प्रशिक्षणार्थी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओ मे चयनित हो रहे है एवं लगातार जनपद के प्रशिक्षणार्थियों की सफलता में वृद्धि से जिलाधिकारी द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

# एसटीएफ करेगी आरओ, एआरओ भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** आरओ/एआरओ भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में दर्ज किये गए मुकदमे की जांच अब एसटीएफ को दी गई है। एसटीएफ जल्द ही इस जांच रिपोर्ट को आयोग को सौपेंगी।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की आरओ/एआरओ प्रारंभिक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर सचिव अशोक कुमार ने अज्ञात के खिलाफ सिविल लाइन्स थाने में केस दर्ज कराया था जिस मामले में पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया, लेकिन इस प्रकरण की जांच बुधवार को एसटीएफ को दी गई है। अब इस मामले की जांच एसटीएफ करेगी। दरअसल एसटीएफ पहले से ही इस मामले की छानबीन कर रही थी। बता दें कि पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने कई लोगों को अब तक गिरफ्तार किया है। ऐसे में अब इस मामले को भी एसटीएफ ही देखेगी। पुलिस ने प्राथमिक आधार पर बयान दर्ज कर लिया है। जिसको लेकर परीक्षा में गड़बड़ी के मामले में सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। लोकसभा आयोग के सचिव अशोक कुमार ने इस मामले में खुद वादी बनकर मुकदमे को दर्ज कराया था। रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही सचिव ने कई बिंदुओं पर पुलिस को अपनी तरफ से रिपोर्ट भी दी है। इस मामले में अशोक कुमार ने पुलिस को बताया है कि 11 फरवरी 2024 को दो पालियों में समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा 2023 कराई गई थी।

इसके बाद पेपर लीक का मामला सामने आया था। इससे संबंधित प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन के 103 इंगित प्रश्न व उसके उत्तर जिस पर कोई सीरीज अंकित नहीं है। लेकिन बी सीरीज के प्रश्न पत्र में मेल खा रहे हैं। साथ ही द्वितीय प्रश्न पत्र सामान हिंदी के 25 इंगित प्रश्न पत्र के उसके आधार पर मिलते जुलते है। इन्हीं सबूत के आधार परअब पूरे मामले की जांच एसटीएफ करेगी और अपनी रिपोर्ट को जल्दी सौपेंगी।

# दारागंज थाने में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।**दारागंज थाने में आज में क्षेत्राधिकारी दारागंज विमल किशोर मिश्रा एवं प्रभारी दारागंज कोतवाली बृज किशोर गौतम की उपस्थिति में दारागंज के नागरिकों, पार्षदों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में दारागंज में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया। पीस कमेटी की बैठक में पार्षदों एवं नागरिकों द्वारा अपने-अपने विचार रखे गए। जिसके निराकरण के लिए क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक ने संज्ञान में लेकर आने वाली समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। क्षेत्राधिकारी दारागंज एवं प्रभारी निरीक्षक दारागंज के द्वारा स्थानीय जनता से महाशिवरात्रि एवं होली का पर्व शांति पूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए सहयोग करने की अपील की। इस बैठक में विशेष रूप से वेणी माधव चौकी प्रभारी शेषनाथ वर्मा, बक्शी चौकी प्रभारी सुमित कुमार त्रिपाठी एवं क्षेत्रीय सम्मानित पार्षद गण उमेश मिश्रा, अनुपमा पांडे, पूर्व पार्षद राजेश निषाद, अरविंद पांडे, राजू पत्रकार, विकास केलकर, राजेंद्र तिवारी, कल्लू यादव, विजय सोनकर, तीर्थराज पांडे, जितेंद्र गौड़, राजू पाठक अन्य गणमान्य व्यक्ति बैठक में शामिल रहे।

## छात्रों नौजवानों को पाटी से जोड़कर समाजवादी विचार धारा को करे मजबूत

आजमगढ़। जनपद को समाजवादी छात्र सभा के अध्यक्ष कुणाल मौर्य के प्रथम जनपद आगमन पर आजमगढ़ जिले के विभिन्न छात्र संघों के नौजवानों और पार्टी के नेताओं द्वारा मालाओं से पार्टी कार्यालय में स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन युवजन सभा के प्रदेश सचिव निशान्त राय टीपू ने किया।

जिसमें आजमगढ़ के जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि आज हम समाजवादी छात्र सभा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष कुणाल मौर्य को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं उन्होंने कहा कि इस तरह का आपका कार्य रहे की राजनीति में आप बड़ी ऊंचाई पर पहुंचे सके बस आपको पद के अनुरूप आचरण करना है और नए-नए छात्रों नौजवानों को जोड़कर पार्टी को मजबूत करना है और पार्टी की आवाज को बुलंद करना है उन्होंने नौजवानों से कहा कि आज देश केवल समाजवादी विचारधारा से आगे बढ़ सकता है और उन्होंने कहा कि अब आपकी जिम्मेदारी है कि जनपद के नौजवानों को समाजवादी विचारधारा से जोड़े इसी क्रम में नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के अध्यक्ष सरफराज आलम मंसूर ने कहा कि बहुत समय के बाद किसी नौजवान का स्वागत करने का अवसर मिला है उन्होंने कहा कि पूरे देश में समाजवादी पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो नौजवानों की क्षमता के अनुसार पार्टी में दायित्व देती है। आज राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। के नारे को बुलंद करते हुए जो जिम्मेदारी एक मौर्य समाज से आने वाले कुणाल मौर्य को दी गई।

# पूर्वांचल के विकास के लिए किया गहन मंथन

अवधनामा संवाददाता



पूर्वांचल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु गठित पूर्वांचल विकास बोर्ड प्रयागराज मण्डल की बैठक आयोजित

**प्रयागराज।** उपाध्यक्ष, पूर्वांचल विकास बोर्ड, उत्तर प्रदेश नरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता व सदस्यगण जयप्रकाश निषाद, परदेशी रविदास, बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल, विजय विक्रम सिंह, डॉ0 के0पी0 श्रीवास्तव, अशोक चौधरी, विजय शंकर यादव, जितेन्द्र पाण्डेय, ओम प्रकाश गोयल की उपस्थिति में मंगलवार को सर्किट हाउस के सभागार में प्रदेश के पूर्वान्चल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु गठित पूर्वान्चल विकास बोर्ड की प्रयागराज मण्डल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपाध्यक्ष ने सभी सदस्यों से पूर्वांचल का विकास कैसे हो, इसपर सभी सदस्यों से उनके विचार जाने। इसके साथ ही उन्होंने सदस्यों से जनपदों की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। बैठक में सदस्यों द्वारा बेमौसम बरसात से किसानों को हुए नुकसान, बेलन व शारदा नहर की सिल्ट सफाई के कार्यो में लापरवाही, प्रयागराज शहर के निचले क्षेत्रों में बरसात के मौसम में होने वाले जल-जमाव से आने वाली समस्याओं, मेजा रोड़ पर बंद पड़ी मण्डी परिषद, पेंशन योजनाओं में तकनीकी समस्याओं से कुछ पात्र लोगो को पेंशन योजना का लाभ न मिलने, शंकरगढ़ में पॉवर प्लांट के लिए कम्पनी द्वारा ली गयी जमीन पर कार्य शुरू न होने तथा प्राथमिक विद्यालयों में शौचालयों की साफ-सफाई, छुट्टा पशुओं सहित अन्य समस्याओं के बारे में बताया गया, जिसपर उपाध्यक्ष ने मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी को इन सभी समस्याओं के समुचित समाधान कराये जाने लिए के निर्देशित किया।

उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि मृदा परीक्षण किसानों के लिए बहुत ही उपयोगी है। उन्होंने इस कार्य को ब्लाकों में पारदर्शी ढंग से कराये जाने के लिए कहा है। इसके साथ ही उन्होंने इस कार्य की जिओ टैगिंग भी कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों में बने शौचालयों एवं सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई नियमित रूप से कराने तथा छुट्टा घूमने वाले पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित कराये जाने के लिए कहा है। इसके साथ ही उन्होंने गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी प्रयास किए जाने के लिए कहा है।

## बिजली के खंभे से टकराने पर बाइक सवार युवक की मौत

**आजमगढ़।** बरदह थाना क्षेत्र के हदीसा गांव के गेट के पास आज सुबह 10 बजे बिजली के खंभे से टकराने पर बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गयी है। सड़क पर अचानक छुट्टा पशु आ जाने पर उसे बचाने के दौरान मोटर सायकिल अनियंत्रित हो गयी, जिसके चलते यह घटना हुई। मृतक अपने पुत्र को परीक्षा दिलाने के लिए उसे स्कूल पर छोड़कर घर वापस आ रहा था। जानकारी के अनुसार सार्जन गौतम उम्र 39 वर्ष पुत्र दासु गौतम निवासी कुडिहर थाना बरदह आज सुबह अपने पुत्र विश्वास को घर से 2 किलोमीटर दूरी पर यदुनाथ इंटर कॉलेज बहादुरपुर पर हाईस्कूल परीक्षा देने के लिए स्कूल छोड़ने गया हुआ था। स्कूल छोड़कर वापस आते समय बरदह थाना क्षेत्र के हदीस गांव के गेट के पास आज सुबह करीब 10 बजे अचानक छुट्टा पशु आने के कारण मोटर सायकिल अनियंत्रित होकर बिजली के पोल में टकरा गयी।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बच्चियों ने किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सप्ताह भर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में कानून मेरा संरक्षक इवेंट का आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सठियांव में किया गया। जिसके अंतर्गत बच्चियों को कानून के विषय में विस्तार से चर्चा की गई और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई महिला कल्याण अधिकारी प्रीति उपाध्याय द्वारा बच्चियों के साथ महत्वपूर्ण कानून जैसे पीसीपीएनडीटी बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 पर विस्तार से बताया गया। जिला समन्वयक मतिअन्नु सिंह द्वारा सरकार द्वारा संचालित योजनाएं जैसे कन्या सुमंगला योजना विधवा पेंशन मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना स्पॉन्सरशिप योजना एवं सभी हेल्पलाइन नंबर जैसे 1076 1098 112 108 102 181 के बारे में भी बच्चियों को जागरूक किया गया। तथा 1 मार्च से 15 मार्च तक स्वच्छता पखवाड़ा के चलने वाली गतिविधियों का आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सठियांवमें किया गया। बच्चियों को शारीरिक स्वच्छता जैसे हाथ धुलना , नाखून कटना, इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया गया। वार्डन अर्चना सिंह अध्यापिका अनवरी बेगम कंचन यादव प्रमिला देवी मंजूलता प्रजापतिअन्य स्टॉप उपस्थित रहा।

# अति पिछड़े वर्ग की उपेक्षा को स्वीकार नहीं करेगी राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी: अरुण

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।**राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण भोजवाल आजाद ने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और वह पिछड़े वर्ग को लुभाने के लिए मंत्रिमंडल का विस्तार किया है। मंत्रिमंडल में अति पिछड़े वर्ग को जगह नहीं दी गई है जबकि आज राजनीति में सबसे दबे कुचले अति पिछड़े वर्ग के व्यक्ति ही आते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अति पिछड़े वर्ग में भुर्जी व भोजवाल जाति की लगभग 3 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद सरकार द्वारा उपेक्षा का शिकार बने हुए हैं। देश एवं प्रदेश के मुखिया देश की जनता को आश्वासन देते हैं कि प्रत्येक अति पिछड़े नागरिक को हक अधिकार देने का काम मेरी सरकार कर रही है। हालांकि देश एवं प्रदेश की पंचायत में भुर्जी भोजवाल समाज का कोई भी प्रतिनिधि नहीं चुना गया है जबकि भुर्जी समाज देश के लगभग 20 राज्यों में प्रमुखता एवं संख्या बल के साथ निवास करते हैं परंतु देश के किसी भी राज्य में भुर्जी भोजवाल समाज का कोई भी प्रतिनिधि नहीं है। हाल ही में राज्यसभा चुनाव विधान परिषद एवं मंत्रिमंडल के विस्तार में भी भुर्जी भोजवाल समाज को कोई जगह नहीं दी गई, ऐसा छलावा भुर्जी भोजवाल समाज के साथ आखिर कब तक होता रहेगा।

## जे. हैम्पस्टेड ने लखनऊ में अपने एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट के भव्य उद्घाटन का जश्न मनाया



**लखनऊ।** अपनी असाधारण गुणवत्ता और विशेष सिलाई की कला के लिए प्रसिद्ध जे. हैम्पस्टेड को लखनऊ में अपने पहले एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट (ईबीओ) के लॉन्च की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। ईबीओ क्षेत्र में प्रीमियम फैशन प्रेमियों के लिए एक नए क्षितिज का प्रतीक है, जो शानदार सूटिंग, शर्टिंग कपड़े, रेडीमेड परिधान और कस्टम सिलाई सेवाओं की एक समृद्ध श्रृंखला पेश करता है। एक समृद्ध सिलाई विरासत से प्रेरित होकर, जे. हैम्पस्टेड 1995 से फैशन के क्षेत्र में सबसे आगे रहे हैं, अंतरराष्ट्रीय डिजाइन और एक अभिनव रंग पैलेट प्रदान करते हैं जो मानदंडों को फिर से परिभाषित करता है। ब्रांड अपने ग्राहकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए परंपरा को आधुनिकता के साथ सामंजस्यपूर्ण ढंग से जोड़ता है। सबसे प्रिय ऊनी रेशों, कश्मीरी, किड मोहायर, मेरिनो ऊन और रेशम से बने अपने बेहतर गुणवत्ता वाले कपड़ों के लिए जाना जाता है, जे. हैम्पस्टेड शैली, व्यक्तित्व और वर्ग का प्रतीक है। ब्रांड में सूती और लिनन कपड़ों का प्रीमियम संग्रह भी शामिल है, जिसमें मजबूत 25 ली से लेकर अति सूक्ष्म 150 ली तक के धागे शामिल हैं। जे. हैम्पस्टेड ने हमेशा बाज़ार में और अपने ग्राहकों के मन में एक अद्वितीय और विशिष्ट स्थिति लाने की आकांक्षा की है। कंपनी के निदेशक श्री अवनीश पोद्दार ने कहा, लखनऊ में हमारे ईबीओ के उद्घाटन के साथ, हम बारीक रूप से तैयार किए गए कपड़ों और परिधानों की अपनी विरासत का विस्तार करने के लिए उत्साहित हैं जो हमारे संरक्षकों की कार्यात्मक और भावनात्मक दोनों जरूरतों को पूरी तरह से पूरा करते हैं।

## एमजी मोटर इंडिया ने अपने ईवी पोर्टफोलियो को मजबूत किया



**लखनऊ।** एमजी मोटर इंडिया ने आज एमजी ईवी को वॉव वैल्यू प्रोपोजीशन में अधिक सुलभ बनाने के लिए अपने ईवी पोर्टफोलियो को मजबूत करने की घोषणा की। कार मैन्यूफैक्चरर ने 19.98 लाख रुपये की आकर्षक कीमत पर डुअल पेन पैनोरमिक स्काई रूफ के साथ अपने प्रमुख ईवी - एमजी जेडएस का एक नया वैरिएंट 'एक्साइट प्रो' पेश किया है। एमजी मोटर इंडिया ने फास्ट चार्जिंग' विकल्प के साथ एमजी कॉमेट को दो नए वैरिएंट्स एक्साइट और एक्सक्लूसिव में भी लांच किया है। स्मार्ट ईवी- एमजी कॉमेट की रेंज 6.98 लाख रुपये से शुरू होती है। एमजी मोटर इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गौरव गुप्ता ने कहा कि एमजी निरंतर इनोवेशन करने और ग्राहकों को आकर्षक मूल्य प्रस्तावों (शानदार कीमतों) पर रोमांचक उत्पाद पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। कस्टमर फीडबैक के बाद मार्केट इनसाइट्स और इंडस्ट्री एनॉलिसिस का उपयोग करते हुए हमने अपनी ईवी के नए वैरिएंट्स- एमजी जेडएस और कॉमेट पेश किए हैं। हमारे उत्पादों के साथ-साथ, हम ईवी उपयोग को अधिक सुविधाजनक और सुलभ बनाने के लिए ईवी जागरूकता बढ़ाने और एक मजबूत ईवी पारिस्थितिकी तंत्र/ईको सिस्टम तैयार करने पर भी जोर देते हैं। एमजी जेडएस ईवी भविष्यवादी डिजाइन के अनुरूप है, जो अच्छी ऑन-रोड उपस्थिति, ड्राइविंग सुविधा, विशाल और लग्जीरियस इंटीरियर प्रदान करती है। यह एग्जीक्यूटिव, एक्साइट प्रो, एक्सक्लूसिव प्लस और एसेंस वैरिएंट्स में 18.98 लाख रुपये (एक्स शोरूम) की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है, जो इसे हमारे ईवी उत्साहियों के लिए आकर्षक मूल्य प्रस्ताव बनाता है।

### ब्रिटिश काउंसिल ने 2024-25 के लिए एस.टी.ई.एम में महिलाओं के लिए स्कॉलरशिप्स शुरू की

BRITISH COUNCIL

**लखनऊ।** शैक्षिक अवसरों और सांस्कृतिक संबंधों के लिए यूके के इंटरनेशनल आर्गेनाइजेशन ब्रिटिश कार्उसिल ने यूके के विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी में एस.टी.ई.एम कार्यक्रम में महिलाओं के लिए ब्रिटिश कार्उसिल स्कॉलरशप्सि शुरू करने की घोषणा की है। यह प्रतिष्ठित स्कॉलरशप यूके में मास्टर्स की पढ़ाई करने की इच्छुक महिला एस.टी.ई.एम स्नातकों के लिए डिज़ाइन की गई है। एस.टी.ई.एम क्षेत्रों में महिलाओं की उपस्थिति विविधता को बढ़ावा देने, विभिन्न दृष्टिकोण सुनिश्चित करने और इनोवेशन को आगे बढ़ने के लिए आवश्यक है। उनकी उपस्थिति न केवल लैंगिक असमानताओं को संबोधित करती है बल्कि वर्कफोर्स को अद्वितीय कौशल से समृद्ध करती है, अंततः समाज के लाभ के लिए वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति को आगे बढ़ाती है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारत के एस.टी.ई.एम वर्कफोर्स में महिलाओं की हिस्सेदारी 27% है। यह एक छोटे से अंश का प्रतिनिधित्व करता है, यह देखते हुए कि भारत में एस.टी.ई.एम स्नातकों में लगभग 43% महिलाएं हैं। भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों की महिला एस.टी.ई.एम विद्वानों के लिए 25 स्कॉलरशिप्स आरक्षित हैं। ये यूके के पांच उच्च शिक्षा संस्थानों में हैं क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ़ लंदन, एंग्लिया रस्किन यूनिवर्सिटी, ग्रीनविच यूनिवर्सिटी, द यूनिवर्सिटी ऑफ़ साउथैम्पटन और कोवेंट्री यूनिवर्सिटी। स्कॉलरशिप्स लाभार्थियों को एस.टी.ई.एम में अपने करियर को आगे बढ़ने के लिए सशक्त बनाएंगी और उन्हें यूके के प्रतिष्ठित एस.टी.ई.एम क्षेत्रों की विशेषज्ञता में डुबो कर अपने देश में रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देने की क्षमता प्रदान करेंगी।

## इटरनिया ने लखनऊ में अपने अनुभव केंद्र के अनुभव को बेहतर बनाया है



**लखनऊ।** इयूरेनियम (हिंडाल्को द्वारा आविष्कार किया गया एक पेटेंट एल्युमीनियम मिश्र धातु) से बने दरवाजे और खिड़कियों पेश करने वाला भारत का पहला WiWA-प्रमाणित ब्रांड इटरनिया ने लखनऊ, उत्तर प्रदेश में अपने अत्याधुनिक अनुभव केंद्र का अनावरण किया है। इस प्रमुख अनुभव केंद्र को उद्योग में कई हित धारकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बहुआयामी उद्देश्य की पूर्ति के लिए बनाया गया है। इस अनूठे अनुभव केंद्र के साथ, इटर्निया आर्किटेक्ट और डिजाइनर कम्युनिटी, बिल्डर्स और घरों के मालिकों को बेहतरीन अनुभव देना चाहता है। उसके पास कई तरह के उत्पादों की एक श्रृंखला है। इसमें इटर्निया लक्जरी, इटर्निया प्रीमियम और इटर्निया इसेंशियल्स शामिल हैं। स्लाइडिंग दरवाजों और खिड़कियों से लेकर ओपने बल दरवाजों और खिड़कियों के साथ, यह अनुभव केंद्र ग्राहकों को उत्पाद खरीदने से पहले समझने की सुविधा देगा। इटरनिया अनुभव केंद्र का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और भूतपूर्व आईएएस अधिकारी नवनीत सहगल की मौजूदगी में किया गया। चंदन अग्रवाल, सीईओ-इटरनिया, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आदित्य बिड़ला ग्रुप) ने कहा, हम लखनऊ में अपना अत्याधुनिक अनुभव केंद्र शुरू करके रोमांचित हैं। ऐसे युग में जहाँ ग्राहक व्यवहार तेजी से विकसित हो रहा है, हमने डिजिटल और स्पर्श अनुभवों को सहजता से मिश्रित करके इस अनुभव केंद्र के साथ अनुभवात्मक विपणन को अपनाया है।

## घमंडिया घठबंधन सिर्फ अपने परिवार के लिए है, देश के 130 करोड़ देशवासियों के लिए मोदी जी हैं: अमित शाह

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने



मंगलवार को महाराष्ट्र के जलगाँव में युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि नए भारत का निर्माण करने वाले मोदी जी के खिलाफ जो घमंडिया गठबंधन एकजुट होने का नाटक कर रही है, उनकी सच्चाई यह है कि जिस गठबंधन के अंदर खुद लोकतंत्र नहीं है वो देश में लोकतंत्र क्या स्थापित करेगी। मोदी जी के विरुद्ध घमंडिया गठबंधन का एक ही लक्ष्य है कि सोनिया गांधी को राहुल को पीएम बनाना है, शरद पवार को बेटी को मुख्यमंत्री बनाना है, उद्धव ठाकरे को आदित्य ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाना है, ममता दीदी को भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना है और स्टालिन को अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है। अब यहाँ फर्क साफ है कि देश की जनता के लिए कुछ नहीं बचा।

### नेशनल पोकर सीरीज इंडिया 2024 की शानदार शुरुआत, पहले ही दिन 11,000 से ज्यादा एंट्रीज हुईं

NPS CAMP

**नई दिल्ली।** नेशनल पोकर सीरीज इंडिया, देश की प्रतिष्ठित और सबसे ज्यादा अपेक्षित पोकर सीरीज, के चौथे एडिशन की शुरूआत रविवार, 3 मार्च 2024 को हुई है। पहले दिन मिलीं 11800 से ज्यादा एंट्रीज के साथ नेशनल पोकर सीरीज इंडिया ने 21 दिनों का सफर शुरू कर दिया है। इसमें देश की बढ़ती पोकर कम्युनिटी का एक-दूसरे से मुकाबला होगा, हुनर का रोमांचक खेल दिखेगा और शानदार इनाम भी मिलेगा। पोकर सीरीज में पहली बार 50 करोड़ रूपये से ज्यादा के प्राइज मिल रहे हैं। इस साल के इवेंट में जीते जाने के लिये 450 से ज्यादा मेडल्स हैं। और प्लेयर्स भारत में किसी पोकर सीरीज से मिल रहा सबसे बेहतरीन अनुभव पाने के लिये तैयार हैं। सीरीज में 150 टूर्नामेंट्स होंगे, जिनकी शुरूआत 3 मार्च से होगी और जो 24 मार्च 2024 को खत्म होंगे। नेशनल पोकर सीरीज इंडिया 2024 को अपने पहले ही दिन देशभर से 11,800+ एंट्रीज मिली हैं। इसके अलावा, किक-ऑफ टूर्नामेंट में ही शानदार 2,500+ एंट्रीज के साथ पिछले रिकॉर्ड टूट चुके हैं। यह पिछले एडिशनों से 25% ज्यादा हैं।

## रेड एफएम के द अवध कनेक्शन के साथ अवधि संस्कृति का जश्न मनाने के लिए तैयार




**लखनऊ।** भारत के प्रमुख प्राइवेट रेडियो एवं एंटरटेनमेन्ट नेटवर्क, रेड एफएम ने अपने नए आईपी द अवध कनेक्शन के लॉन्च की घोषणा की है, जो अवधी संस्कृति, संगीत एवं व्यंजनों का प्रतीक है। कार्यक्रम का आयोजन 9 मार्च 2024 को दोपहर 12 बजे से शहर के बीच संगीत नाटक अकादमी में किया जाएगा। भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध ब्राण्ड के रूप में; द अवध कनेक्शन शहर की सदियों पुरानी संस्कृति एवं कला का प्रतीक है। अवधी प्रतिभा के विभिन्न पहलू कार्यक्रम के आकर्षण का केन्द्र होंगे, जैसे सौरव एवं गौरव के साथ कथक, सृष्टि माथुर द्वारा ठुमरी, अदनान द्वारा फ्लुट्रोनिक्स, षडज द्वारा स्टोरीटेलिंग एवं म्युज़िक परफोर्मेन्स और शिंजिनी कुलकर्णी (कथक उस्ताद पंडित बिरजू महाराज की पोती) द्वारा कथक। इस सांस्कृतिक आयोजन के दौरान एक्सपीरिएंस ज़ोन के बीच इंडोर एवं आउटडोर स्टेज होगी, इस ज़ोन में दर्शक स्वादिष्ट व्यंजनों, सेल्फी स्पॉट्स एवं खरीददारी का आनंद उठा सकेंगे। इस घोषणा के बारे में बात करते हुए निशा नारायणन, डायरेक्टर एवं सीओओ, रेड एफएम एण्ड मैजिक एफएम ने कहा, ''रेड एफएम एक स्थानीय ब्राण्ड के रूप में समावेशन और विविधता का प्रतीक है।

## इंश्योरेंस देखो ने लॉन्च किया 'स्वरा-शी विल राइज़ अगेन' प्रोग्राम, महिलाओं को वर्कफोर्स में लौटने में करेगा मदद

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख इंश्योरटेक ब्राण्ड इंश्योरेंसदेखो ने हाल ही में एक नई पहल 'स्वरा-शी विल राइज़ अगेन' शुरू की है। यह पहल महिलाओं को अपने कॅरियर ब्रेक से वापसी करने पर फोकस करती है। इंश्योरेंसदेखो का मुख्यालय गुरुग्राम में है। इस कंपनी ने जानी-मानी हस्ती मैरी कॉम को कार्यक्रम का शुभारंभ करने के लिए आमंत्रित किया। इस पहल का मकसद कॅरियर से कम से कम एक साल का ब्रेक लेने वाली महिलाओं को वर्कफोर्स में लौटने के लिए प्रेरित करना है। यह उन महिलाओं को समान अवसर, अधिकार और पारिश्रमिक उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रहा है। साथ ही इस बात का पूरा ध्यान रखा जा रहा है कि वर्कप्लेस पर उनके साथ उचित व्यवहार किया जाए और उन्हें सही पहचान मिल सके। बॉक्सिंग के अपने सफर में कॅरियर से ब्रेक लेकर वापसी करने वाली, मैरी कॉम इसका सटीक उदाहरण हैं। काम पर वापसी करने वाली महिलाओं को समान वेतन और अवसर मुहैया करने के क्रम में इंश्योरेंसदेखो उन्हें ट्रेनिंग की




भी पेशकश करेगा। इससे उनके पूर्वाग्रहों को तोड़ने, आत्मविश्वास पैदा करने और अपनी काबिलियत दोबारा साबित करने में मदद मिलेगी। साथ ही कॉरपोरेट जगत के बारे में आत्मविश्वास के साथ जानने के लिए तैयार करेगी। 'स्वरा' शब्द का अर्थ है, वह फिर खड़ी होगी और यह महिलाओं को काम वापसी के सफर में मदद करने की ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महिलाओं को सशक्त बनाने में उनकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के तहत, इंश्योरेंसदेखो हर साल ही इस पहल का आयोजन करना चाहता है। साथ ही 2030 तक महिलाओं को अपने कॅरियर ब्रेक के दूसरे पड़ाव में कम से कम 10,000 महिलाओं को नियुक्त करने और उन्हें प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। भारत निर्माण के इस मिशन में, इंश्योरेंसदेखो भारत के 98% पिन कोड में उपलब्ध है और हर मिनट 10 लोगों को बीमित कर रहा है। अब, स्वरा के माध्यम से यह कंपनी देशभर में असाधारण रूप से प्रतिभाशाली महिलाओं के सहयोगी के रूप में अपनी व्यापक पहुंच का लाभ उठाएगी, उन्हें अपनी पूर्ण क्षमता का एहसास कराएगी।

## नथिंग ने लॉन्च किया फोन (2ए)), सी एम एफ बाय नथिंग बड्स और नेकबैंड प्रो

**नई दिल्ली।** नथिंग ने आज फोन (2ए) को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह कंपनी का बहुप्रतीक्षित स्मार्टफोन है, जिसका ग्राहक लंबे समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फोन (2ए) को नथिंग की सभी




खूबियों, इंजीनियरिंग दक्षता और डिजाइन कौशल के साथ पेश किया गया है, यह यूजर्स की सभी जरूरतों को पूरा करते हुए रोजमर्रा के इस्तेमाल योग्य एक बेहतरीन स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करेगा। यह ऐसे यूजर्स के लिए एक बेहद खास स्मार्टफोन है, जो हमेशा नए इनोवेशन और डिज़ाइन की तलाश में रहते हैं। इन ग्राहकों को हमेशा यह पता होता है कि उन्हें अपने स्मार्टफोन से क्या चाहिए (और क्या नहीं चाहिए)। नथिंग फोन (2ए) में एक पावरफुली यूनीक प्रोसेसर, एक 50 एम पी का एक असाधारण डुअल रियर कैमरा, ज्यादा ब्राइटनेस वाला फ्लेक्सिबल एमोलेड डिस्प्ले और एक आसान ओएस दिया गया है। यह यूजर्स को एक फास्ट और स्मूथ अनुभव प्रदान करता है।नथिंग के सीईओ और को-फाउंडर कार्ल पे ने कहा यह हमारी प्रगति को गति देने का साल है, और फोन (2ए) इस दिशा में हमारा पहला बड़ा कदम है। फोन (2ए) के साथ अब ज्यादा से ज्यादा लोग नथिंग के इनोवेशन का अनुभव कर सकेंगे। अब और भी ज्यादा लोग इसे पसंद करेंगे। हमें विश्वास है कि यह हमारा अब तक का सबसे अधिक बिकने वाला प्रोडक्ट बन जाएगा।

मीडियाटेक के साथ मिलकर तैयार किए गए डिमेंसिटी 7200 प्रो प्रोसेसर की खूबियों वाला फोन (2ए) बेमिसाल पावर एफिशियएंसी और दमदार स्पीड प्रदान करता है। इसे रैम बूस्टर तकनीक के साथ 20 जीबी (12 जीबी + 8 जीबी) रैम के साथ पेश किया गया है।

## इस सीज़न के लिए प्लेटिनम ज्वेलरी के ट्रेंड्स

वसंत ऋतु के सुहाने मौसम की शुरुआत के साथ चमकते आभूषणों के ट्रेंड को नया आयाम देने का समय आ गया है। वर्ष 2024 इन नए स्टाइल ट्रेंड्स के साथ कुछ अलग कर इसे सबकी नज़रों का नूर बना रहा है। इस वर्ष आभूषण सिर्फ रूप को निखारने या केवल पहनने के लिए नहीं है, बल्कि आपके मूड को जाहिर करने, आपके ख़ास लम्हों को यादगार बनाने और एक ऐसी छाप छोड़ने के बारे में है जो यकीनन लोगों की नजर आपके ऊपर से हटने नहीं देगी।इन ट्रेंड्स के बारे में पीजीआई इंडिया की बिजनेस डायरेक्टर, पल्लवी शर्मा ने कहा महिलाओं के आभूषण वास्तव में



पिछले कुछ वर्षों में बहुत अलग तरह से विकसित हुए हैं, जिससे एक नया सेगमेंट तैयार हुआ है जो आधुनिक महिलाओं की जरूरतों को पूरा करता है, जिसमें वह ऐसे बेहतरीन डिजाइन की तलाश करती हैं जो उनकी जीवनशैली के साथ मेल खाती हों और उनके व्यक्तित्व में और भी ज़्यादा निखार ला सके। 2024 में, प्रामाणिकता के साथ यह सभी के दिलों दिमाग में छाया हुआ है, जिसमें महिलाएं आभूषणों को अलग- अलग अंदाज़ में अपना रही हैं, जो मज़ेदार पैटर्न, कीमती धातुओं का शानदार मिश्रण, बोल्ड रंगों और पॉप संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाले रूप द्वारा कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए एक कैनवास की तरह काम करता है। आर्ट डेको ट्रेंड पहले से ही रनवे पर गुलजार है।

## डी बीयर्स फॉरएवरमार्क की ओर से शानदार फॉरएवरमार्क सेटिंग कलेक्शन



**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, डी बीयर्स फॉरएवरमार्क अपने फॉरएवरमार्क सेटिंग कलेक्शन प्रदर्शित करते हैं। डी बीयर्स अपने नेचुरल एवं एथिकल डायमंड्स के लिए पहचाने जाते हैं। डी बीयर्स की ज्वेलरी का यह अनूठा सेट महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों का सम्मान करता है, जो सौंदर्य और सशक्तिकरण का खास प्रतीक हैं। फॉरएवरमार्क सेटिंग ज्वेलरी अपनी सदाबहार अपील और प्रतिष्ठित शिल्प कौशल के लिए प्रसिद्ध है। डी बीयर्स फॉरएवरमार्क डायमंड के लुभावने आकर्षण को बढ़ाने के लिए हीरे के हर टुकड़े को बड़ी मेहनत एवं कौशल से तैयार किया गया है। फॉरएवरमार्क डायमंड की चमक और उसकी खास पहचान को बढ़ाने के लिए, नाजुक सेटिंग से लेकर जटिल डिटेल्स तक, ज्वेलरी के हर पहलू को बहुत बारीकी से तैयार किया गया है। डिटेल्स और गुणवत्ता पर सावधानीपूर्वक ध्यान देने साथ, फॉरएवरमार्क सेटिंग ज्वेलरी विशेषज्ञता और चिरस्थायी गरिमा की मिसाल पेश करती है, जो इसे सदाबहार स्टाईल और शुद्धता का एक मूल्यवान प्रतीक बनाता है। फॉरएवरमार्क सेटिंग कलेक्शन शाहनजफ रोड, सहारागंज मॉल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ में डी बीयर्स फॉरएवरमार्क एक्सक्लूसिव स्टोर पर उपलब्ध है।

फॉरएवरमार्क सेटिंग कलेक्शन का नेचुरल डायमंड महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों के लिए एक विशेष सम्मान है। इन डायमंड्स का चयन खास सावधानी से किया जाता है और पर्यावरण का खयाल रखते हुए, बहुत ही जिम्मेदारी से इनकी सोर्सिंग की जाती है और आपके पास लाया जाता है। खूबसूरती से चमकते ये डायमंड्स ईमानदारी और जवाबदेही का प्रतीक हैं। कलेक्शन का प्रत्येक टुकड़ा महिलाओं की सुंदरता और ताकत का प्रतिनिधित्व करता है।

### प्रस्तुत है प्रेस्टीज वॉटर बॉटल्स- हर तरह की लाइफस्टाइल के लिए पानी पीने का स्टालिश समाधान




**नई दिल्ली।** अपने बेहतरीन किचन अप्लायंसेस के लिए मशहूर, टीटीके प्रेस्टीज ने पानी पीने के सॉल्यूशन की अपनी नई रेंज -प्रेस्टीज सिंगल वॉल वॉटर बॉटल्स को पेश किया है। इस कलेक्शन में अलग-अलग रंगों और क्षमताओं के विकल्प के साथ वॉटर बॉटल्स की चार वैराइटी हैं। इन्हें हर किसी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। उत्पादों की उनकी पूरी श्रृंखला में यह एक अद्भुत संकलन है। गर्मियों के पास आने के साथ, ये नए वॉटर बॉटल्स हर किसी के लिए पानी पीने का एक सही सॉल्यूशन है। ये बॉटल्स ना केवल वजन में हल्की हैं, बल्कि इनमें अन्य पेय भी रख सकते हैं, जिससे आपको हाइड्रेट रहने में मदद मिलती है। ये बॉटल्स पेशेवरों, स्टूडेंट्स और घरों के लिए भी टिकाऊ, स्पिल-प्रूफ और साफ करने में आसान है। उच्च गुणवत्ता वाली ये स्टेनलेस स्टील की बोतलें हर किसी की पसंद हैं, क्योंकि यह पर्यावरण के अनुकूल हैं। इससे यह सुनिश्चित हो जाता है कि आप साफ और शुद्ध पानी पी रहे हैं। रंगों के इनके स्टाइलिश और खूबसूरत विकल्पों के कारण, प्रेस्टीज वॉटर बॉटल आपकी सुंदरता में भी चार-चांद लगा देगा। चाहे आप किसी मीटिंग के लिए जा रहे हों या फिर कहीं घूमने-फिरने। प्रेस्टीज वॉटर बॉटल्स, प्लास्टिक की जगह इन्हें चुनना आसान कर देती हैं। प्लास्टिक की इन बोतलों में हानिकारक केमिकल्स भी हो सकते हैं।

## केएसबी लिमिटेड ने वर्ष 2023के लिए दर्ज किया 2247करोड़ रुपये कासेल्स रिवेन्यु

बिजनेस हाइलाइट्स का सारांश देते हुए, केएसबी लिमिटेड के सेल्स एंड मार्केटिंग वाईस प्रेसिडेंट, श्री प्रशांत कुमार ने कहा, इस साल हमने 23.3% सालाना वृद्धि के साथ असाधारण सेल्स रिवेन्यु दर्ज किया है। हमने ऊर्जा, सौर, वाल्व, सामान्य उद्योग, जल और वेस्टवाटर, और बिल्डिंग सर्विस सहित सभी सेगमेंट में ऑर्डर इनफ्लो में वृद्धि देखी है, और अपनेसफलता पर केंद्रित दृष्टिकोणके साथ, हम आने वाले वर्ष में अपने सभी सेगमेंट में और गहराई से उतरने के के लिए तैयार हैं। निर्यात व्यवसाय में हमारी वृद्धि का सिलसिला जारी है, हम एक सुसंगत और बढ़ती हुई वैश्विक उपस्थिति बनाए हुए हैं।आने वाले समय में हम रक्षा क्षेत्र में प्रगतिशील व्यावसायिक अवसरों को लेकर भी आशावादी हैं। चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर, श्री महेश भावे ने कहा कि, बाजार में चल रही अनिश्चितताओं के बावजूद हमनें काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। सेल्स रिवेन्यु में 23.3% की वृद्धि के साथ, कंपनी 207 करोड़ रुपये की कुल व्यापक आय में 20.00% की वृद्धि हासिल कर सकती है। ये परिणाम हमारी टीम के समर्पण और बुद्धिमत्ताके प्रमाण हैं, जिन्होंने सफलतापूर्वक चुनौतियों का सामना किया। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वर्ष 2023 के लिए अर्जित लाभ पर अपने शेयरधारकों को प्रति शेयर 17.5 (175%) का लाभांश घोषित करके हम उन्हें अच्छा रिटर्न दे रहे हैं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत टेक्स 2024 का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** भारत टेक्स 2024, टेक्सटाइल उद्योग में एक वैश्विक टेक्सटाइल महा इवेंट, 26 फरवरी 2024 को भारत मंदिर, दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आधिकारिक रूप से लॉन्च किया गया। यह महत्वपूर्ण इवेंट 11 टेक्सटाइल निर्यात प्रोत्साहन परिषदों के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया था, जिसे केंद्रीय टेक्सटाइल मंत्रालय का समर्थन मिला। व्यापार और निवेश के दो बुनियादी स्तंभों पर निर्मित और पर्यावरणीय स्थायित्व पर मुख्य ध्यान देते हुए, 4-दिवसीय इवेंट को परंपरा और प्रौद्योगिकी का एक बुनियादी का वायदा किया गया, जो नीति निर्माताओं और वैश्विक सीईओओं के साथ, 3,500 से अधिक प्रदर्शकों, 50 से अधिक देशों से 3,000 से अधिक खरीददारों, और 100 देशों से 40,000 से अधिक व्यापारिक पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। लगभग 2 मिलियन वर्ग फीट क्षेत्र पर एक प्रदर्शनी, जो पूरे भारतीय टेक्सटाइल प्रणाली को स्थापित करने में मदद करेगा, उसकी सामर्थ्यों का प्रदर्शन करेगा और भारतीय टेक्सटाइल पारिस्थितिकी में गति प्राप्त करेगा। भारत टेक्स 2024 एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय उद्योग प्लेटफ़ॉर्म है, जिसमें प्रदर्शन, ज्ञान सत्र, विषयवस्तु विचार-विमर्श, सरकार के सरकार के संवाद बैठकें, व्यापार-से-व्यापार नेटवर्क, यादनामे के समझौते, उत्पादन लॉन्च, विषयवस्तु और इंटरैक्टिव पैविलियन और विभिन्न अन्य गतिविधियाँ शामिल हैं।

## हाउस ऑफ वेदा ने लखनऊ में ऑर्गेनिक फूड प्रोडक्ट्स लॉन्च किया




**लखनऊ।** प्रीमियम हैल्थ एवं वैलनेस ब्रैंड हाउस ऑफ वेदा ने अपने कारोबार में विस्तार करते हुए अपनी ऑर्गेनिक फूड प्रोडक्ट रेंज को लखनऊ में लॉन्च करने की घोषणा की है। इस लॉन्च से लखनऊ शहर में लगातार बढ़ती हेल्थ एंड वेलनेस मार्केट में अपनी प्रासंगिकता बढाने के लिए कंपनी निरंतर जुटी हुई है। हाउस ऑफ वेदा, आयुर्वेद से प्रेरित ब्रैंड है जो प्राचीन ज्ञान और परंपरा के अनुरूप तैयार ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज प्रस्तुत करता है। इनमें सर्टिफाइड ऑर्गेनिक हर्बल टी और इनफ्यूशंस, दालें और बीन्स, कोल्ड-प्रैस्ड ऑयल, ऑर्गेनिक और स्प्राउटेड फ्लोर्स और अन्य बहुत कुछ शामिल हैं। हाउस ऑफ वेदा इस से पहले पंजाब और दिल्ली में अपनी पहचान बना चुका है और अब लखनऊ मार्केट में ब्रांड ने काफी ऑपर्च्युनिटी के कारण अपने हेल्थ और वेलनेस प्रोडक्ट्स को यहां के सेहत को लेकर सजग ग्राहकों के लिए उपलब्ध करवाने का फैसला लिया है। ग्राहकों के बदलती प्राथमिकताओं और हाई क्वालिटी वेलनेस सॉल्यूशंस की बढ़ती मांग को मद्देनजर रखते हुए, हाउस ऑफ वेदा ने स्थानीय नागरिकों की जरूरतों को पूरा करने का जिम्मा उठाया है। दविंदर पाल जी, बिजनेस हेड, हाउस ऑफ वेदा ने कहा, हम बेहद उत्साहित हैं की हाउस ऑफ वेदा, लखनऊ जैसे एक गतिशील शहर में आ रहा है जो की अपनी समृद्ध संस्कृति और तेज़ी से बढ़ते हेल्थ एंड वेलनेस सेक्टर के लिए जाना जाता है।

### रेवफिन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले 'स्त्री शक्ति' इवेंट में अपनी महिला ग्राहकों को सम्मानित किया

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आने वाला है और रेवफिन ने प्रयागराज के प्रतिष्ठित बोट क्लब में 'स्त्री शक्ति' के नाम से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। रेवफिन भारत का प्रमुख एडवांस्ड डिजिटल उपभोक्ता लेंडिंग प्लेटफॉर्म है। यह आयोजन रेवफिन की महिला ग्राहकों के प्रति आदर व्यक्त करता है। यह समाज में उनके मूल्यवान योगदानों को सम्मानित करता है और उनके सशक्तिकरण की प्रशंसा करता है।

'स्त्री शक्ति' में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से आने वालीं 150 बेमिसाल महिलाओं और ईवी डीलरों ने शिरकत की। इस मंच पर उन्होंने साथ आकर अपने अनुभव साझा किये। वित्तीय साक्षरता पर जानकारी देने वाली चर्चाएं हुईं और वाहनों के रख-रखाव के व्यावहारिक सुझाव दिये गये। टीयर 2 और 3 शहरों की महिलाओं को समझदारी से वित्तीय निर्णय लेने के लिये जानकारी और साधनों के बारे में बताया गया।

आगंतुकों को रेवफिन के सीईओ समीर अग्रवाल से बात करने का




मौका भी मिला। उन्होंने कुछ प्रेरक जानकारियाँ दीं और महिलाओं की जमकर तारीफ भी की। उन्होंने कहा, ''आज के आयोजन में महिलाओं की इतनी बड़ी संख्या देखना संतोषजनक है। इन महिलाओं ने व्यस्त होने के बावजूद बड़ी उदारता से अपने अनुभव साझा किये।

## एक और अवसर आया फिटजी की द्रोणाचार्य (द्वितीय) परीक्षा देने का 31 मार्च को होगी 360 डिग्री डायग्नोस्टिक और स्कालरशिप परीक्षा

**लखनऊ।** देश का अव्वल कोचिंग संस्थान फिटजी 'द्रोणाचार्य (।।)' परीक्षा आयोजित करने वाला है। कोचिंग के इतिहास में यह दुनिया की सबसे बड़ी और पहली बार इस तरह की स्कालरशिप परीक्षा होगी। इसमें वैज्ञानिक पद्धति से तैयार बेहतरीन अकादमिक डायग्नोस्टिक टूल इस्तेमाल होगा। 'द्रोणाचार्य (।।)' से भारत में प्रतियोगिता परीक्षाओं की दुनिया में एक नया दौर शुरू होने वाला है। छठी, सातवीं, आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में जाने वाले छात्रों के लिए 31 मार्च, 2024 को पूरे भारत में होगी। जयपुर, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना अपवाद हैं। द्रोणाचार्य (।।) परीक्षा भारत की छिपी प्रतिभा की पहचान, उनकी पूरी क्षमता के विकास और संवर्धन में महत्वपूर्ण इस परीक्षा का सब को इंतजार था। वैज्ञानिक पद्धति से डिजाइन की गई इस परीक्षा की मूल्यांकन पद्धति यूनिक है। यह गहन विश्लेषण और संपूर्ण परीक्षण के माध्यम से न केवल असाधारण प्रतिभाओं की पहचान करती है, बल्कि औसत प्रतिभाओं की छिपी हुई क्षमता उजागर कर उनके लिए उत्कृष्ट शिक्षा का द्वार खोलती है। परीक्षा के लिए पंजीकरण 29 मार्च 2024 तक होगा। वेबसाइट www.fiitjee.com/dronacharya पर ऑनलाइन या किसी भी फिट्जी सेंटर पर ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

फिटजी समूह के निदेशक श्री आर.एल. त्रिखा ने कहा - ''वैज्ञानिक पद्धति से छात्रों की प्रतिभा आंकना निश्चित रूप से उनकी सफलता का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। आज अनगिनत छात्र प्रतिभा और कौशल होने के बावजूद कौशल और रुचि के अनुसार सही करियर नहीं चुन पाते हैं।

# मोतीचक में 17 पंचायत सहायकों का पद खाली, नए की नहीं हुई तैनाती

- परिवार रजिस्टर, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के ब्लॉक का चक्कर काट रहे लोग
- अत्यधिक काम का बोझ, उल्टे कम मानदेय के चलते रास नहीं आ रही नौकरी

अवधनामा संवाददाता




**मथौली बाजार, कुशीनगर।** पंचायत सहायकों के इस्तीफे की वजह से ग्राम पंचायतों को हाईटेक बनाने की कवायद परवान नहीं चढ़ पा रही है। इसे लेकर शासन से रिपोर्ट मांगी गई है, जिसका आंकड़ा पंचायती राज विभाग जुटा रहा है। मोतीचक में 17 पंचायत सहायक इस्तीफा दे चुके हैं। इनमें कुछ कम मानदेय तो कुछ के अच्छे पदों पर तैनाती होने से इस्तीफा दे चुके हैं जिससे पद खाली चल रहा है।

बता दें कि विकास खंड मोतीचक में कुल 64 ग्राम पंचायत है। पंचायत सहायकों में से अब तक पिछले छह माह में 17 सहायक इस्तीफा देने एवं कई ग्राम पंचायत के द्वारा कार्रवाई कर उन्हें कार्यमुक्त कर देने से इन जगहों पर पद रिक्त चल रहा है। इसके चलते जरूरतमंद लोगों को परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म, मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए ब्लॉकों का चक्कर काटना पड़ रहा है। बावजूद अभी तक खाली पड़े इन पदों पर नए लोगों की तैनाती न किए जाने से जरूरतमंदों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। वहीं महकमें के अनुसार खाली पड़े पदों की सूचना शासन सहित उच्चाधिकारियों को भेज इन जगहों पर नए लोगों की तैनाती के लिए पत्र प्रेषित कर दिया गया है। ग्रामीणों ने मांग किया कि खाली पड़े जगहों पर नए लोगों की तैनाती की जाए, जिससे प्रमाण-पत्रों के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। वहीं लोगों का यह भी कहना है कि अत्यधिक काम का बोझ उल्टे कम मानदेय के चलते उन्हें यह नौकरी रास नहीं आ रही है। मालूम हो कि प्रदेश सरकार ने ग्रामीणों के विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लाक व जिला मुख्यालय से दौड़ लगाने से छुट्टी मिल सके एवं उन्हें एक ही छत के नीचे विभिन्न तरह की सुविधाएं व उनके समस्याओं के निदान के लिए पंचायत भवनों को मिनी सचिवालय का दर्जा देने के उद्देश्य से पंचायत सहायक (एकाउंटेंट कम डाटा इंट्री आपरेटर) की तैनाती की गई थी। इस संबंध में एडीओ पंचायत मोतीचक अनवारूल सिद्दीकी ने बताया कि रिक्त पदों की सूचना उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। नए लोगों का चयन होने के बाद उन्हें तैनाती दी जाएगी।

### इन गांवों में पंचायत सहायकों की पद रिक्त

मोतीचक विकास खंड के 17 गांवों में पंचायत सहायक का पद खाली चल रहा है। पिपरैचा, सोनबरसा, अथरहां, गौनरिया, पकड़ी, राजपुर, सितूहिया, लंगड़ी, डुमरी, फर्द मुंडेरा, खैरेटवा, पैकौली, तेलगांवा, मठिया उर्फ अकटहां, पोखरभिंडा-1, झांगा व पोखरभिंडा नंबर 2 आदि गांवों में पंचायत सहायकों का पद खाली है।

## बीआईटी गीडा के छात्र ने इनोबेशन और स्टार्टअप प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान




**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** बीआईटी गीडा गोरखपुर के छात्र आकाश गुप्ता ने आईआईएम बोधगया में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय इनोबेशन एवं स्टार्टअप प्रतियोगिता में अपने प्रोजेक्ट की प्रस्तुति करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रबन्ध पाठ्यक्रम के सर्वोत्तम संस्थानों में से एक आईआईएम बोधगया में देश भर के संस्थानों के सैकड़ों की संख्या में प्रतियोगियों ने प्रतिभाग में हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों को पछाड़तें हुए अपने सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट एवं उसके व्याख्यान के प्रदर्शन के दम पर रूपये 50,000 हजार रुपया नगद एवं स्मृति चिन्ह सहित पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर संस्थान के अध्यक्ष डा0 आर0ए0 अग्रवाल व सचिव डा0 रजत अग्रवाल ने कहा कि छात्रों को बी0आईटी0 संस्थान में प्रदान की जाने वाली शिक्षा प्राद्यौगिकी व तकनीकी के साथ साथ रोजगार परक एव व्यावसायिक दृष्टिकोण से युक्त है। कार्यक्रम में कालेज के निदेशक प्रशासन-दीपक अग्रवाल, निदेशक एच0आर0 संतोष त्रिपाठी, निदेशक फार्मेसी डॉ0 आशीष सिंह, निदेशक बी0आई0टी0 प्रो0 अरविन्द पाण्डेय, निदेशक बी0डी0सी0 डा0 अभिषेक त्रिपाठी, निदेशक डिप्लोमा ई0 अभिनव श्रीवास्तव कार्यक्रम समन्वयक, ई0 अंकुर कुमार सहित सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

## प्राण प्रतिष्ठा की गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पाली ब्लाक के ग्राम माधोपुर में श्री राम जानकी मंदिर में शिव लिंग प्राण प्रतिष्ठा का वैदिक मंत्रों के साथ विधि विधान पूर्वक पूजन कराने के बाद गाजेबाज़ साथ भव्य कलश निकाली गई। कलस यात्रा अखुआपार, बरईपार तेतरिया, देवस्थल शिव मंदिर, पाली व डोहरिया होते हुए प्राण प्रतिष्ठा स्थल पर पहुंची। शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम विद्वान ब्राह्मणो द्वारा मंत्रोचारण कर सम्पन्न कराया गया। कलस यात्रा में बच्चें, महिलाएं, बुजुर्ग, कन्याए भगवान भोले नाथ के हर-हर महादेव के गगनभेदी नारे लगा रहे थे। कलस यात्रा में नागेन्द्र सिंह, दवेंद्र सिंह, जय प्रकाश सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, राजेश सिंह, अनिरुद्ध सिंह, संतोष सिंह, विकास सिंह, अनिल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह, बालचन्द्र सिंह, टुनटुन सिंह, सुनील सिंह, संजय सिंह, हरि प्रताप सिंह, जंगबहादुर सिंह, अजीत सिंह, शैलेंद्र गुप्ता एवं समस्त सिंह परिवार व समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहें।

## रोजगार मेले में 35 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** उप्र कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में डीडीयूजीकेवाई योजना के तहत जनपद के भादर ब्लॉक में कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में लाल विजयानन्द महाविद्यालय के विद्यालय प्रबन्धक विभोर द्विवेदी के द्वारा किया गया एवं रोजगार मेले में 03 प्लेसमेंट कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 73 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया तथा 35 प्रशिक्षुओं को रोजगार प्रदान किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में जिला समन्वयक आर के अग्निहोत्री प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह जिला कौशल प्रबन्धक संदीप कुमार सिंह मृत्युन्जय तिवारी एवं सेन्टर इंचार्ज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एसडीएम और सीओ ने किया फ्लैग मार्च



**गौरीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए उपजिलाधिकारी गौरीगंज अभिनव कनौजिया व पुलिस क्षेत्राधिकार गौरीगंज मयंक द्विवेदी ने मंगलवार को कस्बा जामों में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होंने कस्बे में पैदल चलकर लोगों से आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान शांतिपूर्ण ढंग से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया। इसके उपरांत उन्होंने संवेदनशील बूथ पूरे चितई का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रुबरु हुए कार्यकर्ता

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सौजन्य से पिपरौली ब्लाक मुख्यालय के मुख्य सभागार में शक्ति वंदन अभियान का विधिवत समापन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहजनवां के भाजपा विधायक प्रदीप शुक्ला ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के अंतिम तबके तक भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्य ,उसकी नीतियों को पहुंचाना हम कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम नरेंद्र मोदी के विचारों को भी सुने। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख दिलीप कुमार यादव, जिला पंचायत सदस्य राम बुझारत पासी, ग्राम प्रधान चंद्र कुमार सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय यादव ,धर्मराज गौंड ,सुनील निगम, संजय सिंह, अमित पांडेय, पारसनाथ,विजय पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आज व्यापारी बंद रखेंगे दुकानें, सौंपेगे ज्ञापन

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना चौराहे के नेशनल हाईवे पर प्रशासन द्वारा कट बंद करने से व्यापारियों के हो रहे नुकसान के विरोध में सहजनवा के व्यापारी वृहस्पतिवार को अपनी दुकानें बंद कर विरोध जताएंगे तथा सामूहिक रूप से व्यापारी मार्च निकालकर उपजिलाधिकारी सहजनवा को ज्ञापन सौंपेगे। बुधवार को व्यास मण्डल अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने बैठक किया। बैठक को संबोधित करते हुए पुरुषोत्तम अग्रवाल ने कहा की थाना चौराहे के नेशनल हाईवे पर बने कट को प्रशासन द्वारा जबरजस्ती बंद कर दिया है। जिससे व्यापारियों के सामान और ग्राहकों का आना जाना पूरी तरह बंद हो चुका है। ग्राहकों के न आने से व्यापारियों को काफी नुकसान पहुंच रहा है।

## महाशिवरात्रि को लेकर सजे शिवालय

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिले में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही धूमधाम से पारंपरिक तरीके से मनाया जाता है। जिसको लेकर तैयारियां तेजी से चल रही है। शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है पूजा पाठ की विधिवत तैयारी की जा रही है। 8 मार्च को भोर से ही शिवालयों में जलाभिषेक का क्रम शुरू होगा। कहीं-कहीं विशाल मेले का भी आयोजन होता है। जैसे मुकुट नाथ धाम बाबा दुखहरण नाथ धाम जागेश्वर नाथ धाम महादेवन गोसाईगंज कालिकन देवीपाटन दुर्गन भवानी गढ़माफी सहित ग्रामीण अंचल में स्थित विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक किया जाता है। जिले से बड़ी संख्या में लोग जनपद की सीमा पर स्थित बाबा घुइश्मेश्वर नाथ का दर्शन करने और जलाभिषेक के लिए जाते हैं।

## भाजपा के लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत विराजमार गांव का किया भ्रमण



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** भाजपा के लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत बूथ संख्या 114 सलेमपुर के विराजमार गांव भ्रमण किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने इस बूथ में लाभार्थियों का सत्यापन भी किया और सरल एप के माध्यम से उन्हें अपडेट किया। इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से संचालित पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सौभाग्य योजना, स्किल ट्रेनिंग, आयुष्मान योजना और राज्य सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूह, कृषि विभाग इत्यादि से विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत कर लाभार्थी का फीडबैक लिया और उनकी सहमति के बाद उनके घर के बाहर फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार के स्टीकर लगाये। इस दौरान राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने मोदी सरकार की ओर से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से दी गई जानकारी के पत्रक भी वितरित किया। राज्यमंत्री ने लाभार्थियों के फोन से पत्रक में दिये गए मोबाइल नम्बर पर मिस काल भी कराई और लाभार्थियों के साथ सेल्फी भी ली। उन्होंने कहा कि देश एवं प्रदेशवासी केंद्र और राज्य की किसी न किसी विकास योजना से लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के ध्येय वाक्य के साथ कार्य कर रहे हैं। इस दौरान जिलामंत्री अभिषेक जायसवाल, अमरेश सिंह बबलू, रविप्रकाश सिंह, अमित सिंह, अनूप उपाध्याय, प्रकाश पाण्डेय, ब्रहमा मिश्र, पंकज पासवान आदि मौजूद रहे।

## पीएम मोदी ने स्वीकार किया अभिवादन फिर हेलीकाप्टर से बेतिया को हुए रवाना



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर पहुंचे जहां जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने अभिवादन किया जिसे पीएम मोदी ने स्वीकार किया और कुछ ही समय में बिहार के बेतिया के लिए रवाना हो गए। बता दें कि नियत समय से एक घंटा 20 मिनट देर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष विमान 3 बजकर 20 मिनट पर कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा। विमान से निकलते ही वे पहले से खड़े हेलीकाप्टर की ओर बढ़े। इस दौरान खड़े जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का अभिवादन दूर से ही स्वीकार किए और पांच मिनट बाद ही बेतिया के लिए उड़ान भर दिए। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे तो मीडिया का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहा। प्रधानमंत्री को पहले यहां 2:40 बजे आकर 2:45 बजे जाना था। बाद में कार्यक्रम परिवर्तित हो गया। बदले शेड्यूल के अनुसार उनको कोलकाता एयरपोर्ट से 12:30 पर वायु सेना के विमान से चलकर 2 बजे कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट आना था। इसी शेड्यूल के तहत अधिकारी व जनप्रतिनिधि पहुंच गए। इस दौरान मीडिया का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहा।

## नारी वंदन अभियान का हुआ समापन

**अमेठी।** डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला ने बताया कि आज नारी शक्ति वंदन अभियान समापन कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन गौरीगंज के प्रेरणा सभागार सहित समस्त विकास खण्डों में किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के आनलाइन संवाद कार्यक्रम में महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्य ग्राम संगठन सीएलएफ एवं प्रोड्यूसर ग्रुप के पदाधिकारी शामिल हुए तथा उत्कृष्ठ कार्य करने वाले 04 महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं बैंक लिंकेज के लिए 03 महिला स्वयं सहायता समूहों को डेमो चेक का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिला महामंत्री केशव सिंह जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह उपायुक्त स्वतः रोजगार प्रवीना शुक्ला एनआरएलएम के समस्त जिला मिशन प्रबन्धक सहित ब्लाक मिशन प्रबन्धक कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे।

## जनपद के 33 स्थानों पर जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने सुना मोदी का लाइव प्रसारण

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत की पहली अंडरवॉटर मेट्रो सेवा का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम मोदी पश्चिम बंगाल के बारासात में नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए जिसका लाइव प्रसारण भारतीय जनता पार्टी की जनपद इकाई द्वारा 33 स्थानों पर आयोजित किया गया।

नगर पालिका परिषद देवरिया के सभागार में जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, नपा अध्यक्षा अलका सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, नीरज शाही, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मोदी का लाइव प्रसारण सुना। इस दौरान जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है आज भारत में भी चाइना और जापान की तरह पानी के अंदर मेट्रो ट्रेन चलाने का कार्य मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी के बंगाल के बारासात में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विशाल भीड़ इस बात का प्रमाण है कि बीजेपी किस तरह नारी शक्ति को विकसित भारत की शक्ति बना रही है। 9 जनवरी को बीजेपी ने देशभर में शक्ति वंदन अभियान शुरू किया। इस दौरान लाखों लोगों से संवाद पूरे देश में स्वयं सहायता समूहों का काम किया गया और आज पश्चिम बंगाल में स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के लिए एक बहुत बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। गौरी बाजार में लाइव प्रसारण देखते हुए एमएलसी डा रतनपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को आधुनिक देशों की कतार में लाकर खड़ा कर दिया है यही मोदी के विकसित भारत की गारंटी है। मोदी के इस लाइव प्रसारण को बैतालपुर में सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, भाटपार रानी में सभाकुंवर कुशवाहा, रुद्रपुर में जय प्रकाश निषाद, तरकुलवा में जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी, भटनी में रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं संग देखा।

## विजेता प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

अवधनामा संवाददाता




**अमेठी।** नगर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह व विभिन्न परियोजनाओं का उद्धाटन व शिलान्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी रही।

सभी विजेताओं को केंद्रीय मंत्री द्वारा पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि अमेठी ने मात्र साल 2019 में भारत की राजनीति में इतिहास नहीं रचा बल्कि आज चाहे वह लोकसभा क्षेत्र का सलोन विधानसभा क्षेत्र हो तिलोई हो जगदीशपुर हो गौरीगंज अथवा अमेठी विधानसभा विशेष में महिलाओं ने जिस बड़ी संख्या में खेलकूद में प्रतिभाग किया है। जो इतिहास गढ़ा है। मैंने देखा वह अमेठी में कभी संभव नहीं हो पाया। पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी जी के आदेश के अनुसार उनकी प्रेरणा से अमेठी लोकसभा क्षेत्र में पहली बार साँसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के सानिध्य में किया गया। प्रधानमंत्री के एक आवाह्न पर अमेठी का एक-एक नौजवान खेल की दुनिया में अपना जौहर दिखाया है। उन्होंने कहा कि मुझे आज भी याद है जब मुख्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पधारे थे तब वह स्तब्ध थे हमारी संख्या को देखकर। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खेल के साथ मंच पर भी महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाना है इसके लिए मोदी जी ने 33 फीसदी आरक्षण का बिल देश की संसद में पारित कराया। स्मृति ईरानी ने कहा कि आज 281 परियोजनाएं हम जनता को समर्पित कर रहे हैं। 620 किलोमीटर की लंबाई की सड़के जिसकी कुल लागत है 206 करोड रुपए है हमारी लक्ष्मी स्वरूप बहनों के सानिध्य में लगभग 270 करोड़ का काम हम अमेठी लोकसभा क्षेत्र को समर्पित कर रहे हैं। कहा कि इस बार हम तीसरी बार नरेंद्र भाई के सानिध्य में देश में सरकार बनते देखने जा रहे हैं।

## हाई स्कूल चित्रकला में 4141 ने छोड़ दी परीक्षा

**कुशीनगर।** बोर्ड परीक्षा के नौवे दिन बुधवार को 150 केंद्रों पर परीक्षा संपन्न हुई। इसमें हाई स्कूल चित्रकला विषय में 4141 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दिया। इसी तरह द्वितीय पाली में 394 सहित कुल 4565 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा मिली जानकारी के अनुसार प्रथम पाली हाई स्कूल चित्रकला विषय में कुल 59179 छात्र पंजीकृत थे जिसमें से 4141 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इंटर व्यवसायिक अध्ययन में कुल 606 छात्र पंजीकृत थे जिसमें से 30 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 131 केंद्रों पर परीक्षा संपन्न हुई जिसमें इंटर इतिहास विषय में 5292 छात्र पंजीकृत थे। जिसमें से 363 अनुपस्थित रहे। इंटर कृषि अभियंत्रण में कुल 239 पंजीकृत थे जिसमें 27 व इंटर कृषि पशुपालन विषय में 240 छात्र पंजीकृत थे जिसमें से 4 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 4565 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। परीक्षा सकुशल एवं नकलविहीन कराने के लिए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट भ्रमण करते रहे।

## रिकॉर्ड रूम का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित अभिलेखागार/रिकॉर्ड रूम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रखे गए अभिलेख, बस्तों, मुआयना कक्ष, प्रतिलिपि कक्ष, तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने प्रभारी अधिकारी रिकॉर्ड रूम को निर्देशित किया कि विद्युत उपकरण से संबंधित कंप्यूटर आदि रिकॉर्ड रूम से थोड़ा दूर भिन्न कमरे में पार्टीशन करके स्थापित करें जिससे कि शॉर्ट सर्किट या अन्य दुर्घटनाओं से बचा जा सके, अभिलेखागार स्थित अभिलेखों की निरंतर साफ सफाई करने, अग्निशामक यंत्रों की वैध्यता की नियमित निरीक्षण करने, रेकों की संख्या बढ़ाने और बाहर स्थित कक्ष में पार्टीशन कर बैठने की उचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा की जहां अभिलेख रखे है किसी अन्य बाहरी व्यक्तियों को बिना अनुमति के प्रवेश न करने दें। अभिलेखों के साथ साथ विद्युत उपकरणों की भी ध्यान रखे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी महात्मा सिंह, अनिल कुमार यादव, कलेक्ट्रेट नाजिर राज कुमार गुप्ता, आदि जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किसानों की लहलहाती फसल चौपट कर रहे आवारा पशु

**अमेठी।** जिले के विभिन्न गांवो में आवारा पशुओं की समस्या आज भी बरकरार है। इस समय गेहूं की लहलहाती फसल आवारा पशु चौपट कर रहे हैं। लोक सभा चुनाव की दुंदुभी बजने वाली है। सभी दल एक बार फिर जनता को लुभाने की कवायद में जुट गए हैं लेकिन जिले के अन्नदाता आज भी आवारा पशुओं की समस्या से नहीं उबर पा रहे हैंसर्द रात में भी किसान रतजगा कर अपने फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। जिले के गांव और नगर में आवारा पशुओं का कहर कम नही हो रहा है। ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह आवारा पशु झुंड के झुंड नज़र आते हैं कहीं-कहीं तो इनकी संख्या बहुत ज्यादा रहती है। रात के समय ज्यादातर आवारा पशुओं का झुंड सड़कों पर ही देखा जा रहा है। जिससे आवागमन भी पूरी तरीके से बाधित हो जाता है इन्हीं आवारा पशुओं के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में भी इजाफा हुआ है। किसानों को रात-रात भर जागकर अपनी फसलों की सुरक्षा इन आवारा पशुओं से करनी पड़ रही है इन सभी समस्याओं से जूझ रही आम जनता की बातों को कोई भी सुनने वाला नहीं है।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में एमपी शिक्षा परिषद का महत्वपूर्ण योगदान : महेंद्रपाल सिंह

अवधनामा संवाददाता

- महायोगी गोरखनाथ विवि में सात दिवसीय निशुल्क सिलाई-कढाई प्रशिक्षण का शुभारंभ



**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सौजन्य से महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में सात दिवसीय निशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण एवं मुफ्त सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का बुधवार को विश्वविद्यालय में शुभारंभ हुआ।

नारी स्वालम्बन के दृष्टिकोण से आयोजित इस कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पिपराइच के विधायक महेंद्रपाल सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का यह अभियान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला है। विधायक श्री सिंह ने कहा इस परिषद ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में सिर्फ शिक्षा की ही अलख नहीं जगाई है बल्कि संस्कृति, राष्ट्रीयता, चिकित्सा सेवा और स्वावलंबन की दिशा में यह प्रेरणा पुंज है। महिला प्रशिक्षणर्थियो को आत्मनिर्भर बनने का संकल्प दिलाते हुए उन्होंने कहा कि आप सबको जागरूक होकर अपनी शक्ति का एहसास करना होगा। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण लेकर आप सबके घर परिवार को आर्थिक संबल देने में आगे आ सकती हैं। श्री सिंह ने कहा कि सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण से खुद के बनाए उत्पाद को भी बाजार में उतारा जा सकता है। इसमें काफी सफलता भी मिलेगी क्योंकि बाजार में तेजी से बदलाव हो रहा है। अब लोकल फॉर वोकल से हस्तनिर्मित सामान भी अंतराष्ट्रीय बाजार में अपनी जगह बना रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने कहा कि नारी शक्ति वैदिक काल से पूज्य रही है। आज नारी शक्ति अपने हुनर को पहचान कर स्वयं के पैरो पर खड़ी हो रही है। समाज में हर क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान रचने वाली महिलाएं किसी भी मायने में कम नही है। कुशल नेतृत्व और प्रशिक्षण से नारी अपने भविष्य के साथ घर परिवार को भी आर्थिक संबल दे सकती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षित महिलाएं टेक्सटाइल क्षेत्र में क्रांति लाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय ने महिलाओं को स्व रोजगार के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है।

### सीएम देंगे 221 महिलाओं को सिलाई मशीन का उपहार

महाराणा प्रताप परिषद द्वारा चलाए जा रहे नारी स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत परिषद के आर्थिक सहयोग और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय निशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण तथा मुफ्त सिलाई मशीन वितरण के कार्यक्रम में 8 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। इस दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सीएम योगी 221 प्रशिक्षित महिलाओं को निशुल्क सिलाई मशीन का उपहार प्रदान करेंगे। यह समारोह शुक्रवार दोपहर बाद महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय के सभागार में होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी की देखरेख में होने वाले समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल, विधायक महेंद्रपाल सिंह आदि भी मौजूद रहेंगे।

# समाज को सभ्य और शिक्षित बनाने का कार्य करता है शिक्षक: डॉ. प्रज्ञा

- शिक्षकों की समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का दिया आश्वासन

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संगठन के प्रांतीय निर्देश के क्रम में महानिदेशक स्कूल शिक्षा के दिए गए काले आदेश जिसमें एमडीएम, छात्राओं की ऑनलाइन हाजिरी, बिना सिम दिए टैबलेट का संचालन, टैबलेट को स्कूल में ना रखना व्यक्तिगत सुरक्षित रखने आदि अव्यावहारिक निर्देशके एवं शिक्षक समस्याओं का निस्तारण नहीं, करनेके विरोध में विधान परिषद सदस्य डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी को ज्ञापन भेंट किया गया। और अपेक्षा की गई कि वह शिक्षकों की समस्याओं को मुख्यमंत्री तक हमारी आवाज बनकर पहुंचाएंगी। इस अवसर विधान परिषद सदस्य डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी ने सभी शिक्षकों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उनका निराकरण करने में सहयोग करने का आश्वासन दिया। और यह भी कहा की बेसिक शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री तक आप सब की बातें गंभीरता के साथ रखी जाएगी। उन्होंने कहा शिक्षक समाज को सभ्य बनाने का कार्य करता है शिक्षक समस्या विहीन होना ही चाहिए। सभी मांगों को उचित फोरम पर रखने की भी बात कही। उन्होंने सभी शिक्षक प्रतिनिधियों को जलपान करायाऔर अपनी समस्याओं से अवगत कराने के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रांतीय संयुक्त मंत्री भूपेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष विद्या विलास पाठक, जिला महामंत्री डॉ प्रवीण श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष चित्तौरा अनीस अहमद, कोषाध्यक्ष कैसरगंज व जिला कार्यकारिणी सदस्य आसिफ, कोषाध्यक्ष शिवपुर प्रेमकांत यादव जिला मीडिया प्रभारी भानु प्रताप मिश्रा,आशुतोष त्रिपाठी, रवि शेखर, लेखाकार चित्तौरा अंजनी पांडे, मनोज उपाध्याय,जिला संयुक्त मंत्री यादवेंद्र यादव बाबूलाल मौर्य, सुभाष वर्मा, जिला ऑडिटर इज़हारुल, आदि शिक्षक नेता उपस्थित रहे।

## छह माह से आउटसोर्स कर्मियों को नहीं मिला वेतन

**ललितपुर।** सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को पिछले 6 माह का बकाया वेतन दिलाये जाने की मांग को लेकर आज कर्मचारियों ने डीएम को संबोधित एक ज्ञापन एडीएम अंकुर श्रीवास्तव को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि सभी आउटसोर्स कर्मचारी सेवा प्रदाता कम्पनी के माध्यम से कई वर्षो से सेवाएं दे रहे हैं। बताया कि पिछले माह सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर और माह जनवरी व फरवरी से छह माह का वेतन नहीं दिया गया है। इसको लेकर सीएमओ को भी पत्र दिया गया, लेकिन एक या दो माह का वेतन देकर मामले को दबा दिया जाता है। कर्मचारियों ने बताया कि समय से वेतन न मिलने पर उनके बच्चों की शिक्षा बाधित होती है और परिवार का जीविकोपार्जन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में आउटसोर्स कर्मचारियों ने पिछले महीनों का वेतन दिलाये जाने की मांग उठायी है। एडीएम को ज्ञापन देते समय खुशाल, अवध बिहारी, नरेन्द्र कुमार, विनीत कुमार, पंकज, सज्जन, अंकित रिछारिया, छक्कीलाल आदि मौजूद रहे।

# सभी तहसीलों पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

## बेमौसम बरसात और ओला वृष्टि से किसानों की चौपट हुई फसल का सरकार दे मुआवजा: अभिषेक सिंह राणा

- मुख्यमंत्री को सम्बोधित सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** बुधवार को उ.प्र कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर किसानों की समस्याओं को लेकर जनपद के बल्दीराय, सदर, लंभुआ, कादीपुर व जयसिंहपुर में कांग्रेसियों ने तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में जयसिंहपुर तहसील मुख्यालय पर भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं ने तहसील मुख्यालय पर एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया तत्पश्चात उप जिलाधिकारी विपिन कुमार द्विवेदी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। वहीं जनपद के सदर तहसील में शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में, बल्दीराय तहसील में इमरान मोनू, नंदलाल मौर्य व विभू पांडे के नेतृत्व में, लंभुआ तहसील में लालता पाठक, शक्ति प्रसाद तिवारी, चंद्रभान सिंह चुन्ना की अगुवाई में, कादीपुर तहसील में विश्वनाथ मिश्र और सर्वेंद्र बहादुर सिंह आदि के नेतृत्व में प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विगत दिनों संपूर्ण प्रदेश में हुई बे मौसम बरसात व ओलावृष्टि से किसानों की गेहूं, तिलहन, आलू, अरहर आदि खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, किसानी में प्रयुक्त खाद, पानी,बिजली संयंत्र की महंगाई से किसान पहले ही अत्यधिक परेशान है ऊपर से प्राकृतिक आपदाओं ने किसानों को कमजोर और लाचार कर दिया। वर्तमान में हुई बरसात ओलावृष्टि में हुए नुकसान की सरकार द्वारा भरपाई किए जाने हेतु मुख्यमंत्री ने कहा था लेकिन 24 घंटे के बजाए सैकड़ो घंटे बीत जाने के बाद भी अन्नदाता किसानों को कोई मुआवजा नहीं दिया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसान विरोधी है, एक तरफ देश व प्रदेश के किसान अन्नदाता महंगाई से परेशान है तो वहीं प्राकृतिक आपदाओं ने उन्हें कमजोर व लाचार कर दिया। प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान हुई किसानों की फसलों को 24 घंटे के भीतर उत्तर प्रदेश सरकार ने मुआवजा देने की बात कही थी लेकिन सैकड़ो घंटे बीत जाने के बाद भी किसानों को कोई मुआवजा नहीं मिला वहीं उन्होंने कहा कि ओलावृष्टि में बे मौसम बरसात से किसानों की चौपट हुई फसल को सरकार बिना देरी किए उन्हें मुआवजा दे अन्यथा कांग्रेस पार्टी इसके लिए बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर राजेश ओझा, हर्ष नारायण मिश्रा,वाल्मीकि सिंह, गणेश प्रसाद, जयप्रकाश पाठक, संजय कुमार पांडे, धनंजय शुक्ला, अभिनव श्रीवास्तव, जंगबाज खान, लोजन खान, बबलू शुक्ल, जगन्नाथ, माता प्रसाद सिंह, शिवम पाठक, शिवदयाल मिश्र, रमाशंकर गिरी, उमेश कुमार, इबरार खान, फिरतू राम आदि लोग कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

## एसबीआई से सांठगांठ कर चुनावी बॉन्ड छुपा रही सरकार: अंकित यादव

**ललितपुर।** भारत की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी की इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुये इसे रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना के तहत राजनीतिक दलों को प्राप्त चंदे का खुलासा करने के 6 मार्च तक निर्देश दिये थे। किन्तु भाजपा सरकार भारतीय स्टेट बैंक से सांठगांठ कर चुनावी चंदे को छुपाकर जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। यह बात एसबीआई के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकित यादव ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को डर है कि चुनावी चंदे को अगर सार्वजनिक कर दिया, तो उनके कई पूंजीपति मित्रों की जानकारी पूरे देश को हो जाएगी, इसलिए उन्होंने एसबीआई से सांठगांठ कर सुप्रीम कोर्ट के समक्ष आगामी 30 जून तक जानकारी देने का समय मांगा है।

# चित्तौरा सभागार में ग्राम प्रधान और सचिवों का प्रशिक्षण सम्पन्न

- मुमकिन फाउंडेशन बहराइच ने किया प्रशिक्षण का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद के विकास खंड चित्तौरा मुख्यालय पर आज मुमकिन फाउंडेशन बहराइच के तत्वाधान में अर्द्ध दिवसीय ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारियों का दो बैचो में प्रशिक्षण संपन्न हुआ इस प्रशिक्षण का उद्घाटन सहायक विकास अधिकारी (चार्ज) मंशाराम यादव ने किया उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बताया कि यह ट्रेनिंग बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि कोई भी सामग्री में हॉलमार्क का होना जरूरी होता है तभी उसे हम सही मानते हैं और वह सामग्री मानक के अनुरूप ही होना चाहिए प्रशिक्षण में प्रोजेक्टर के माध्यम से एक वीडियो क्लिप भारतीय मानक ब्यूरो पर दिखाई गई प्रशिक्षण देते हुए मास्टर ट्रेनर आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानों को भारतीय मानक ब्यूरो पर प्रशिक्षण देना नितांत आवश्यक था क्योंकि ग्राम पंचायत में जो भी निर्माण कार्य होते हैं उन्हें भारतीय मानक के अनुसार होना चाहिए इस प्रशिक्षण में भारतीय मानक ब्यूरो के सात चरणों के बारे में बताया गया प्रशिक्षण के दौरान संस्था प्रमुख संजय श्रीवास्तव मौजूद रहे उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी इस प्रशिक्षण में पहले बैच में 60 प्रतिभागियों तथा दूसरे बैच में 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया प्रशिक्षण के दौरान रजिस्ट्रेशन दिनेश कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## जनपद के बहु चर्चित चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड

**सुलतानपुर।** जिले के बहु चर्चित संविदा चिकित्सक हत्याकांड के मामले में जेल में निरुद्ध मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह व ड्राइवर दीपक सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए जनपद न्यायाधीश जेपी पांडेय ने आरोपों को गंभीर मानते हुए दोनों की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। वादिनी निशा तिवारी के अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय ने बताया कि कोतवाली नगर के शास्त्री नगर में बीते साल 23 सितंबर की शाम संविदा चिकित्सक डॉ.घनश्याम तिवारी शास्त्री नगर स्थित किराए के मकान में घर वापस लौट रहे थे। रास्ते में आरोपियों ने उन्हें पीटकर मराणासन्न कर ई-रिक्शे पर लादकर घर भेज दिया था। गंभीर रूप से घायल चिकित्सक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी।

# मुख्यमंत्री ने राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बलई गांव का किया लोकार्पण

- मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का विकास भवन में हुआ सजीव प्रसारण
- एमएलसी ने सीडीओ के साथ शिलालेख का किया अनावरण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा आयुष विभाग के अन्तर्गत निर्माण परियोजनाओं के तहत जनपद के सुदूर अंचल भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में रूपये 29.40 लाख की लागत से नवनिर्मित राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय बलई गांव का वर्चुअली माध्यम से लोकार्पण किया गया। मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा लोकभवन लखनऊ में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम का विकास भवन सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। सजीव प्रसारण के उपरान्त एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर के साथ शिलालेख का अनावरण किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ रंजन वर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी बलाई गांव डॉ सुधीर उपाध्याय सहित डॉ चेतन आनंद, डॉ उपेंद्र रावत, डॉ विजय गौतम, डॉ आशीष, डॉ संतोष, यूपीपीसीएल के प्रतिनिधि अमित, संजय त्रिपाठी, अनिल रावत, प्रवीण श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र, सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# नवागंतुक मण्डलायुक्त ने विद्यालयों में देखी व्यवस्थाएं

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नवागंतुक आयुक्त झांसी मण्डल विमल दुबे ने जनपद भ्रमण के दौरान श्रीवर्णी जैन इण्टर कॉलेज एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय रोड़ा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वर्णी जैन इण्टर कॉलेज में उपलब्ध मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी निर्वाचन को देखते हुए मतदेय स्थल बनने वाले प्रत्येक बूथों पर मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा लें, पोलिंग पार्टियों के ठहरने हेतु पर्याप्त साधन उपलब्ध रहें। उन्होंने विद्यालय के कक्षों का निरीक्षण किया, सम्बंधित स्टाफ से छात्रांकन आदि की जानकारी लेते हुए बच्चों का शैक्षिक स्तर परखा। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिये कि बच्चों के शैक्षिक स्तर को और अच्छा करने के लिए नवाचार करें।

# राज्य कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है पेंशन: तिवारी


अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** इंडियन पब्लिक सर्विस एम्पलाइज फेडरेशन के आह्वान पर जिलाधिकारी कार्यालय में कर्मचारी एवं शिक्षकों ने 2 घंटे का सत्याग्रह किया और मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष बीपी मिश्रा के आह्वान पर कर्मचारी शिक्षक कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संयुक्त तत्वावधान में ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा गया। ज्ञापन में पुरानी पेंशन को बहाल करने और राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन करने तथा लंबे समय से संविदा पर काम कर रहे हैं वेतन भोगी कर्मचारी का नियमितीकरण करने संबंधित तीन प्रमुख मांगों का मांग पत्र एवं कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा का विस्तृत मांग पत्र भी भेजा है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री केदारनाथ तिवारी ने पेंशन को बुढ़ापे की लाठी बताते हुए कर्मचारियों से इस मांग के संबंध में अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। राजकीय शिक्षक संघ के मंडली पदाधिकारी मजीद पठान ने मोर्चा का मांग पत्र पढ़ा। राजकीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की आवश्यकता पर बल दिया। शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी ने कहां कि कोरोना कल में शिक्षक कर्मचारियों का 18 माह का महंगाई भत्ता अवरुद्ध कर दिया गया था। आज सरकार की आर्थिक स्थिति ठीक है और यदि हम वास्तव में अपने देश को 5 ट्रिलियन इकोनामी की ओर ले जाना चाहते हैं तो कर्मचारियों को उनके हक की राशि नगद रूप में

## संक्षिप्त समाचार

### चावल लदा ट्रक हुआ अनियंत्रित, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर नही थम रहीं दुर्घटनाएं



**सुल्तानपुर।** आजमगढ़ से चलकर लखनऊ जा रहा चावल लदा ट्रक आखण्डनगर थानाक्षेत्र के निकट दुर्घटना का शिकार हो गया।रात्रि में चालक के अनुसार आगे जा रही गाड़ी द्वारा ब्रेक लगाने पर अचानक से उसे ब्रेक लगाना पड़ा, लेकिन चावल भरा होने के कारण भार अधिक होने से ट्रक अनियंत्रित हो गया। एमबीसीबी में जाकर ट्रक घुस गई, जिससे उसका अगला टायर भ्रष्ट हो गया और गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। चालक व अन्य लोग जो बैठे थे, कोई विशेष चोट नहीं लगी है। बताया जाता है कि दुर्लघटना ग्रस्त ट्रक ने लगभग 100 मीटर तक एमबीसीबी को क्षतिग्रस्त कर दिया है।

### मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना हमारा संकल्प



**सुल्तानपुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के मंत्रिमंडल में शपथ लेने के बाद पार्टी नेताओं को भी बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इस दौरान सुभाषपा अमेठी जिलाध्यक्ष एवं सुल्तानपुर प्रभारी सतीश मिश्रा के सुल्तानपुर आगमन पर स्वागत सत्कार कर उन्हे बधाई दी गई। वहीं औचारिक मुलाकात करने अपना दल एस कार्यालय पहुंचे सतीश मिश्र को अपना दल जिलाध्यक्ष अविनाश पटेल, उपाध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव, जिला महासचिव पंकज तिवारी, लंभुआ विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण वर्मा, बीजेपी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव बृज लाल वर्मा, निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश निषाद सहित तमाम लोगों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया और बधाई दी। इस दौरान सतीश मिश्र ने कहा हम सब एनडीए गठबंधन के सदस्य हैं और आने वाले लोकसभा चुनाव में किसी भी हाल में नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है और इसके लिए हम सभी संकल्पित हैं।

### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम हुआ आयोजित



**कुड़वार, सुल्तानपुर।** ब्लॉक परिसर सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समूह के पदाधिकारियों एवं कैडर्स के साथ आनलाइन सवांद किया गया।उन्होंने बताया कि महिलाओं को अपनी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्रामीण महिलाओं व समूह की महिलाओं की आजीविका तथा उनके मान सम्मान को व अपनी बहन बेटियों उनकी सुरक्षा गारंटी के लिए हमारी सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी है। नारी शक्ति वंदन के आनलाइन कार्यक्रम सवांद में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ बब्लू सिंह, भाजपा नेत्री व समाज सेविका मनीषा पांडेय, भाजपा के ओमप्रकाश बजरंगी, भाजपा कुड़वार मण्डल अध्यक्ष महावीर श्रीवास्तव ,ए डी ओ सुभाष सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी सन्तोष पाल, ग्राम विकास अधिकारी मुकेश सिंह, काफी संख्या मे महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सवांद को सुनने के लिए पहुंचीं।

### सोशल मीडिया प्लेटफार्म की निगरानी के लिए प्रशिक्षण संपन्न

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्यूटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, पोर्टल, व्हाट्सएप की निगरानी हेतु गठित टीम के लिए कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा. सी.के. वर्मा ने टीम के सदस्यों को आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म निगरानी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिये। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी गुलाम वारिस सिद्दीकी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुमित तिवारी, पुलिस उप निरीक्षक तीर्थराज, आरक्षी शशिकान्त गुप्ता व शिवम साहू मौजूद रहे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

पत्रांक : 1098(।)/न0पा0परि0सुल0/2023-24 दिनांक : 29/02/2024

## अति अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा 15वॉ वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि मद के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य कराये-जाने हेतु ठेकेदारों/फर्मों से दिनांक 12/03/2024 को सायं 3:00 बजे तक सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन ठेकेदारों की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति में 3.30 बजे नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य का भुगतान कर नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के निर्माण विभाग कार्यालय में दिनांक 11/03/2024 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ अलग-अलग धरोहर धनराशि एन0एस0सी0 / डी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के पक्ष में बन्धक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र साफ-साफ शब्दों एवं अंको में कार्य की कुल लागत पर प्रतिशत दर ठेकेदार के स्वयं के हस्ताक्षर सहित अंकित किया हुआ ही मान्य होगा। कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा, अन्यथा बिना नोटिस दिये जमानत धनराशि जब्त करते हुए ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। निविदा/निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त किये जाने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। कार्य के सम्बन्ध में अन्य जानकारियॉ किसी भी कार्यालय दिवस में पालिका के निर्माण विभाग से प्राप्त की जा सकती है। 5% जमानत धनराशि टेण्डर के साथ तथा शेष 5% जमानत धनराशि अनुबन्ध के समय जमा करना अनिवार्य होगा।

| क्र | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | आगणन धनराशि (लाख में) जी.एस.टी. सहित | धरोहर धनराशि | टेण्डर प्रपत्र का मूल्य + जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड गभड़िया में दिनेश शुक्ला के मकान से जगप्रताप मौर्या का घर होते हुए मो0 छितानू के मकान तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। (राज्य वित्त/पालिका निधि) | 717648.00 | 847000.00 | 36000.00 | 700+126 | 01 माह |
| 2 | वार्ड करौदिया में यशवंत सोनकर से सभासद महोदया के घर होते हुए कल्लू के घर तक इंटरलाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य। (15वॉ वित्त आयोग मद) | 490037.00 | 578000.00 | 24500.00 | 500+90 | 01 माह |
| 3 | नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के मुख्य भवन की रंगाई पुताई एवं मरम्मत कार्य। | 815900.00 | 995000.00 | 40800.00 | 800+144 | 01 माह |
| 4 | वार्ड विवेकनगर में धनंजय सिंह के मकान से शोभनाथ तिवारी के मकान तक रबड़मोल्ड इं0ला0 कार्य। (एम0एस0बी0 स्कूल के पास)। | 749689.00 | 884700.00 | 37500.00 | 800+144 | 01 माह |

**(लाल चन्द्र सरोज)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**सुलतानपुर।**

**(प्रवीन कुमार अग्रवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**सुलतानपुर।**


# डॉ. आकाश ने कर दी जटिल कॉस्मेटिक सर्जरी



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद के वरिष्ठ हड्डी सर्जन डॉ.आकाश खैरा ने एक महिला को नया जीवन दिया है। उसके नष्ट हो चुके अंगूठे को दोबारा जिंदा कर दिया है। इस नये ऑपरेशन से जनपद के चिकित्सा जगत में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। ऑपरेशन के दौरान सेवानिवृत्त सीएमओ डॉ.खेमचंद वर्मा निश्चेतना विशेषज्ञ ने ऑपरेशन थियेटर में विशेष सहयोग दिया। थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम जीरौन निवासी अनीता अहिरवार (38) को अपने घर में भैंस खोलते समय रस्सी हाथ में उलझ गयी और उसने अंगूठा पूरी तरह छतिग्रस्त कर दिया। इस दुर्घटना के बाद उनके अंगूठे में सिर्फ बाहर निकली हड्डी ही नजर आ रही थी। उनकी हालत नाजुक थी। सरकारी अस्पताल में उन्हें सिर्फ पट्टी करके चलता कर दिया गया था। जनपद के बाहर ले जा कर कॉस्मेटिक सर्जरी कराने के पैसे उनके पास नहीं थे। उन्होंने जब हड्डी रोग विशेषज्ञ सर्जन डा.आकाश खैरा से सम्पर्क किया तो उन्होंने सदनशाह चौराहा स्थित ऋषिराज अस्पताल में यह जटिल ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। डाक्टर ने प्लानिंग कर ऑपरेशन के दौरान पेट की जिन्दा खाल को अंगूठे पर चढ़ाकर कमाल कर दिया। वर्तमान में इस प्रयोग से अंगूठा जिन्दा हो गया है। जल्द ही उसे पेट की खाल से अलग कर दिया जायेगा। इस सफल ऑपरेशन पर चिकित्सा जगत में डा.खैरा की टीम को बधाइयों का ताँता लग गया है। इस ऑपरेशन में सहयोग करने वालों में शल्य विशेषज्ञ डा.योगेश शर्मा, ओम करन सिंह गौर, पवन प्रजापति, कमलेश प्रजापति, रोहित राजपूत, विनय कुशवाहा, सिस्टर सुषमा सेन आदि शामिल रहे।

# सी.सी. रोड का हुआ शिलान्यास, लोगों में हर्ष

अवधानामा संवाददाता

**सोनभद्र/चोपन।** स्थानीय नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो में बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने सीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास पूजा अर्चना करते हुए किया। नगर के वार्ड नं 02 में पानी टंकी के पास, वार्ड नं 09 में प्रमोद के घर के पास, वार्ड नं 04 में जयगुरूदेव के घर के पास और वार्ड नं 08 में मुर्तुजा के घर के पास सीसी सड़क निर्माण के शिलान्यास का कार्य शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने खुशी व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि नगर में विकास कार्य अपनी प्रगति पर है तथा नगर पंचायत नगर के विकास कार्यों को करने के लिए सदैव तत्पर रहेगी। सरकार के द्वारा चलाई जा रही विकास परक योजनाओं का लाभ सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के मूल मंत्र पर चलते हुए बग़ैर किसी भेदभाव के सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। नगर पंचायत चोपन विकास के परिदृश्य पर एक नया आयाम स्थापित करेगा आगे नगर में और भी कई विकास कार्यों का शिलान्यास करना है जो जल्द ही कराया जायेगा। इस मौके पर सभासद दिव्यविकाश सिंह, नागेंद्र यादव, अनिकेत रावत, लिपिक अंकित पांडेय, भाजपा नेता विकास चौबे, लवकुश भारती, अशोक सिंघल, जीतू सिंह, रंजीत सिंह, राधारमण पांडेय, रामनरेश चौधरी, शाहिद हुसैन, सत्यप्रकाश तिवारी, गणेश गौड़, बंटी सिंह, दीपक दुबे, मंसूर आलम, जितेंद्र पासवान, रोहित तिवारी, सुल्तान कुरैशी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



**सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के मूल मंत्र पर चलते हुए हो रहा विकास**

## हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का हुआ आयोजन

**बांदा।** ब्लाक संसाधन केंद्र महुआ-निपुण भारत मिशन योजना के तहत पूर्व प्राथमिक व प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा पर आधारित प्रयासों से जनसमुदाय को जागरूक करने के लिए ब्लाक स्तरीय-हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव प्राथमिक विद्यालय महुआ-2 में आयोजित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन व खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार पटेरिया के नेतृत्व में ब्लाक संसाधन केंद्र महुआ अंतर्गत निपुण भारत मिशन योजना के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षा आधारित प्रयासों से जनसमुदाय को जागरूक करने के लिए ब्लाक स्तरीय हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय महुआ-2 में मनाया गया। शशांक शेखर मिश्र, सौरभ आर्या, एसआरजी जयकिशोर दीक्षित हेड मास्टर प्राथमिक विद्यालय महुआ कार्यक्रम में आए आंगनवाड़ी के बच्चों व आंगनवाडियों और चयनित निपुण प्राथमिक विद्यालय के बुलाए गए बच्चों व उनके साथ आए शिक्षकों अभिभावक तथा समुदाय के सदस्यों तथा ग्राम पंचायत अध्यक्ष बेटालाल श्रीवास के साथ आए समुदाय के सदस्यों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी। सभी के लिए लेखाकार दानिश द्वारा चाय नाश्ते व भोजन की बेहतर व्यवस्था की गई। डा. आनंद कुमार एआरपी विवेक कुमार गुप्ता एआरपी बलभद्र राजपूत प्रधानाध्यापक सुनील कुमार सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय महुआ-2 के साथ मिलकर हिमांशु निगम, हर्षित, चन्द्रशेखर तिवारी आदि ने कार्यक्रम में भरपूर सहयोग दिया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

अवधानामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की, बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 को निष्पक्ष,पारदर्शिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाना है, निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिन भी अधिकारियों को जो भी दायित्व निर्धारित किये गये हैं, वह उसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगें और निर्वाचन से सम्बन्धित सभी तैयारियों को पूर्ण कर लिया जाये, जिन अधिकारियों को जो भी दायित्व सौपे गये हैं, वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी गाईड लाईन का भली-भॉति अध्ययन कर लें, जिससे कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़ें और निर्वाचन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ पूर्ण हों, इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए केन्द्रों पर निर्वाचन से सम्बन्धित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये, आदर्श आचार संहिता लगते ही समय से बैनर, पोस्टर, हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान शोसल मीडिया प्लेटफार्मों की विशेष निगरानी सुनिश्चित की जाये यदि गलत या भ्रामक जैसी खबरें प्रसारित होती है तो उस पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, सोशल मीडिया के निगरानी के लिए मुख्य विकास अधिकारी श्री सौरभ गंगवार नोडल अधिकारी नामित किया गया है और सहायक नोडल अधिकारी श्री अनिल कुमार गुप्ता जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को नामित किया गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वीप अभियान के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान जनपद में चलाया जाये और लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु जागरूक किया जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल/ सहायक नोडल अधिकारीगण को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान, मतगणना कार्मिक, सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट, माईक्रो आब्जर्वर, प्रभारी अधिकरी स्वीप, प्रभारी अधिकारी यातायात, ईंधन, रूट चार्ट, प्रभारी अधिकारी निर्वाचन सामग्री, प्रभारी अधिकारी मतपत्र,प्रभारी अधिकारी डिस्ट्रिक्ट प्लान, कम्यूनिकेशन प्लान, एसएमएस मानीटरिंग, खान-पान व्यवस्था, ई.वी.एम. प्रशिक्षण, एलएफसी, दिशा-निर्देश का सम्प्रेषण एवं समन्वय, मतदाता सूची, ई.वी.एम. सीलिंग, कन्ट्रोल रूम, शिकायत, व्यय लेखा, व्यय अनुवीक्षण, काल सेन्टर, आदर्श आचार संहिता, मीडिया सर्टिफाइन मानीटरिंग कमेटी, प्रेस मीडिया, प्रेक्षक व्यवस्था, कम्प्यूटराईजेशन पोलर्ड मानीटरिंग सिस्टम, टेन्टेज फर्नीचर एवं प्रकाश व्यवस्था, वीडियोग्राफी डिजिटल कैमरा, मतगणना व्यवस्था, सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा, वल्नरैबिल्टी मैपिंग, संवेदनशील/ अति संवेदनशील/ क्रटिकल बूथों का चिन्हींकरण, पेजयल, सफाई व्यवस्था, टेलीफोन व्यवस्था, कानून व्यवस्था, वेबकास्टिंग, दिव्यांग मतदाताओं के मतदान करने की व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित कर ली जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) सहदेव कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, मुख्य चिकित्सा धिकारी डॉ. अश्वनी कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# अनुसूचित महासम्मेलन के लिये वाहन हुई रवाना

**आगामी 7 मार्च को आगरा में होगा महासम्मेलन तैयारी पूर्ण**

अवधानामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिला मुख्यालय स्थित सदर ब्लाक परिसर से बुधवार को अनुसूचित जाति मोर्चा के आगामी 7 मार्च को आगरा में अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन को लेकर जाने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाई रवाना करते हुए जिला प्रभारी अनिल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, काशी क्षेत्र अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत। जिला प्रभारी अनिल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में अनुसूचित मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा मोदी योगी सरकार के जयकारे लगाते हुए बस को रवाना किया गया। अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारी के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता के मार्गदर्शन पर संगठन पदाधिकारी महासम्मेलन को लेकर उत्साहित दिखे और देश के चौमुखी विकास के साथ सबका साथ सबका विश्वास सबका विकास फिर एक बार भाजपा सरकार के नारों के साथ कार्यकर्ता हुए रवाना।




अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष सरजू बैसवार ने सभी पदाधिकारी को बताया कि आगरा में होने वाले अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन को लेकर संबंधित बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता महिलाओं के साथ यात्रा के लिए आज रवाना हुए जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को दिए गए जिम्मेदारियां का निर्वहन के लिए दो-तीन टीम में बना दी गई है जिससे कि रास्ते से लेकर आने जाने में किसी प्रकार से कोई दिक्कतों का सामना कार्यकर्ता पदाधिकारी को ना करना पड़े।

इस मौके पर दीपचंद महतो, मणिकर्णिका कोल,नीरज कनौजिया, आलोक रावत, राजेश भारतीय रूपेश कुमार, राजन चौधरी, गीत देवी, पन्ना लाल पासवान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला के पेट से बच्चे की जगह निकला तीन किलो का ट्यूमर

**भविष्य में महिला को मां बनने में नहीं होगी कोई समस्या**

अवधानामा संवाददाता



**बांदा।** रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज बाँदा के गायनी डिपार्टमेंट से एक बार फिर हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। मेडिकल कालेज में कुशल और अनुभवी डाक्टरों के आ जाने से पिछले कुछ वर्षों से लगातार एक के बाद एक ऐसे आपरेशन हो रहे हैं जिसे देख कर हर कोई हैरत में है। इसी कड़ी में गायनी डिपार्टमेंट में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डाक्टर नीलम सिंह एमएस गायनी (गोल्ड मेडलिस्ट) ने एक महिला की सफल सर्जरी करके उसके पेट से तीन किलो का ट्यूमर निकाल कर सबको हैरत में डाल दिया है। इस सफल आपरेशन की सबसे विशेष बात ये है कि डाक्टर नीलम सिंह ने महिला की बच्चेदानी को बड़ी कुशलता से बचा लिया ताकि महिला को भविष्य में मां बनने में कोई समस्या न हो।गिरवां थाना क्षेत्र के मुरवां गांव निवासी 36 वर्षीय छोटिया पत्नी राजू को पिछले कई महीनों से पेट मे गांठ थी, शुरू में तो बच्चे की संभावना थी लेकिन जब जांचें कराई तो बच्चेदानी से चिपकी हुई गांठ की पुष्टि हुई, छोटिया के पति राजू ने बताया कि कई जगह उपचार कराया लेकिन कहीं आराम नहीं मिला, राजू गरीब मजदूर है इस लिए वो पत्नी को कहीं दूसरे शहर नहीं ले जा सका कई महीने परेशान होने के बाद राजू को किसी ने डाक्टर नीलम सिंह के बारे में बताया तब राजू पत्नी को डाक्टर नीलम सिंह के वास ले गया नीलम सिंह ने छोटिया की जांचें कराई और आपरेशन कराने को कहा मरीज के सहमति के बाद मंगलवार को डाक्टर नीलम सिंह और उनकी टीम ने लगभग एक घण्टे की मेहनत के बाद छोटिया का सफल आपरेशन करके उसके पेट से तीन किलो का ट्यूमर निकाल दिया।

## 45 बेरोजगारों को विभिन्न कम्पनियों में मिली नौकरी

**हमीरपुर।** सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी हमीरपुर अवनीश कुमार उपाध्याय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार पूर्व निर्धारित सूचना एवं विज्ञप्ति के अनुसार आज दिनाक 06.03.2024 को जिला सेवायोजन कार्यालय, हमीरपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें ब्राइटफ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0 लखनऊ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस लि0 हमीरपुर, नेक्सा सिक्योरिटी गार्ड प्रा0लि0 एवं शिवशक्ति बायो टेक्नोलॉजी लिमिटेड लखनऊ द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागी कम्पनी ब्राइटफ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रालि, द्वारा 12, एसबीआई. लाइफ इंश्योरेंस लि हमीरपुर, द्वारा 6 एवं नेक्सा सिक्योरिटी गार्ड प्रालि. द्वारा 13 एवं शिवशक्ति बायो टेक्नोलॉजी लिमिटेड लखनऊ द्वारा 14 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया।

# आदर्श महाविद्यालय सलखन में छात्र/छात्राओं को स्मार्टफोन किया गया वितरण

अवधानामा संवाददाता

**चोपन/सोनभद्र।** आदर्श महाविद्यालय सलखन मे बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वपूर्ण योजना उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा में अध्ययनरत युवाओं को तकनीकी सहायता हेतु टैबलेट / स्मार्टफोन के निःशुल्क वितरण के तहत तृतीय चरण में 106 छात्र/ छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी, महाविद्यालय के संस्थापक हाजी वकील अहमद द्वारा दीप प्रज्जवलन कर माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना व स्वागत गान गाया गया वहीं महाविद्यालय के संस्थापक हाजी वकील अहमद द्वारा मुख्य अतिथि संजीव त्रिपाठी को बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया



। तत्पश्चात महाविद्यालय में पात्र छात्र /छात्राओं को क्रमानुसार मुख्य अतिथि संजीव त्रिपाठी द्वारा अपने हाथों से 106 छात्र/छात्राओं को निःशुल्क स्मार्टफोन का वितरण किया वहीं अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद देते हुए बच्चों को स्मार्टफोन की सही दिशा में प्रयोग करने की अपील की तथा मेहनत करते हुए आगे बढ़ने का भी आवाहन किया उन्होंने बताया कि कोरोना काल जैसे भीषण महामारी में कुछ गरीब बच्चे आनलाइन क्लास नहीं ले पा रहे थे जिसके फल स्वरूप उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इस योजना की शुरुआत की । कार्यक्रम का सफल संचालन कालेज की अध्यापिका बिन्दु कुमारी ने किया वहीं अन्त में आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य मुराद अहमद द्वारा आये हुए अतिथियों को धन्यवाद व आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शकील अहमद, सुनील चौबे, कय्यूम खान, विवेक पाण्डेय , राहुल पाण्डेय व आर.आर. आईटीआई के प्रधानाचार्य सद्दाम कुरैशी, सुनील कुमार,मनुजेन्द्र पाण्डेय व सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं व अभिभावक मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि को ले थाने पर शांति समिति की हुई बैठक



अवधानामा संवाददाता

**सोनभद्र/ चोपन।** स्थानीय थाना परिसर में बुधवार को आगामी त्योहार महाशिवरात्रि को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान सहित संभ्रात लोग पहुंचे, पुलिस ने सभी लोगों को महाशिवरात्रि पर्व को आपसी भाईचारा के साथ मनाने के लिए कहा और किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसके लिए भी लोगों से जानकारी ली। इस दौरान बैठक में थाना प्रभारी ने बताया कि शिवरात्रि के दिन क्षेत्र के शिव मंदिरों पर पुलिस पेट्रोलिंग कर निगरानी करेगी, सभी लोग त्योहार आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण रूप से मनाएं। त्योहारों पर किसी तरह का हुड़दंग ना मचाएं। शरारती तत्व हमेशा आपसी भाईचारा बिगाड़ने की फिराक में रहते हैं, कोई भी शरारती तत्व के बहकावे में ना आए और आपसी भाईचारा खराब ना करें। किसी भी तरह की घटना एवं दुर्घटना या आपात स्थित होने पर तुरंत डायल 112 या थाना पुलिस को सूचना दें। आगे उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ की सेवन करने से बचे, वही हिदायत दी की अशांति फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एस आई उमाशंकर यादव, सत्यप्रकाश मौर्या, सलीम कुरैशी, रिजवान अहमद, बबलू इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# जो भक्तों के पापों का हरण कर ले वही हरिः पं. भूषण

अवधानामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा ब्लाक के बड़ी आबादी वाले गाँव नायकपुरवा इचौली में पूर्व विधायक युवराज सिंह के हाता में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। इस मौके पर कथा व्यास पण्डित आनन्द भूषण ने संगीतमय कथा वाचन कर भगवान की बाल लीलाओं के चरित्र का वर्णन किया। श्रोताओं से कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होती है। अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है। इसे ना तो कर्तव्य का अभिमान है और ना ही सुखी रहने की इच्छा, बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने यही लीला की, जिससे समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है। कन्हैया ने भक्तों के मन की चोरी की। उन्होंने तमाम बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को वात्सल्य प्रेम में सराबोर कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के जन्म लेने पर कंस उनकी मृत्यु के लिए राज्य की सबसे बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। राक्षसी पूतना भेष बदलकर भगवान कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है, परंतु भगवान उसका वध कर देते हैं। इसी प्रकार कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन कार्यक्रम की तैयारी करते हैं, परंतु भगवान कृष्ण उनको इंद्र की पूजा करने से मना कर देते हैं और गोवर्धन की पूजा करने के लिए कहते हैं। यह बात सुनकर भगवान इंद्र नाराज हो जाते हैं और गोकुल को बहाने के लिए भारी वर्षा करते हैं। इसे देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देखकर भगवान कृष्ण कनिष्ठ अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी लोगों को उसके नीचे छिपा लेते हैं। भगवान द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाकर लोगों को बचाने से इंद्र का घमंड चकनाचूर हो गया। मथुरा को कंस के आतंक से बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया। परीक्षित बने मधु हर्षराज सिंह इस मौके पर पूर्व विधायक युवराज सिंह ने बाल कृष्ण जी की आरती कर आशीर्वाद लिया श्रोताओ में ऋषिराज सिंह, प्रेम चंद्र गुप्ता, नवीन सिंह सीरज सिंह चुन्नु सिंह, अमन, सिब्बू सहित सैकड़ो श्रद्धालुओ ने कथा का आनन्द लिया।



# शिवहरे परिवार ने ली बीजेपी की शरण

अवधानामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** पिछले एक दसक से विभिन्न पार्टियों में सक्रिय राजनैतिक शिवहरे हरे परिवार नें आज आखिर कार भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम ही लिया इस बात की अटकलें पहले से ही लगाई जा रही थीं। सपा व्यापार सभा के नेता केशव बाबू शिवहरे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु शिवहरे और उनके पुत्र डिग्री कालेज संचालक दीपक शिवहरे ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। लम्बे समय से क्षेत्र में चर्चा का विषय बने रहने वाले पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और सपा व्यापार सभा के बड़े नेता केशव बाबू शिवहरे, उनके भाई विष्णु शिवहरे और पुत्र दीपक शिवहरे पर कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जिसके चलते नवम्बर महीने में सरकार ने इनकी अरबों रुपये की अवैध सम्पत्ति जब्त करने की कार्यवाही की थी जिसमें लखनऊ, बांदा, महोबा और हमीरपुर की अचल संपत्ति और बैंक खातों में पड़े रुपये शामिल है। जिसके बाद से ही इस परिवार के बीजेपी में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे थे, जिसके बाद पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु शिवहरे, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी केशव बाबू शिवहरे और उनके पुत्र दीपक शिवहरे ने बीजेपी की नीतियों और नरेंद्र मोदी पर भरोसा करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस परिवार के बीजेपी में शामिल होने से क्षेत्र की राजनीति प्रभावित होना तय है क्योंकि उक्त परिवार क्षेत्र की राजनीति में अच्छी दखल रखता है। जबकि इनके बीजेपी में शामिल होने से सपा को सबसे अधिक नुकसान होता दिखाई दे रहा है।



## 78 किसानों को राज्यमंत्री ने प्रदान की क्षतिपूर्ति

**बांदा।** ओलावृष्टि व अतिवृष्टि से जनपद की तहसील बबेरू, नरैनी और पैलानी के कुल 41 राजस्व ग्रामों के 6322 हेक्टेयर में फसल की क्षति होने की सूचना सम्बन्धित तहसीलों द्वारा उपलब्ध करायी गयी थी। किसानों की फसलों की हुयी क्षतिपूर्ति का आंकलन करते हुए 9,72,30,244 रुपए (नौ करोड़ बहत्तर लाख तीस हजार दो सौ चैवालिस रूपए) धनावंटन उपलब्ध कराये जाने के लिए राहत आयुक्त से मांग की गयी थी, जिसके कम में राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा उक्त धनराशि जनपद को उपलब्ध करा दी गयी है। तहसील पैलानी के सभागार में 87 किसानों को क्षतिपूर्ति का वितरण रामकेश निषाद राज्यमंत्री जल शक्ति द्वारा किया गया।

# आइजीआरएस रैंकिंग में हमीरपुर को लगातार दूसरी बार प्राप्त हुआ प्रथम स्थान

**प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में हमीरपुर को 115/115 अंक प्राप्त**

अवधानामा संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली जनसुनवाई की माह जनवरी व फरवरी-2024 में आईजीआरएस पोर्टल पर किए गए कार्यों के संबंध में रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें प्रदेश के जनपदों की रैंकिंग में जनपद हमीरपुर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

आईजीआरएस में की गई शिकायतों के निस्तारण में हमीरपुर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जनपद के 14 में से 13 थाने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में हमीरपुर को 115/115 फीसदी अंक मिले है। आईजीआरएस सेल में नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर सुनैना, का0 संजीव, का0 अंकित पाण्डेय व म0का0 अपेक्षा शिकायतकर्ताओं से फीडबैक प्राप्त कर कार्यवाही भी की गई। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के द्वारा प्राप्त प्रकरणों की सर्किल वार समीक्षा कर गुणवत्ता की जांच कराई गयी। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पुलिस टीम व राजस्व टीम के संयुक्त प्रयास से भूमि सम्बन्धी विवादों को समय पर गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करवाया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आईजीआरएस सेल में नियुक्त कर्मचारी व थानों पर नियुक्त आईजीआरएस कर्मचारियों को भविष्य में इसी प्रकार मेहनत और लगन से कार्य कर जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु उत्साहवर्धन किया गया।



# ई रिक्शा में सवार महिला का अज्ञात महिला ने पार किया पर्स

अवधानामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** नगर के सरकारी अस्पताल से बड़ा चौराहा की ओर ई रिक्शा में सवार होकर जा रही महिला के झोले में पड़े पर्स को रिक्शा में सवार अज्ञात महिलाओं ने पार कर दिया। वहीं पीड़ित महिला ने टप्पेबाजी की घटना की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को देकर अज्ञात महिलाओं के खिलाफ कानूनी कार्यवाही तथा टप्पेबाजी किये गये सामान को वापस कराने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के कम्हरिया गांव निवासी तसनीम बानों पत्नी शफीक अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को वह सरकारी अस्पताल से ईलाज कराने के बाद ई रिक्शा में सवार होकर बड़ा चौराहा की ओर जा रही थी जिसमें और भी अज्ञात महिलाएं बैठीं थीं। उसने बताया कि जब वह रिक्शे से उतरकर कम्हरिया की आटो में बैठी और अपना झोला देखा तो उसका पर्स गायब था जिसमें कान के सोने के बाला तथा नकद दो हजार रूपये और रेडमी का मोबाइल पड़ा था। वहीं घटना की लिखित तहरीर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को सौंपकर अज्ञात महिलाओं के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने तथा उसका सामान बरामद कराने की मांग की है। वहीं इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और दो महिलाओं को शक के आधार पर हिरासत में भी लिया गया है जिनसे पूंछताछ की जा रही है और जल्द ही पीड़ित को न्याय दिलाया जाएगा।

# महाविद्यालय में छात्र छात्राओं को वितरित किए गए स्मार्टफोन

अवधानामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी योजना डीजी शक्ति के अंतर्गत समस्त स्नातक के छात्र छात्राओं को महाविद्यालय में स्मार्ट फोन वितरण किए गए, जिससे स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। मौदहा के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मकरांव गांव में बने स्व सुंदर लाल शिवहरे डिग्री कॉलेज में बुधवार को बीए, बीएससी, बी-काम तथा बीएड के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय परिसर में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी मौदहा राजेश चंद्र एवं विशिष्ट अतिथि तहसीलदार बलराम गुप्ता के हाथों स्मार्टफोन वितरित कर स्मार्टफोन का सदुपयोग करने का पाठ पढ़ाया साथ ही बच्चों की पढ़ाई लिखाई में संघर्ष करने वाले अभिभावकों की भी सराहना करते हुए प्रदेश सरकार की योजनाओं का बखान किया। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि बुधवार को उनके महाविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक के अंतिम वर्ष के 604 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गये है। जिससे छात्र छात्राओं के चेहरे में खुशी दिखाई दी। वहीं इस कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन कुलदीप निषाद, मनीष गुप्ता, मनीष ओमर, रमेश शिवहरे सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा तथा कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ शिवकुमार गुप्ता ने किया।





# रामलला से जुड़ी विरासतों को मिल रहा पुनर्जीवन



अयोध्या में भव्य और दिव्य श्रीराम मंदिर रामलला का घर मात्र नहीं, विकास का वह पुंज है, जिसका प्रकाश दूर-दूर तक दिखाई देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान राम से जुड़े हर स्थल के विकास की जो परिकल्पना की है, वह अब चरितार्थ होने लगी है। प्रभु श्रीराम के चरण जहां-जहां पड़े, उन्हें जोड़कर रामायण सर्किट के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह सर्किट प्रदेश की वैश्विक पहचान को स्थायी बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। रामायण सर्किट में आवागमन के लिए एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों के माध्यम से बेहतर कनेक्टिविटी दी जा रही है। इससे जुड़े सभी शहरों में होटल, आवास की उन्नत सुविधाओं वाला विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। समग्र विकास के मूल में धार्मिक पर्यटन वह मंत्र है, जो योगी सरकार की प्राथमिकता है। इससे न सिर्फ रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं, बल्कि अल्पविकसित क्षेत्रों को भी नया स्वरूप मिल रहा है।



"जीवन का ऐसा कोई पहलू नहीं है, जहां हमारे राम प्रेरणा न देते हों। भारत की ऐसी कोई भावना नहीं है, जिसमें प्रभु राम झलकते न हों। जब श्रीराम का अभिषेक होता है, तो हमारे भीतर उनके आदर्श एवं मूल्य और दृढ़ हो जाते हैं। भगवान राम के अभिषेक के साथ ही उनका दिखाया पथ और प्रदीप्त हो उठता है।

**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री

## रामायण सर्किट : पर्यटन के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम

उत्तर प्रदेश में नई पर्यटन नीति के तहत प्रदेश में धार्मिक और प्राकृतिक स्थलों की बहुतायत संख्या को देखते हुए अलग-अलग सर्किट का विकास किया जा रहा है। इनमें से एक है रामायण सर्किट। रामायण सर्किट में अयोध्या, बिठूर (कानपुर), बिजेथुआ महावीरन (सुलतानपुर), चित्रकूट और शृंगवेरपुर (प्रयागराज) शामिल हैं।



अयोध्या दीपोत्सव के दौरान श्रीराम के रूप में सजे कलाकार का तिलक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ - (फाइल फोटो)

"आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अलग-अलग स्थानों पर रामायण सर्किट जैसी परियोजनाएं संचालित हैं, जो पर्यटन विकास की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के साथ ही नौजवानों के लिए रोजगार की सुविधा भी उपलब्ध करा रही हैं। डबल इंजन की सरकार में भारत के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक वैभव की पुनर्स्थापना हो रही है। श्री अयोध्या धाम में निर्मित प्रभु श्री राम का मंदिर भारत का 'राष्ट्र मंदिर' होगा।

**-योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

### चित्रकूट में ही भगवान श्रीराम ने बिताए थे वनवास के 11 वर्ष

उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर बसा चित्रकूट एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। यह स्थान पर्यटन के लिहाज से भी काफी प्रसिद्ध है। यहां की शांत नदियां लोगों को आकर्षित करती हैं। यह स्थान भगवान श्रीराम के लिए जाना जाता है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक भगवान श्रीराम ने अपने वनवास के 11 वर्ष यहीं बिताए थे। गुप्त गोदावरी चित्रकूट से करीब 18 किलोमीटर दूर है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान श्री राम यहां दरबार लगाते थे। इसके अलावा रामघाट और कालिंजर किला तथा कई ऐतिहासिक मंदिर हैं। चित्रकूट परम कुटीर के पास भरत-मिलाप मंदिर स्थित है। यहां पर भगवान श्री राम के पद चिह्न आज भी देखने को मिलते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में बुन्देलखण्ड विकास निधि के अंतर्गत जनपद चित्रकूट की 09 परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर 12.93 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय कर रही है।



### शृंगवेरपुर में शृंगी ऋषि के आश्रम में किया रात्रि प्रवास

रामायण और पुराणों के मुताबिक त्रेता युग में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्म तीर्थराज प्रयाग में गंगा तट स्थित शृंगवेरपुर धाम की वजह से ही हुआ था। संतान प्राप्ति की खातिर राजा दशरथ ने शृंगवेरपुर में ही शृंगी ऋषि से पुत्रेष्टि यज्ञ कराया था। शृंगवेरपुर में हुए इस पुत्रेष्टि यज्ञ की वजह से ही राजा दशरथ के यहां ब्रह्म रूपी भगवान श्री राम सहित चार पुत्रों का जन्म हुआ था। भगवान राम, माता सीता व लक्ष्मण वनवास के लिए जब अयोध्या से निकले थे, तब माता शांता व शृंगी ऋषि के आश्रम में रात्रि प्रवास किया था। अगले दिन उन्हें निषादराज गुह ने गंगा पार कराया था। श्री राम वनगमन पथ में स्थित प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम का योगी सरकार कायाकल्प कर रही है। श्रृंगवेरपुर धाम के कायाकल्प का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रदेश के धार्मिक और पौराणिक स्थलों को भव्य स्वरूप दे रही योगी सरकार द्वारा यहाँ धार्मिक एवं पर्यटन विकास कार्य कराये जा रहे हैं। श्रृंगवेरपुर के रामघाट मार्ग पर भव्य निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। यहाँ एक ऑटोडोरियम तथा राम कथा गैलरी का निर्माण भी हो रहा है। इसके अलावा यहां संध्या घाट व टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर भी स्थापित किये जा रहे हैं।



### बिठूर : यहां लव एवं कुश का हुआ था जन्म

बिठूर उत्तर प्रदेश में कानपुर के निकट स्थित एक छोटा सा धार्मिक शहर है। प्रभु श्रीराम द्वारा त्यागे जाने के पश्चात माता सीता को लक्ष्मण ने यहीं छोड़ा था। गंगा नदी के समीप ही वाल्मीकि का आश्रम है, जहां पर माता सीता ने लव एवं कुश को जन्म दिया था तथा उनका पालन-पोषण किया था। इसी स्थान पर लव एवं कुश ने श्रीराम के अश्वमेधयज्ञ के अश्व को रोका था तथा हनुमान को बंदी बनाया था। यहां आज भी वह स्थान स्थित है जहां महर्षि वाल्मीकि ने रामायण लिखी थी। योगी सरकार बिठूर में भगवान राम के पुत्रों के जन्मस्थान ऋषि वाल्मीकि आश्रम को भी संवार रही है।
आश्रम के जीर्णोद्धार के लिए सरकार ने 1.52 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।



### बिजेथुआ महावीरन : हनुमान जी ने यहां किया था कालनेमि का वध

बिजेथुआ महावीरन धाम लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यह पौराणिक स्थल सुलतानपुर जनपद के कादीपुर तहसील क्षेत्र में है। कहते हैं कि यह वह स्थान है, जहां त्रेता युग में हनुमान जी ने कालनेमि नाम के राक्षस का वध किया था। संकट से मुक्ति के लिए हर मंगलवार व शनिवार को यहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। लंबे समय से इस क्षेत्र विकास के लिए प्रतिबद्ध उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इसे रामायण सर्किट में शामिल कर लिया गया है। रामायण सर्किट में शामिल इस धाम के पर्यटन विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 10 एकड़ जमीन पर मेला परिसर, दर्शकों व श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।



### अयोध्या में बना भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर

अयोध्या वह स्थान है, जहां पर भगवान विष्णु ने 7वें अवतार भगवान श्रीराम के रूप में जन्म लिया था। रामायण में कहा गया है कि प्रभु राम का जन्मस्थान अयोध्या में सरयू नदी के तट पर है। यहां श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला अपने भव्य व दिव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। यह मंदिर 2.7 एकड़ भूमि में बन रहा है। मंदिर का पूरा परिसर लगभग 70 एकड़ भूमि में है। इस परिसर में इतनी जगह है कि लाखों भक्त एक साथ मंदिर में भगवान श्रीराम के दर्शन कर सकते हैं। राम मंदिर का निर्माण कार्य श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट की देखरेख में चल रहा है। इस मंदिर में राजस्थान के बंसी पर्वत के बलुआ पत्थरों का प्रयोग किया गया है। मंदिर का डिजाइन चंद्रकांत सोमपुरा ने बनाया है। नागर शैली में बनाए जा रहे इस मंदिर का प्रवेश द्वार पूर्व की ओर बना है, जो गोपुरम शैली में है।



## योगी सरकार युवा पीढ़ी को बताएगी मंदिरों की उपयोगिता

अयोध्या सनातन धर्म का केंद्र बिंदु बनने जा रहा है। यहां पर्यटन संस्कृति एवं धार्मिक रूप से सुनियोजित विकास का कार्य तेज गति से चल रहा है। सरकार देशभर के मंदिरों की गौरवगाथा को प्रदर्शित करने वाला विशाल संग्रहालय बनाने जा रही है। यूपी पर्यटन विभाग इसे लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने में जुट गया है। इस मंदिर संग्रहालय का निर्माण प्रभु श्रीराम की नगरी आयोध्या में किया जाना है। अपने स्थापत्य की भव्यता से परे, भारतीय मंदिर संस्कृति की अभिव्यक्तियां भी हैं। भारतीय संस्कृति की आत्मा का प्रत्येक घटक मंदिरों में मिलता है। भारतीय मंदिरों की इन बहुआयामी सोच को अब योगी सरकार मंदिर संग्रहालय के जरिये दुनिया के सामने लाने जा रही है।



अयोध्या स्थित राजसदन

अयोध्या में पांच एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित मंदिर संग्रहालय को लेकर योगी सरकार ने कदम आगे बढ़ा दिया है। भारतीय मंदिरों और शानदार मंदिर वास्तुकला के इस विशिष्ट संग्रहालय का निर्माण करने के पीछे यूपी पर्यटन विभाग का लक्ष्य है कि सनातन संस्कृति को समग्र रूप से परिलक्षित करने वाले मंदिर परिसरों के महत्व से दुनिया को परिचित कराया जाए। किसी मंदिर को किसी खास स्थान पर क्यों निर्मित किया गया और उनके निर्माण के पीछे के दर्शन के बारे में खासकर युवा पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य से ही अयोध्या में मंदिर संग्रहालय का निर्माण प्रस्तावित है। इसमें प्राचीन भारत की तकनीकी प्रगति, भारतीय मंदिरों को उनकी पूजा-पद्धति से जोड़ते हुए उनके महत्व को सामने लाना, शैक्षणिक संस्थान, जिसमें मठ और पीठम शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न शैलियों में निर्मित मंदिरों के उत्कृष्ट उदाहरणों को प्रदर्शित करना और भारतीय मंदिरों की स्थापत्य विरासत के बारे में दुनिया को बताना शामिल है।

## अयोध्या होगा अब आस्था के साथ पर्यटन का केंद्र

भगवान राम की नगरी अयोध्या की भव्यता अब लौट रही है। श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य व दिव्य राम मंदिर आकार ले चुका है। इसी के साथ धार्मिकता के संग अयोध्या नगरी पर्यटन के क्षेत्र में भी विकसित हो रही है। यही वजह है कि दूरदराज से आने वाले श्रद्धालु और पर्यटकों के लिए अयोध्या एक आकर्षण का केंद्र बनती जा रही है। दरअसल, आस्था के साथ-साथ भगवान राम की नगरी अयोध्या पर्यटन की दृष्टि से भी जानी और पहचानी जाएगी।



दीयों और फसाड लाइट की रोशनी में जगमगाते अयोध्या में सरयू नदी के तट

उत्तर प्रदेश में काशी जिस तरह तीर्थ यात्रियों के साथ-साथ पर्यटकों के लिए भी पसंदीदा स्थल है, ठीक उसी तरह योगी सरकार अब भगवान राम की नगरी अयोध्या को आस्था के साथ-साथ पर्यटन नगरी भी बना रही है। अयोध्या में वाटर क्रूज, वाटर टैक्सी, हाट एयर बैलून, वाटर स्पोर्ट्स जैसे आयोजन शुरू हो रहे हैं।

### पर्यटकों को लुभाने की तैयारी

जल्द ही अयोध्या आने वाले पर्यटक विश्वस्तरीय एडवेंचर स्पोर्ट्स तथा वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकेंगे। भगवान राम की नगरी में प्रवेश करते ही चारों तरफ बनाये गये भव्य द्वार और सरयू मां की अविरल धारा में बसी राम की पैड़ी धर्म नगरी होने का एहसास करा रही है।

### रामनगरी में घर की छतों पर खुलेंगे कैफेटेरिया

श्रद्धालुओं व पर्यटकों को अयोध्या के प्रति आकर्षित करने के लिए तरह-तरह की योजनाओं पर काम किया जा रहा है। दीपोत्सव तक सरयू में क्रूज का संचालन तो प्रस्तावित है ही, अब घर की छतों पर कैफेटेरिया खोलने की भी योजना आ गई है। इसके तहत नगर के मुख्य पथों पर कुछ घरों की छतों पर कैफेटेरिया खोले जाएंगे, जहां श्रद्धालु चाय और काफी समेत अन्य स्नैक्स का स्वाद चख सकेंगे। मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या आ रहे हैं। उनके रहने, खाने और उठने-बैठने की व्यवस्था की जा रही है। जन्मभूमि मंदिर के आसपास के क्षेत्रों को उनकी पौराणिक महत्ता के अनुसार सजाये जाने के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में आधुनिकता को भी ध्यान में रखते हुए जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ के समीप स्थित घरों में रूफ टाप कैफेटेरिया विकसित करने के लिए गृहस्वामियों को प्रेरित किया जा रहा है।



दीपावली पर्व पर फूलों से बनाई गयी राम-सीता की तस्वीर - (फाइल फोटो)

### मठ-मंदिरों के साथ पर्यटन स्थलों का विकास

अयोध्या के पौराणिक कुंडों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। गुप्तार घाट, दशरथ समाधि स्थल समेत सूर्य कुंड का अलौकिक दृश्य श्रद्धालुओं को इन दिनों खूब पसंद आ रहा है। इतना ही नहीं, सरकार का प्रयास है कि अयोध्या पर्यटन की दृष्टि से भी जानी और पहचानी जाए। यही वजह है कि अयोध्या में मठ-मंदिरों के साथ पर्यटन स्थलों को भी बढ़ावा मिल रहा है। अयोध्या में एक तरफ भव्य मंदिर पूर्णता की ओर बढ़ रहा है, तो पर्यटकों की संख्या भी बढ़ रही है।

### आसान होगी अयोध्या से चित्रकूट की राह

अयोध्या को चित्रकूट से जोड़ने वाला राम वन गमन पथ अब छह लेन का बनेगा। इससे यूपी के कई जिलों के अलावा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र व अन्य प्रांतों के लोगों को भी सुविधा होगी। रामायण सर्किट के नजरिये से भी यह बेहतर होगा। इस मार्ग को छह लेन में बदलने से रामनगरी से तीर्थराज प्रयाग व चित्रकूट तक श्रद्धालुओं का आवागमन बेहद सुगम हो जाएगा। आसपास के तमाम जिलों से कार्य व्यवसाय आसान होगा। मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों से बेहतर जुड़ाव सड़क मार्ग के जरिये हो सकेगा।



दीपोत्सव का मनमोहक दृश्य